kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष- 14 ❑ अंक- 138 ❑ शुक्रवार, 20 जून 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ- 12




लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज प्रतियोगिता के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर वन खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। नरेंद्र मोदी


तीन देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे मोदी 11

मुख्यमंत्री धामी ने योग दिवस से पहले किया योगाभ्यास 12


## संक्षेप

### इजराइल ने ईरान के दो हैवी वाटर परमाणु रिएक्टरों पर किया हमला

**तेहरान।** इजरायल ने ईरान में मार्कीजी प्रांत के अराक और खोंडब स्थित हैवी वाटर परमाणु रिएक्टरों ' हमला किया है। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। चैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अराक स्थित हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर को पहले ही खाली कर दिया गया था। रिसाव का कोई खतरा नहीं है। इज़राइल ने इस तरह के हमले की चेतावनी दी थी। ईरानी समाचार एजेंसी 'आईएसएनए' ने आज बताया कि ईरान के खोंडब स्थित हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर के पास इजरायल ने हमला किया। रिसाव का कोई खतरा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है,ल्ल अधिकारियों का कहना है कि रिएक्टर को पहले ही खाली करा लिया गया था।

### ईरानी हमले का निशाना सैन्य ठिकाने, अस्पताल नहीं : ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि दक्षिण इजरायल पर किये गये ईरानी हमलों का निशाना इजरायली सैन्य खुफिया ठिकाने थे और अस्पताल को निशाना नहीं बनाया था। ईरान की सरकारी समाचार समिति इरना ने गुरुवार को बताया कि मीडिया की कुछ रिपोर्टों में इस प्रकार की गलत जानकारी दी जा रही है। इरना के अनुसार, हमले इजरायली सेना के सी41 टेलीकम्युनिकेशन कॉर्प्स मुख्यालय और एक खुफिया इकाई पर किये गये थे। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि जिस अस्पताल की चर्चा हो रही है,वह धमाके के असर से प्रभावित हुआ। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ईरानी मिसाइल ने दक्षिण इजरायल के बेर्शेबा शहर में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस बीच इजरायली मीडिया ने टूटी हुयी खिड़कियों और काले धुएं की तस्वीरें भी जारी की हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने लोग घायल हुये हैं।

### युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्र नई दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्र सकुशल स्वदेश पहुंच गए। इन्हें ईरान से पहले अर्मेनिया पहुंचाया गया। वहां से हवाई जहाज से नई दिल्ली लाया गया। इनकी पहली उड़ान आज तड़के राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। इनको ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने अर्मेनिया पहुंचाने में मदद की। अपने बच्चों को ठीक-ठाक देखकर घरवाले खुशी से झूम उठे। इनमें से ज्यादातर छात्र जम्मू-कश्मीर के हैं।
ईरान से अपनी सरजमीं पर पहुंचे छात्र यासिर गफ्फार ने कहा कि वह अपने देश में आकर बहुत खुश है। ईरान के हालात बिलकुल भी ठीक नहीं हैं। छात्रा गजल ने इसके लिए भारतीय दूतावास का आभार व्यक्त किया है।

# जस्टिस वर्मा को हटाएं

## कैश केस : आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

एजेंसी



❑ 64 पेज की रिपोर्ट में कहा- स्टोर रूम पर जज और उनके परिवार का ही कंट्रोल था

नई दिल्ली। जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बीते मार्च महीने में आग लगने के बाद में बड़ी मात्रा में जले हुए नोट बरामद हुए थे। इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। इस जांच समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जीएस संधवालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की जज अनु शिवरामन शामिल थीं। इस जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट 4 मई को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना को सौंप दी थी। जिसे जस्टिस खन्ना ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भेजा था। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए, जिनकी जानकारी सामने आई है। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के बुरे व्यवहार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत जस्टिस यशवंत वर्मा पर बड़ी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जस्टिस वर्मा और उनके परिवार का दिल्ली स्थित उनके सरकारी बंगले में पाई गई बड़ी मात्रा में अधजली नकदी पर 'प्रत्यक्ष नियंत्रण' था। इस आधार पर कमेटी ने उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की है।

यह मामला 14 मार्च की रात 11:35 बजे शुरू हुआ, जब दिल्ली के लुटियंस ज़ोन में स्थित जज वर्मा के सरकारी आवास (30 तुगलक क्रेसेंट) में आग लग गई। दमकल कर्मियों और पुलिस ने आग बुझाई, लेकिन जब वे अंदर पहुंचे, तो वहां आधी जली हुई बड़ी मात्रा में ?500 के नोट पड़े मिले। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने इसे देखकर हैरानी जताई और कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इतनी नकदी एक साथ देखी।

रिपोर्ट में खासतौर पर उनकी बेटी की गवाही पर भी सवाल उठाए गए। समिति ने कहा कि उनकी बेटी एक आत्मविश्वासी, पढ़ी-लिखी, स्वतंत्र महिला हैं, और उनका यह कहना कि वे बिल्कुल घबरा गई थीं, विश्वसनीय नहीं लगता। रिपोर्ट में ● शेष पेज 11 पर

### रिपोर्ट में क्या कहा गया?

- ❑ नकदी जस्टिस वर्मा के अधिकृत बंगले के स्टोर रूम में मिली थी।
- ❑ स्टोर रूम पर वर्मा और उनके परिवार का प्रत्यक्ष नियंत्रण पाया गया।
- ❑ रात के समय आग लगने के बाद, 15 मार्च की सुबह नकदी को वहां से हटाया गया, यह मजबूत परिस्थितिजन्य साक्ष्य से सिद्ध हुआ।
- ❑ रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस वर्मा की तरफ से दिए गए स्पष्टीकरण, जैसे सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा नियंत्रण, अविश्वसनीय पाए गए।

## अतीक के बेटे की जेल में पकड़ी गई खातिरदारी

# डिप्टी जेलर और वार्डन निलंबित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो





लखनऊ। यूपी में माफियाओं और उनके घर वालों की जेल में अब भी बादशाहत कायम है। मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के बाद अब माफिया अतीक अहमद के बेटे अली की नैनी जेल में खातिरदारी पकड़ाई है। नैनी जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे के बैरक से कई प्रतिबंधित सामान बरामद हुए हैं। अली के पास कैश भी था। छापेमारी के दौरान उसने कैश जेल वार्डन को पकड़ा दिया लेकिन मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। डीजी जेल ने तत्काल एक्शन लेते हुए जेल वार्डन और डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया है। डीआईजी जेल को पूरे मामले की जांच सौंपी है।

नैनी जेल में अतीक अहमद के 60 से ज्यादा गुर्गे बंद हैं। अली के बैरक की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी होती है। इसके बाद भी जेल अफसरों और कर्मचारियों की मिलीभगत से अपराधी जेल में भी मौज काट रहे हैं। इससे पहले चित्रकूट जेल में मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की खातिरदारी का मामला पकड़ाया था। अफसरों की मिलीभगत से अब्बास अंसारी रोज अपनी पत्नी से जेल के खास कमरे में मुलाकात करता था। कई घंटे दोनों साथ रहते थे। प्रशासन की टीम ने अचानक छापेमारी कर अब्बास की पत्नी निकहत को भी जेल के उस खास कमरे से पकड़ा था। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। अब्बास को कासगंज जेल भेज दिया गया था। इसके बाद कई जेल अधिकारियों को निलंबित किया गया था। माना जा रहा है कि अब्बास अंसारी के मामले की तरह यहां भी कई जेल अफसर नप सकते हैं। अतीक अहमद का बेटा अली 2022 से ही यहां बंद है। अब अतीक के बेटे अली के मामले में बताया जाता है कि डीआईजी राजेश श्रीवास्तव ने मंगलवार को अचानक नैनी जेल में चेकिंग की। इस दौरान अली की बैरक की तलाशी ली थी। इसी दौरान कई आपत्तिजनकर वस्तुएं उसकी बैरक से मिलीं। इसके अलावा उसके पास कैश भी था। चेकिंग के दौरान उसने कैश वहां मौजूद जेल वार्डन को पकड़ा दिया। अली से कैश लेते वार्डन सीसीटीवी में कैद भी हो गया था। बाद में कैश की गिनती हुई तो पता चला कि 1100 रुपए हैं। अति सुरक्षित बैरक में आपत्तिजनक वस्तुएं और कैश की जानकारी अधिकारियों को दी गई। इसके बाद डिप्टी जेलर कांति देवी और हेड वार्डर संजय द्विवेदी को सस्पेंड कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार अली अहमद से मिलने आए एक मुलाकाती ने उसे 1100 रुपये दिए थे ताकि वह जेल में उपयोग के लिए कूपन खरीद सके, लेकिन उसने कूपन नहीं खरीदे और पैसे छुपाकर रख लिए। केंद्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल ने बताया कि बीते मंगलवार को अली से मिलने कोई वकील आया था। जिसने अली को 1100 रुपए दिए थे। अली ने जेल से रुपए से टोकन न लेकर अपने पास रख लिया था। जांच में रुपए मिलने पर डिप्टी जेलर और जेल वार्डर को निलंबित किया गया है।

# यूपीएससी ने शुरू की 'प्रतिभा सेतु' पहल

एजेंसी





नयी दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए। यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा। इससे पहले, गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों की सूची पीडीएस के तहत आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाती थी। गैर-अनुशंसा वाले उम्मीदवार वे हैं जो लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं, लेकिन साक्षात्कार ● शेष पेज 11 पर

# देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म महसूस होगी। हमारी भाषा ही हमारी पहचान है। भारत अपनी भाषाई विरासत को दोबार हासिल करने जा रहा है। विकसित भारत की यात्रा में देशी भाषाओं की भूमिका सबसे अहम होगी।

राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण कै जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी। गृह मंत्री पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की लिखी गई पुस्तक मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं, के विमोचन ● शेष पेज 11 पर



❑ ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं, हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं




# जाम के झाम से स्थानीय लोग आक्रोशित, डग्गामार वाहनों की जिद, सड़क पर ही भरेंगे सवारी

## मुख्यमंत्री और माननीय उच्च न्यायालय के कई आदेश ताख पर, जाम न हटा तो आंदोलन, कमता चौराहे का बुराहाल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या मार्ग पर अमर शहीद पथ के मोड़, कमता पुल के नीचे दिन हो या रात, सुबह हो या शाम लगभग हर समय यहां पर जाम लगना आम हो गया है। जम के जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक और सिविल पुलिस के कई दर्जनों की संख्या में सिपाही और दरोगा नियुक्त है। लेकिन जाम लगते ही कभी-कभी मूककदर्शक बने खड़े रहते हैं। इन मार्गों और पुल से होकर कई जनपदों का आने जाने का मुख्य मार्ग है जिससे हजारों यात्रियों का आवागमन रहता है। साथ ही यहां पर अवध बस स्टेशन भी है जहां से करीब दो दर्जन जनपदों के लिए सैकड़ों बसों का भी संचालन होता है। बगल में उच्च न्यायालय होने के कारण हजारों लोगों का यहां आना जाना लगा रहता है। माननीय उच्च न्यायालय ने इस जाम पर भी सख्ती से कार्यवाही के लिए कहा है।मालूम हो कि कमता के इस जाम से निजात के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार तरह तरह के प्रयोग एवं यू टर्न बनाये गये लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर विश्व हिंदू परिषद,अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख एवं जन समस्या निवारण एवं निस्तारण मंच संयोजक नृपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सडक़ पर ही और आसपास डग्गामार वाहनों को सवारियों को भरते देखा जा सकता है। क्षमता से अधिक यहां पर वाहनों का दबाव पहले से ही है। साथ ही चिनहट, विभूति खंड और गाजीपुर थाना अंतर्गत पॉलिटेक्निक से लेकर कमता शहीद पथ मोड तक अवैध डग्गामार वाहनों के संचालन से यहां पर जाम लगा रहता है। हजारों शिकायतों के पश्चात भी जिम्मेदार अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर कुछ ना बोलने की स्थिति में मौन रहते है। माननीय मुख्यमंत्री के कई आदेशों को भी ताख पर रख दिया है। जाम में कई प्रकार की आकस्मिक व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाती है ,गंभीर मरीजों को इलाज के लिए ले जा रही एम्बुलेंसें भीषण जाम में फंसने के बाद मरीज की जान भी नहीं बचा सकती। इसे लेकर स्थानीय संभ्रांत लोग आक्रोशित हैं। इस विषय पर आपसी वार्ता की गई,जिसमें इस जाम को लेकर एक बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन ने यहां का जाम स्थाई व्यवस्था से जल्द ही न समाप्त कराया तो अयोध्या रोड कमता पर ही सड़क किनारे मौन धरना एवं आंदोलन किये जायेंगे। इसलिए प्रशासन से मांग है कि सभी जिम्मेदार विभाग के अधिकारी एक साथ शहीद पथ मोड, कमता चौराहे के आस पास निरीक्षण करके ठोस कार्ययोजना तैयार करें और उसका सख्ती अनुपालन कराये। जाम से झाम से राहगीरों को निजात मिल सके।

# डीएम गौरांग राठी ने योग दिवस रैली को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव । पूरे विश्व और भारत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्नाव जनपद में भी योग सप्ताह का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने आज जनपद मुख्यालय पर योग जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में भारी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीएम गौरांग राठी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल देन है, जो केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है और अब यह एक जन आंदोलन बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक कोने में प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डीएम ने बताया कि आज की रैली का उद्देश्य जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी लोग जहाँ भी हों, वहीं योगाभ्यास करें और इस महाअभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक करती रही। रैली के प्रतिभागियों के हाथों में योग के महत्व को बताने वाले पोस्टर और बैनर थे। रैली में स्कूली बच्चों द्वारा ल्लयोग करें, निरोग रहेंङ्क जैसे नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा दुबे, अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनपद के सभी ब्लॉक मुख्यालयों और तहसील स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

## एलडीए लेगा सहारा बाजार पर कब्जा, लीज डीड निरस्त



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमती नगर के विभूति खंड में पॉलीटेक्निक चौराहे के पास स्थित सहारा बाजार को लखनऊ विकास प्राधिकरण अपने कब्जे में लेने जा रहा है। 4741 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले इस व्यावसायिक भूखंड की लीज डीड को शर्तों के उल्लंघन के चलते एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने निरस्त कर दिया है। शुक्रवार को एलडीए की टीम परिसर को सील कर कब्जा लेगी। इस भूखंड की मौजूदा कीमत करीब 100 करोड़ रुपये आंकी गई है। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि सहारा इंडिया कॉर्पोरेशन को 9 जनवरी 1987 को 30-30 वर्ष की लीज पर यह भूखंड आवंटित किया गया था। लीज की अवधि 9 जनवरी 2017 को समाप्त हो गई, लेकिन सहारा इंडिया ने इसका नवीनीकरण नहीं कराया। इसके अलावा, लीज डीड की अन्य शर्तों का भी उल्लंघन पाया गया। एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा गठित समिति के स्थल निरीक्षण में परिसर की हालत बेहद खराब पाई गई। कॉम्प्लेक्स में बनी करीब 150 दुकानों में से मात्र 11 दुकानें ही संचालित थीं। दुकानदारों ने बताया कि केवल 25 दुकानों का अनुबंध है, जबकि शेष दुकानें रिक्त और अनुबंधित हैं। परिसर में गंदगी, मलबा और कूड़े का ढेर लगा था, जो इसकी जीर्ण-शीर्ण अवस्था को दर्शाता है। अपर सचिव ने बताया कि सहारा इंडिया द्वारा लीज शर्तों का पालन न करने और नवीनीकरण न कराने के कारण लीज डीड निरस्त कर भूखंड में पुनःप्रवेश का आदेश दिया गया है। इसके तहत जोन-1 के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एलडीए ने पहले ही परिसर में मुनादी कराकर दुकानदारों को जगह खाली करने की सूचना दे दी थी। दुकानदारों ने स्वयं परिसर खाली करने के लिए समय मांगा था, जिसकी मियाद अब पूरी हो चुकी है। शुक्रवार को एलडीए की इंजीनियरिंग और प्रवर्तन टीम परिसर को सील कर कब्जा लेगी। एलडीए अधिकारियों के अनुसार, पॉलीटेक्निक चौराहे और वेव मॉल के बीच स्थित यह भूखंड बेहद महत्वपूर्ण व्यावसायिक क्षेत्र में है। इसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है। इस कार्रवाई से एलडीए को न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, बल्कि इस मूल्यवान संपत्ति का बेहतर उपयोग भी संभव हो सकेगा। यह कार्रवाई सहारा इंडिया के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है,

## बारिश से पूर्व मैन पावर बढ़ाकर नाले—नालियों की सफाई के कार्य को तत्काल करें पूराः महापौर



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत शहर में स्थित नाला नाली की सफाई एवं कूड़ा मलवा निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गुरूवार को प्रयागराज महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि मैन पावर बढ़ाकर नाले—नालियों की सफाई कार्य तत्काल पूर्ण करा लिया जाए। नहीं तो शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होगी।महापौर ने अपर नगर आयुक्त व नगर स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी चाही गयी कि मेरे द्वारा पूर्व समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये थे कि मैन पावर बढ़ाकर तत्काल शहर में सभी नाले नालियों की सफाई का कार्य वर्षा से पूर्व पूर्ण करा लिया जाय।इस पर अपर नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। महापौर ने निर्देश दिया कि सभी जोनों में उपलब्ध मैन पावर को देखते हुये मैन पावर तत्काल बढ़ा लिया जाय तथा युद्व स्तर पर समस्त जोनों में नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य वर्षा होने के पूर्व करा कराएं। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। इसके अतिरिक्त शहर में जहॉं जहॉं मलवा कूड़ा इत्यादि का ढेर लगा है, उसका भी निस्तारण सुनिश्चित किया जाय तथा गलियों में स्थित सभी नालियों की सफाई व सिल्ट निस्तारण का कार्य भी युद्व स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करें। ताकि वर्षा अधिक होने पर जल भराव की स्थिति न उत्पन्न हो तथा सभी शहर वासियों को किसी प्रकार की असुविधा का समाना न करना पड़े व जलप्लावन की स्थिति से बचा जा सके।इस मौके पर कुसुम लता,आशीष द्विवेद्वी, रीतेश मिश्रा पार्षद, दीपेन्द्र यादव, अपर नगर आयुक्त, व महेश कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग की काम्बिंग में की गई 2.25 लाख रुपये की वसूली

गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत उप केन्द्र चौरीचौरा के टाउन फीडर से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं के यहां डोर टू डोर विद्युत विभाग द्वारा की गई काम्बिंग में 2.25 लाख रुपये राजस्व की वसूली की गई। साथ ही साथ 26 किलो वाट की भार की वृद्धि भी किया गया। एसडीओ विद्युत विभाग चौरीचौरा योगेश यादव ने बताया कि चौरीचौरा विद्युत उप केंद्र से निर्गत टाउन फीडर पर मेगा ड्राइव अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत डोर टू डोर काम्बिंग कराया गया। कंबिंग के दौरान 153 संयोजनों की जांच की गई। जिसमें तीन संयोजनों का विधा परिवर्तन किया गया। इसके साथ ही 26 किलोवाट विद्युत भार की वृद्धि भी की गई। तथा 8 ऊर्जा मीटर को बदला गया। इस काम्बिंग अभियान के तहत 2.25 लाख रुपए राजस्व की वसूली की गई। उक्त अवसर परअवर अभियंता नवनीत सिंह पटेल, जवाहिर कुमार सुनील कुमार सहित तमाम कर्मचारियों के साथ पुलिस बल उपस्थित रहे।

## बलरामपुर अस्पताल को सौंपी पांच डायलिसिस मशीने

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांस गोमती ने बलरामपुर अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग को पांच डायलिसिस मशीने सौंपी। डायलिसिस मशीनों के हैंडओवर समारोह के मुख्य अतिथि सुधीर हलवासिया व विशिष्ट अतिथि बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार रहे।

## अवैध सम्बंधो में बाधक बने युवक की हत्या कर शव नदी में, फेंका

बांदा। पत्नी से अवैध सम्बंधो में रोड़ा बने युवक की हत्या करने के बाद शव को यमुना नदी से बरामद किया गया। शव देखते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सीओ बबेरू का कहना है कि रंजिशन उसकी हत्या की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# लखनऊ में सिविल डिफेंस के लिये उपनियंत्रक पद पर रविन्द्र कुमार की तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सिविल डिफेंस के लिए तेज तर्रार अधिकारी रविन्द्र कुमार की तैनाती उपनियंत्रक के पद पर की गई है, आज उन्होंने अपना कार्यभार संभाल किया। नागरिक सुरक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अभय कुमार प्रसाद ने सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों की वार्षिक स्थानांतरण नीति वर्ष 2025-26 के तहत तात्कालिक प्रभाव से अनुभवी अधिकारी रविन्द्र कुमार को लखनऊ में उपनियंत्रक के पद पर तैनात कर दिया है। श्री कुमार नागरिक सुरक्षा निदेशालय लखनऊ में कनिष्ठ स्टाफ अफसर के पद पर कार्यरत थे। आज उन्होंने जिलाधिकारी विशाखा जी के समक्ष अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की, जिसके पश्चात लालबाग स्थित नागरिक सुरक्षा मुख्यालय में पदभार ग्रहण करके आज से कार्य प्रारंभ कर दिया। स्थानांतरण आदेश के तहत लखनऊ में उपनियंत्रक के पद पर कार्यरत श्रीमती अनिता प्रताप को नवसृजित जनपद बाराबंकी स्थानांतरित किया गया है। जबकि मथुरा में उपनियंत्रक के पद पर कार्य कर रहे युवा व कर्मठ अधिकारी सुमित मौर्य को नागरिक सुरक्षा निदेशालय लखनऊ में कनिष्ठ स्टाफ अफसर पद की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के द्वारा भारत पाकिस्तान युद्ध के उपरांत कुछ दिन पूर्व उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में सिविल डिफेंस विभाग की स्थापना कर दी गई है। लखनऊ में कार्यरत सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, ममता रानी, मुकेश कुमार, रेखा पांडेय, मनोज कुमार वर्मा, राजकुमार, नफीस अहमद, कमलेश शुक्ला, अम्बेश सहित समस्त स्टाफ ने नवनियुक्त उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार के लखनऊ में पदभार ग्रहण करने पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।

# सेवा, सतर्कता और समर्पण से बनेगी पहचान

## आईजी तरुण गाबा बोले– गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण से ही बनेगी मजबूत पुलिस व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। लखनऊ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक तरुण गाबा ने गुरुवार को उन्नाव का दौरा किया। उन्होंने पुलिस लाइन, रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर और फायर ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन स्थित टट्ठए में ऋक ने नए रंगरूट सिपाहियों के प्रशिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने रंगरूटों के अनुशासन, शारीरिक अभ्यास, अध्ययन, आवास, भोजन और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को देखा। ऋक ने कहा कि प्रशिक्षु पुलिसकर्मी भविष्य की कानून व्यवस्था की ऋक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में व्यवहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता पर ध्यान दें। साइबर अपराध की समझ और मानवाधिकारों से जुड़े विषयों को भी शामिल करें। दोस्ती नगर स्थित फायर ट्रेनिंग सेंटर में ऋक ने अग्निशमन दल के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में फायर विभाग की जिम्मेदारियां बढ़ी हैं। आगजनी और रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का प्रशिक्षण जरूरी है। निरीक्षण के दौरान एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ प्रेम चंद्र, सीओ सिटी सोनम सिंह और सीओ प्रदीप मौर्य मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने ऋक को प्रशिक्षण केंद्रों की विस्तृत जानकारी दी। ऋक गाबा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए सेवा, समर्पण, सतर्कता और अनुशासन को पुलिस सेवा की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। भविष्य में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रोफ़ेशनल, संवेदनशील व जनसामान्य के हित में बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# सपने को हकीकत में बदलने के लिए कठिन मेहनत जरूरी: हृदय नारायण दीक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। व्यक्ति को सपने अवश्य पालना चाहिए। बिना सपने पाले कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता है। उक्त विचार कस्बे के मिर्री चौराहा पर आयोजित सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी कार्यक्रम में पद्मश्री पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कही।

व्यापार मंडल द्वारा गुरुवार को पद्मश्री पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित का स्वागत समारोह व विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे पद्मश्री पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित का बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया। हृदय नारायण दीक्षित ने मां सरस्वती की फोटो पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि व्यक्ति को सपने अवश्य पालना चाहिए। सपने पालने से उसका एक लक्ष्य होता है। उसपर वह मेहनत करता है। व्यक्ति मेहनत करेगा तो उसका सपना अवश्य सफल होगा। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार पुरवा विधानसभा से विधायक बने थे तो दूसरी विधानसभा भगवंतनगर के लोगों ने बीघापुर को तहसील बनाने की मांग की थी। उसका सपना हमने देखा था। संसदीय कार्य मंत्री बनने पर बीघापुर को तहसील बनवाया गया। दीक्षित ने कहा कि डरने की आवश्यकता नहीं है। आप लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सदैव साथ रहूंगा। पीएम मोदी के कार्यकाल में जितने विकास हुए हैं, वह हम या भाजपा के लोग ही नहीं कहते बल्कि विरोधी भी मोदी के कार्यों की सराहना करते हैं।उन्होंने कहा कि जब तुम्हारे साथ कोई न हो और कोई तुम्हारा साथ न दे तो आप अकेले चलो। अकेले चलकर भी कई मुकाम हासिल किए जा सकते हैं।कार्यक्रम को राव आईएएस के डायरेक्टर अंशुमान द्विवेदी, मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष प्रोपेसर कृष्णदत्त, लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष दर्शन शास्त्र, ज्योतिष प्रोपेसर विपिन पांडेय, भाजपा नेता उत्तम चंद्र लोधी ने भी संबंधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव व संचालन पूर्व चेयरमैन योगेंद्र द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम समापन के बाद हाईस्कूल व इंटर में इसी वर्ष अच्छे नंबरों के साथ पास हुए दस छात्रों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। लोगों ने श्री दीक्षित को अंग वस्त्र व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। इस दौरान, भाजपा नेता अरुण दीक्षित, दिलीप दीक्षित, विकास शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा, अखिल श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार वर्मा, सोनू सिंह, शिवकंठ त्रिपाठी, कपिल त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाक़ात, बताई क्षेत्र की समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विधायक मिल्कीपुर चंद्रभानु पासवान ने कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर विधायक ने बताया कि मैंने अपने विधानसभा मिल्कीपुर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं व जन अपेक्षाओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# मोबाईल कोर्ट में दिव्यांगजनों के 22 प्रकरणों की हुई सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जनपद के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण कराएं जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के जनता दर्शन हाल में आयोजित मोबाईल कोर्ट में दिव्यांगजनों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये गये। मोबाईल कोर्ट में अधिकतर प्रकरण श्रवण बधिर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र को लेकर सामने आये। सुनवाई के दौरान पाया गया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए ओ.पी.डी. अथवा अन्य माध्यमों से आने वाले दिव्यांगजनों को के.जी.एम.यू. लखनऊ को संदर्भित किया जा रहा है जहां पर पूरे प्रदेश से आने वाले प्रकरणों की बहुलता के कारण दिव्यांगजनों को वर्षो अपनी बारी का इंतज़ार करना पड़ता है जबकि मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों को जनपद श्रावस्ती के लिए रेफर किया जा रहा है।इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए राज्य आयुक्त व उपायुक्त द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने से सम्बन्धित प्रकरणों को 01 सप्ताह में निस्तारित कराया जाय। मोबाईल कोर्ट की मंशानुरूप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी श्रावस्ती से मोबाईल पर वार्ता कर दिव्यांगता जांच के लिए तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया। सीएमओ श्रावस्ती द्वारा जांच के लिए 20 जून 2025 की तिथि निर्धारित करने पर निर्णय लिया गया कि 20 जून 2025 को सीएमओ कार्यालय, बहराइच से एक वाहन श्रवण बधिर दिव्यांगजनों को श्रावस्ती ले जाकर उनका परीक्षण कराते हुए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र हेतु कार्यवाही तत्काल की जायेगी।राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश प्रोफ़ेसर हिमांशु शेखर झा ने कहा कि मोबाईल कोर्ट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यही है कि दिव्यांगजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर समयबद्ध ढंग से उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर त्वरित निस्तारण करायें। राज्य आयुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की भी शीर्ष प्राथमिकता है। मेडिकल बोर्ड पर चर्चा करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि सदस्यों की संख्या को बढाया जाय तथा लम्बी अवधि से बोर्ड में कार्यरत चिकित्सकों के स्थान पर दूसरे चिकित्सकों को शामिल कर कृत कार्यवाही से अवगत भी कराएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर फ़र्ज़ी प्रमाण-पत्र न निर्गत हों तथा जारी किये गये प्रमाण-पत्रों का दुरूपयोग न होने पाये।उपायुक्त शैलेन्द्र कुमार सोनकर ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने, 13 दिसम्बर, 2006 को दिव्यांगजनों के अधिकारों पर उसके अभिसमय को अंगीकृत किया था। अंतर्निहित गरिमा, वैयक्तिक स्वायत्तता के लिए आदर, जिसके अंतर्गत किसी व्यक्ति की स्वयं की पसंद की स्वतंत्रता और व्यक्तियों की स्वतंत्रता भी है। अविभेद; समाज में पूर्ण और प्रभावी भागीदारी और सम्मिलित होना; मानवीय भेदभाव और मानवता के भाग के रूप में दिव्यांगजनों की भिन्नता के लिए आदर और उनका ग्रहणः, अवसर की समानता, पहुंच, पुरुषों और स्त्रियों के बीच समता, दिव्यांग बालकों की बढ़ती हुई क्षमता के लिए आदर और दिव्यांग बालकों की पहचान परिरक्षित करने के उनके अधिकार के लिए आदर भी सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि नये एक्ट में 21 प्रकार की दिव्यांगता सम्मिलित है। दिव्यांगजन को दिव्यांगतासूचक शब्दों से सम्बोधित नहीं किया जा सकता है। इसके लिए एफ.आई.आर. दर्ज की जा सकती है।मोबाईल कोर्ट के दौरान कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई की गई। जिसमें 12 प्रकरण दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, 05 प्रकरण पेंशन, 03 प्रकरण भूमि विवाद तथा 01-01 प्रकरण दिव्यांग बच्चों के स्कूल खोले जाने तथा लोक निर्माण विभाग में स्थानान्तरण से सम्बन्धित था। पेंशन से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिया गया कि विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि राईट टू एजूकेशन के तहत समस्त दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाय।इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत शैलेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रदीप कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ प्राधिकरण दिवस, जन समस्याओं के लिए त्वरित कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए में गुरुवार को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन हुआ। इस दौरान रजिस्ट्री, नामांतरण, मानचित्र और अवैध निर्माण से जुड़े 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 9 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के लिए अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए यह आयोजन किया गया था। उच्चाधिकारियों ने जनता अदालत में आए लोगों की शिकायतें सुनीं और त्वरित समाधान के लिए निर्देश जारी किए। शक्ति नगर के आर.सी. साहू ने देवपुर पारा योजना में खरीदी दुकान का कब्जा न मिलने की शिकायत की। अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी ने जोन-3 के अधिशासी अभियंता को जल्द कब्जा दिलाने के आदेश दिए। चौक के कंचन मार्केट में सुधीर सिंह ने अवैध कब्जे की शिकायत की, जिसके लिए सर्वे और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बसन्तकुंज योजना के बसंत राम ने नाली की समस्या बताई, जिसके समाधान के लिए एक सप्ताह में स्थल निरीक्षण के आदेश दिए गए हैं।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय: धर्मपाल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## यूपी में नौ स्थानों पर मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम आयोजित करेगा युवा मोर्चा


लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल के 50वें वर्ष में प्रदेश में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम आयोजित करेगा। आगामी 25,26 और 27 जून 2025 को प्रदेश में अलग-अलग 9 स्थानों पर ये कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। मॉक पार्लियामेंट की तैयारियों के संदर्भ में गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजयुमो के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। धर्मपाल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपा था। युवाओं को इस ऐतिहासिक सत्य से अवगत कराना आवश्यक है। ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसा संकट दोबारा न आए और देश के युवा सहित सभी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक रहें। प्रदेश महामंत्री (संगठन ) ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र पर आघात किया।

कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटकर आपातकाल लगाया। आज कांग्रेस के उस काले कारनामे को जन जन को बताने की जरूरत है। उन्होंने कहा मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से इस संदेश को प्रदेश के कोने-कोने तक विशेष रूप से युवाओं के बीच पहुँचाएं। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने की। आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम को कैसे करना है उसके बारे में विस्तार रूप से बताया।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने कहा कि इमरजेंसी के उस दमनकारी कालखंड को आज का युवा ठीक से समझे, यही इस आयोजन का उद्देश्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं को इस आयोजन से जोड़ें। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने बताया कि मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम मेरठ, झाँसी,कानपुर ,लखनऊ, प्रयागराज ,गोरखपुर ,गाजियाबाद , अलीगढ़, बरेली में आयोजित किए जाएँगे। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, अभियान की प्रदेश टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

# ललितपुर और सोनभद्र के रास्ते मानसून ने यूपी में दी दस्तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अरब सागर से बंगाल की खाड़ी में आ रही नम हवाएं दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए अनुकूल साबित हो रही हैं और मानसून बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में भी मानसून ने बुन्देलखण्ड के ललितपुर जिले और सोनभद्र से दस्तक दे दी है। आगामी तीन दिनों यानी रविवार तक करीब 25 से 30 मिमी. बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि इन ?तीन दिनों में पूरे उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरु हो जाएगा और तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकेगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि देश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। अगले 24 घंटों के दौरान यह मानसून उत्तर अरब सागर और गुजरात के शेष भागों, राजस्थान के कुछ हिस्सों, मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों, छत्तीसगढ़ और बिहार के शेष भागों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। एक दवाब का क्षेत्र दक्षिण बांग्लादेश और उससे सटे गंगीय पश्चिम बंगाल पर बना हुआ है। इसके साथ ही एक चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किमी. की ऊंचाई तक फैला हुआ है। यह प्रणाली पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगी और जल्द ही गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर और अधिक प्रभावशाली हो जाएगी। अगले 24 से 48 घंटों के भीतर जो मानसून बुन्देलखंड के ललितपुर और सोनभद्र से दस्तक दिया है वह उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश करेगा। कानपुर मंडल में आज रात्रि बारिश की संभावना है। राजधानी लखनऊ सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश हो रही है। रविवार तक जो यह बारिश होगी वह रुक रुक कर बारिश होगी खासकर रात्रि में अधिक बारिश होने की संभावना है। इस दौरान बादलों की आवाजाही बनी रहेगी, कभी कभार धूप भी निकलेगी लेकिन तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं होगी और मौसम में बदलाव होगा।

# तेज रफ्तार लोडर की डांफर से भिड़ंत, चालक सहित दो की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## लोडर के परखच्चे उड़े काफी मशक्कत के बाद दोनों को पुलिस ने निकालकर अस्पताल भेजा



बंथरा । इलाके के लखनऊ-कानपुर रोड पर बीती 18-19 तारीख की मध्यरात्रि एक तेज रफ्तार लोडर खड़े डंपर में पीछे से भिड़ गया भिड़ंत इतनी तेज थी कि लोडर चालक व उसके बगल बैठा युवक दोनों बुरी तरीके से उसी में फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस बल द्वारा दोनों युवकों को निकाल कर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को सूचना देने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मध्य रात्रि को कानपुर से लोडर में सामान लादकर जा रहे सीतापुर निवासी पंकज गुप्ता (24) दीपू गुप्ता (27) सीतापुर को जा रहे थे। इसी बीच जब वह बंथरा कस्बे से थोड़ा आगे सरोज पाइप फैक्ट्री के समीप पहुंचे तभी सड़क के किनारे खड़े डंपर में लोडर की भिड़ंत हो गई। जानकारी के अनुसार लोडर पंकज चला रहा था वहीं दीपू बगल की सीट पर बैठा था और दोनों चचेरे भाई थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते हैं कि पंकज अविवाहित था वहीं दीपू के तीन बच्चे हैं। दीपू की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# लखनऊ में आईटी सिटी योजना ने पकड़ी रफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। सुल्तानपुर रोड और किसान पथ के बीच प्रस्तावित 2,858 एकड़ में फैली आईटी सिटी योजना तेजी से आकार ले रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए लैंड पूलिंग के जरिए जमीन अधिग्रहण का कार्य तेज कर दिया है। गुरुवार को एलडीए ने एक भू-स्वामी के साथ 20 बीघा जमीन के लिए लैंड पूलिंग एग्रीमेंट साइन किया। इसके साथ ही 5 गांवों के 39 भू-स्वामियों ने 300 बीघा से अधिक जमीन निःशुल्क देने का प्रस्ताव दिया है।10 सेक्टरों में विकसित होगी आईटी सिटी एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आईटी सिटी में 10 सेक्टर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 45, 30, 24 और 18 मीटर चौड़ी ग्रिड सड़कों का निर्माण अगले माह से शुरू होगा। योजना में 72 से 200 वर्गमीटर के 5,000 आवासीय भूखंड और ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड शामिल होंगे। इसके अलावा 445.65 एकड़ औद्योगिक क्षेत्र और 260 एकड़ व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आरक्षित किया गया है, जिससे निजी निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।पर्यावरण के अनुकूल होगी योजना आईटी सिटी में 200 एकड़ में ग्रीन बेल्ट और गोल्फ सिटी विकसित की जाएगी, जबकि 15 एकड़ में वाटर बॉडी बनाई जाएगी। यह योजना सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और किसान पथ से सीधी कनेक्टिविटी के कारण बेहद आकर्षक होगी। मोहनलालगंज तहसील के 10 गांवों - बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन इस परियोजना के लिए ली जा रही है। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि लैंड पूलिंग के जरिए जमीन अधिग्रहण का कार्य तेजी से चल रहा है। गुरुवार को ए-स्क्वायर कंपनी के विवेक और अंश अग्रवाल ने मोहारी खुर्द में 20 बीघा जमीन के लिए एग्रीमेंट साइन किया। मोहारी खुर्द में साइट ऑफिस का निर्माण भी शुरू हो चुका है। किसानों से समन्वय के लिए 2 नायब तहसीलदार, 2 अमीन, 2 लेखपाल और 2 कर्मचारियों की टीम तैनात की गई है। एलडीए उपाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा को ले-आउट के अनुसार सड़क निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए हैं। चौड़ी सड़कों का नेटवर्क इस योजना में सुगम यातायात सुनिश्चित करेगा। यह परियोजना लखनऊ को एक आधुनिक और निवेश-अनुकूल शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। निष्कर्ष आईटी सिटी न केवल लखनऊ के शहरी विकास को नई दिशा देगी, बल्कि औद्योगिक, व्यावसायिक और आवासीय जरूरतों को पूरा करते हुए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। पर्यावरण संरक्षण और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ यह योजना शहरवासियों के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगी।

# योगी सरकार को मिला किसानों का साथ, फसल खरीद का टूटा पिछला रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 10.27 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं खरीद**

लखनऊ। योगी सरकार की नीतियों को अन्नदाता किसानों का निरंतर साथ मिल रहा है। योगी सरकार के निर्देशन में चली गेहूं ख़रीद ने भी इस बात को साबित किया। गेहूं खरीद में पिछले साल का रिकॉर्ड टूट गया। पिछले वर्ष जहां 9.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुई थी, वहीं रबी विपणन वर्ष 2025-26 यानी वर्तमान सत्र में यह खरीद बढ़कर 10.27 लाख मीट्रिक टन से अधिक रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए मोबाइल क्रय केंद्र गांवों तक पहुंचे।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया ?कि रबी विपणन वर्ष (2025-26) में 17 मार्च से प्रारंभ हुई गेहूं खरीद 15 जून तक चली। खरीद 5853 क्रय केंद्रों के माध्यम से हुई। प्रदेश के दो लाख से अधिक किसानों से 10.27 लाख मीट्रिक टन से अधिक की गेहूं खरीद की गई। गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सरकार की ओर से 2508.26 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गेहूं खरीद के दौरान एक तरफ जहां सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक प्रतिदिन क्रय केंद्र खुले रहे। वहीं अवकाश में भी गांव-गांव पहुंचकर अफसरों ने किसानों से संपर्क-संवाद स्थापित किया। रविवार के अवकाश में भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारियों ने किसानों से वार्ता करते हुए मोबाइल क्रय केंद्र के जरिए गेहूं खरीद की। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। इस बार सरकार ने 150 रुपये प्रति कुंतल में वृद्धि की। खाद्य व रसद विभाग ने गेहूं के मूल्य भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर करने की व्यवस्था बनाई थी। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर भी किसानों से गेहूं खरीद की गई।

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी बना रहा बाल सुरक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मंत्री अनिल राजभर ने लिया यूपी को 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस (12 जून) के उपलक्ष्य में आयोजित बाल श्रम निषेध सप्ताह (12 से 17 जून) का समापन समारोह गुरूवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश को 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में श्रम विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, पंचायत, समाज कल्याण विभागों के अधिकारी, गैर सरकारी संगठन, छात्र, बाल श्रमिकों के परिजन और लाभार्थी बच्चों सहित 1,000 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। सभी ने योगी सरकार के बाल संरक्षण संकल्प को सशक्त समर्थन प्रदान किया।

मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह एक कठिन चुनौती है, परन्तु योगी सरकार ने जिस समर्पण और दूरदर्शिता से कार्य किया है। हम यह लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे। राजभर ने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक बाल श्रमिक अफ्रीका, फिर एशिया और एशिया के भारत में हैं और भारत में सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश में पाई जाती है। उन्होंने इसे एक गम्भीर सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती बताया, जिसे पूरे सरकारी तंत्र की एकजुटता से समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी बाल सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान का उदाहरण बना रहे हैं।

विशेष सचिव कुनाल सिल्कू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि योगी सरकार ने बाल सुरक्षा के लिए बहुआयामी रणनीति बनाई है। जिसमें पुनर्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पंचायत स्तर तक निगरानी शामिल है। यूनिसेफ के कार्यक्रम प्रबंधक अमित मेहरोत्रा ने कहा कि बाल श्रम हर उस बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन है, जो शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षण का पात्र है। यूनिसेफ, योगी सरकार के साथ मिलकर ज़मीनी स्तर पर कार्य कर रहा है।

श्रम आयुक्त मार्कण्डेय शाही ने बताया कि पिछले वर्ष 11,000 से अधिक बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उनका पुनर्वास कराया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में हमारा यह अभियान 'बचपन बचाओ' का नहीं, बल्कि 'भविष्य बचाओ' का अभियान बन चुका है। प्रमुख सचिव (श्रम) डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने कहा कि अब बाल श्रम केवल सामाजिक नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौती है। हमें उत्तर प्रदेश को एक ऐसा राज्य बनाना है, जहां हर बच्चा स्कूल जाए और सम्मान के साथ जीवन जिए, यही योगी सरकार का संकल्प है।

आईएलओ और यूनिसेफ की जिनेवा में जारी रिपोर्ट के अनुसार 2024 में 13.8 करोड़ बच्चे बाल श्रम में लिप्त, जिनमें से 5.4 करोड़ खतरनाक कार्यों में लगे थे। भारत में 1 करोड़ से अधिक बाल श्रमिकों में उत्तर प्रदेश की भागीदारी 2.5 लाख है। कार्यक्रम में शिक्षा, महिला कल्याण, स्वास्थ्य, पंचायती राज जैसे विभागों ने अपने-अपने प्रयासों की जानकारी साझा की। बाल कल्याण समिति कानपुर के सदस्य दीप अवस्थी ने पुनर्वासन की दिशा में चल रही कार्यवाहियों पर प्रकाश डाला।

महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय पूजा यादव ने विद्यालय की प्रगति पर जानकारी दी और एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की। मुख्य अतिथि अनिल राजभर ने बाल श्रम उन्मूलन पर 2 पोस्टर और एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

भिक्षावृत्ति से मुक्त कराई गई पायल और माही को मंच से सम्मानित किया गया। उन्होंने डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर कर सबको भावुक कर दिया। बाल श्रमिक विद्या योजना, मातृत्व हित योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत 50 से अधिक लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और लाभ वितरित किए गए।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में ट्रेड यूनियनों व एम्प्लॉयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बाल श्रम के खिलाफ संयुक्त प्रतिबद्धता जताई। 10 जिलों में लखनऊ, कानपुर, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, आगरा, गाज़ियाबाद, मुज़फ्फरनगर, उन्नाव, जौनपुर, आज़मगढ़ को बाल श्रम उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# अवैध प्लाटिंग पर एलडीए की सख्त कार्रवाई, 5 कॉलोनियां ध्वस्त



लखनऊ। खक्ब ने गुरुवार को गोसाईंगंज और दुबग्गा में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर जोन-1 और जोन-7 की टीमों ने 5 अनधिकृत कॉलोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। गोसाईंगंज के दुलारमऊ में 10 बीघा और दुबग्गा के मलहा में 11,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बिना स्वीकृति के बन रही कॉलोनियों की सड़कें, नालियां और बाउंड्रीवॉल तोड़ दी गईं।

## जानकीपुरम पुलिस ने गैरजमानती वारंट से सम्बंधित अभियुक्त को दबोचा

लखनऊ। अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से काम कर रही जानकीपुरम पुलिस ने माननीय न्यायालय द्वारा वाद संख्या 320/12 अपराध संख्या 165/12 धारा 135 ई सी एक्ट से संबंधित वांछित गैर ज़मानती वारंट अभियुक्त को ढूढ़ते हुए उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है ।अभियुक्त का नाम वसीम अंसारी पुत्र मुन्ना अंसारी को विशाल सिटी कालोनी थाना दुबग्गा से गिरफ्तार कर उस पर विधिक कार्यवाही कर दी है।

# ऋण आवेदनों को अधिक समय तक न रखा जाये लम्बित : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ऋण आवेदन मामलों में बैंकर्स को निर्देश दिए कि बगैर कारण बताये एक भी आवेदन निरस्त नहीं करेंगे। जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति के बारे में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि जिले में कार्यरत बैंकों की कुल जमा धनराशि का ऋण जमानुपात भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानक से कम न होने पाए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाये, कोई आवेदन लंबित न रहने पाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी ऋण आवेदन स्वीकृत हो गए हैं, उन्हें शीघ्र वितरित करें। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, एक जनपद-एक उत्पाद एवं स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने तथा स्वीकृत आवेदनों को वितरित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने लीड

**भारतीय रिवर्ज बैंक के मानक से कम सीडी रेशियों वाली बैंकों के ब्रान्च मैनेजरों को सीडी रेशियों बढ़ाये जाने के दिये निर्देश**

बैंक मैनेजर को निर्देशित करते हुये कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की संबंधित विभाग एवं ब्रांच मैनेजरों के साथ वर्कशॉप कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि लाभार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़ें। फार्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इण्टरप्राइजेज योजना के जो भी आवेदन आयें, उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये ताकि लोगों को ऋण मिल सके तथा इस योजना के तहत आवेदनों को बढ़ाया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, एल0डी0एम0 सहित संबंधित बैंकों के जिला समन्वयक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## बिना रजिस्ट्रेशन संचालित सन पैथोलॉजी लैब सीज

मैगलगंज खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मैगलगंज कस्बे में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रही ''सन पैथोलॉजी लैब'' को नोडल अधिकारी निशांत गुप्ता द्वारा की गई छापेमारी में सीज कर दिया गया। नोडल अधिकारी ने कस्बे में कई क्लीनिकों और पैथोलॉजी लैबों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें नियमों की अनदेखी सामने आई। निरीक्षण के दौरान कुछ क्लीनिकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया, जबकि एक लैब को सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से चल रहे मेडिकल संस्थानों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पतरासी में चली गोली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पोते को मारी गोली, दो हिरासत में

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना शारदानगर क्षेत्र के पतरासी गांव में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक विवादित जमीन पर नाली निर्माण को लेकर कहासुनी में गोली चल गई। छुटभैया नेता प्रज्ञानंद वर्मा ने अपने भाई संदीप वर्मा की लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिवंश लाल वर्मा के पोते मोहित वर्मा को गोली मार दी। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश से जुड़ी इस जमीन पर जब मोहित वर्मा ने नाली बनाने का विरोध किया तो प्रज्ञानंद वर्मा ने अपनी छत पर चढ़कर गोली चला दी। घायल मोहित वर्मा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए शारदानगर इंस्पेक्टर बृजेश कुमार मौर्य मौके पर पहुंचे और आरोपी प्रज्ञानंद वर्मा व उसके भाई संदीप वर्मा को बंदूक सहित हिरासत में ले लिया।

# चार्ज संभालते ही प्रभारी मैगलगंज रविंद्र कुमार पाण्डेय ने लगाई हिस्ट्री सीटरों की क्लास



कैनविज टाइम्स संवाददात

मैगलगंज (खीरी) । चार्ज संभालते ही प्रभारी मैगलगंज रविंद्र कुमार पाण्डेय ने लगाई हिस्ट्री सीटरों की क्लास हिस्ट्रीशिटरों को थाना क्षेत्र छोड़ने से पहले देनी होगी सूचना जीस थाना क्षेत्र में रहेंगे वहां भी देनी होगी सूचना और वापस आने पर भी सूचित करना होगा किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त पाए जाने पर होगी कड़ी करवाई जिन अपराधियों को जानते हैं उनकी आमद अगर क्षेत्र में है तो थाने में देनी होगी सूचना हिस्ट्रीशीटर अपने आचरण में सुधार लाएं और सामाजिक जीवन जीने के दिए निर्देश हिस्ट्रीशिटरों को अपराध न करने की दिलाई शपथ ।

## एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर पर अवैध पोस्टर और ब्रांडिंग के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

गाजियाबाद,। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत कॉरिडोर के पिलर्स और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को दूषित करने और अवैध प्रचार सामग्री चिपकाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। अभी तक अभियान में 300 से अधिक पिलर्स से अवैध पोस्टर हटाये गए जा चुके हैं। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि अब यह अभियान कॉरिडोर के अन्य हिस्सों में भी विस्तारित किया जा रहा है‑ यह अभियान इस कॉरिडर की स्वच्छता, संरचनात्मक सुंदरता और सार्वजनिक गरिमा को बनाए रखने की दिशा में एनसीआरटीसी द्वारा उठाया गया एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि एनसीआरटीसी की यह संपत्तियाँ सार्वजनिक संपत्तियाँ हैं, और उन पर किसी भी प्रकार का अवैध पोस्टर चिपकाना, दीवारों को गंदा करना या सार्वजानिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, न सिर्फ एक सार्वजनिक अपराध है, बल्कि यह एक दंडनीय कानूनी अपराध भी है।

# जलभराव से ग्रामीण परेशान, वर्षों से इंतजार में सड़क और नाली का निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददात



सीतापुर (विकास खण्ड पहला)। ग्राम पंचायत वाजिद नगर के मजरे हड़ारमऊ में वर्षों पुरानी बुनियादी समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। श्री कृष्ण के घर के सामने निकले मुख्य मार्ग पर बना पुराना ईंट का पटजा अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। हल्की सी बारिश होते ही रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है और करीब 15 परिवारों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों - श्री कृष्ण, बृजभूषण, जय राम ,लल्लन बड़े लाल, धनीराम, रमेश, रामप्रसाद, बुधई लाल रघुराज, नौमी, धर्मेंद्र कुमार अवधेश वर्मा, भगौती वर्मा रमाकांत वर्मा, विजय बहादुरवर्मा,सुरेश वर्मा, राम लखन, राम आदि ने बताया कि यह समस्या करीब दो दशक पुरानी है। न तो रास्ते की मरम्मत हुई और न ही किसी प्रकार की नाली निर्माण की व्यवस्था है, जिससे बरसात के मौसम में जल निकासी न हो पाने के कारण भारी जलभराव और गंदगी फैल जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर सात माह पूर्व सांसद श्री राकेश राठौर जी को लिखित में प्रार्थना पत्र सौंपा गया था, जिसमें उन्होंने आरसीसी इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इसी विषय को लेकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री उपेंद्र यादव और ग्राम प्रधान श्री मदनलाल गुप्ता से भी कई बार शिकायत की गई है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। गांव के अन्य निवासी - बालक, कौशल, हरिश्चंद, राम प्रकाश, कय्यूम, धनपाल, राजू आदि का कहना है कि गांव में कम से कम 5 नालियों की तत्काल आवश्यकता है, ताकि बरसात में जलभराव और उससे उत्पन्न बीमारियों से ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्राम पंचायत अधिकारी उस्मान जी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क, नाली और जल निकासी की समस्या का समाधान कराया जाए, ताकि वर्षों पुरानी इस समस्या से राहत मिल सके।

# धौरहरा में बुजुर्गों और दिव्यांगों को मिला सहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मंत्री ने बांटे 2.26 करोड़ के उपकरण, सांसद की नाराज़गी बनी चर्चा का विषय



धौरहरा (खीरी)। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए धौरहरा में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने 973 लाभार्थियों को मुफ्त सहायक उपकरण वितरित किए। यह वितरण केंद्र सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना और एडीआईपी योजना के तहत किया गया। कार्यक्रम धौरहरा के बीआरसी भवन परिसर में आयोजित किया गया, जहां लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। मंत्री बीएल वर्मा तय समय से दो घंटे विलंब से पहुंचे, लेकिन उपकरण वितरण कर उन्होंने सभी को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नई राह दी। उन्होंने कहा कि ''दिव्यांगजन कमजोर नहीं हैं, बस उन्हें थोड़ा सहारा चाहिए। ये उपकरण उन्हें समाज में आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीओ रमेश तिवारी, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार आदित्य विशाल, कोतवाल सुरेश मिश्रा, सहित क्षेत्र के तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे। 973 लाभार्थियों को 2.26 करोड़ रुपये के उपकरण दिसंबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच जिले के विभिन्न ब्लॉकों में शिविर लगाकर 973 बुजुर्ग और दिव्यांगजन चिन्हित किए गए थे। इन सभी को करीब 2.26 करोड़ रुपये मूल्य के उपकरण मुफ्त वितरित किए जा रहे हैं। वितरण प्रक्रिया 25 जून तक चलेगी। कार्यक्रम की गोपनीयता पर उठा सवाल, सांसद नाराज़ कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी और योगगुरु राजहंस मिश्रा ने नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन की जानकारी न तो आम जनता को दी गई, न ही स्थानीय कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस की गतिविधियों से पता चला कि कुछ विशेष हो रहा है। मंच से नाम और फोटो हटाए जाने पर नाराज़ हुए सपा सांसद आनंद भदौरिया कार्यक्रम में उस वक्त राजनीतिक गर्मी देखने को मिली जब धौरहरा से सपा सांसद आनंद भदौरिया पहुंचे और देखा कि मंच पर उनकी सीट और बैनर से उनका नाम व फोटो गायब था। नाराज़ सांसद ने कहा, ''हमारे प्रयासों से ही यह कार्यक्रम संभव हो पाया है। चाहे पोस्टर से नाम हटा दिया जाए, लेकिन जनता के दिलों में हमारा नाम छपा है। इसके बाद सांसद अपने समर्थकों के साथ मंच छोड़ कर कार्यक्रम से पहले ही चले गए। उनके साथ सपा नेता मुन्ना यादव, उत्तम वर्मा, मनीष शुक्ला, ओमप्रकाश यादव, आदि भी मौजूद थे। निष्कर्षः जहां एक ओर यह कार्यक्रम दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए राहत लेकर आया, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक और क्षेत्रीय पत्रकारो की उपेक्षा और आयोजन की गोपनीयता को लेकर सवाल भी खड़े हुए हैं। जनता को इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी न देना प्रशासनिक पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

## 2 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गोला के नेतृत्व में थाना गोला पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 378/2025 धारा 87/137(2)/131/351(2)/352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त 1.इन्द्रजीत कुमार उर्फ कटन्नु पुत्र बांकेलाल नि0ग्राम राजगढ थाना भीरा खीरी को ग्राम भुडवारा से वजीरनगर जाने वाले रास्ते से तथा मु0अ0सं0 434/2024 धारा 392 बीएनएस में वांछित अभियुक्त 1.शिवम पुत्र पप्पू सिंह नि0 पीलीभीत धर्मशाला निकट रेलवे स्टेशन कस्बा व थाना गोला खीरी को उसके घर(पीलीभीत धर्मशाला निकट रेलवे स्टेशन) से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में .उ0नि0 युवराज बाल्यान थाना गोला जनपद खीरी उ0नि0 योगेश कुमार थाना गोला जनपद खीरी का0 भरत कुमार थाना गोला जनपद खीरी का0 बृजेश कुमार थाना गोला जनपद खीरी का0 वीरेन्द्र सिंह थाना गोला जनपद खीरी

## थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त धिरान्जे पुत्र आत्माराम को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 313/2025 धारा 140(4) उगट्ट व 5ख्र/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त धिरान्जे पुत्र आत्माराम निवासी ग्राम ग्रन्ट नं0 12 थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष भेजागया गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी .हे0का0 श्यौदान सिंह थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी का0 भरत कुमार थाना गोला जनपद खीरी का0 बृजेश कुमार थाना गोला जनपद खीरी का0 वीरेन्द्र सिंह थाना गोला जनपद खीरी

## शातिर चोर गिरफ्तार, कुल 3,000/–रुपये नकदी व आभूषण/सामान बरामद

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी लहरपुर नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा चोरी/नकबजनी जैसी घटनाओं के संबंध में पंजीकृत अभियोगो में प्रकाश में आये शातिर अभियुक्त अनिल कुमार उर्फ सर्वेश कुमार पुत्र बाबूराम पासी नि0ग्रा0 माखपुर थाना तालगांव सीतापुर को मोहरैय्या पुल नहर पटरी के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिससे मौके व निशानदेही से चोरी सम्बन्धित कुल 3,000/–रुपये नकदी,02 जोड़ी पायल सफ़ेद धातु, 02 जोड़ी बिछिया सफ़ेद धातु व 01 अदद ओम पीली धातु 01 अदद गैस सिलिण्डर बरामद हुए है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि करीब 20 –25 दिन पहले ग्राम गंगापुर में गांव के दक्षिण खेत में बने निर्माणाधीन मकान, उस घर के उत्तर तरफ बने मकान से तथा गांव के पूरब तरफ खेत में बने मकान में चोरी की थी और करीब 15– 20 दिन पहले ग्राम चिलमा में बने सरकारी स्कूल से सिलेंडर आदि सामान की चोरी की थी। घटनाओं के संबंध में मु0अ0सं0 149/25 धारा 305 बीएनएस व मु0अ0सं0 156/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस का पंजीकृत है। अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## नवागत कृषिअधिकारी ने पद भार संभालते ही शुरू की छापामार करवाई

लखीमपुर खीरी । लखीमपुर खीरी का कार्यभार संभालते ही जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह की खाद दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी, दो लाइसेंस सस्पेंड, 17 को नोटिस जारी ,यूरिया की किल्लत देखते हुए नवागत जिला कृषि अधिकारी ने पूरे जिले में चेकिंग अभियान चलाकर ओवरइटिंग व अधिक यूरिया आवंटन को लेकर जांच कर 2 रिटेलरों के लाइसेंस सस्पेंड किये व 17 को नोटिस जारी की व कई रिटेलरों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा, जिला कृषि अधिकारी ने बताया अगर कोई दुकानदार ओवर रेटिंग करते हुए पकड़ा जाएगा तो उसके खिलाफ एफआईआर कर के विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा भ्रष्टाचार चरम पर, बच्चों की भी अपलोड की जा रही फोटो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ब्लॉक स्तर पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी आखिर क्यों बन्द किये है अपनी आंखें**

**आखिर खबरे प्रकाशित होने के बाद भी संबंधित अधिकारी क्यों नही ले संज्ञान , क्यों दे रहे संरक्षण**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मधवापुर का मामला**




सीतापुर । विकास खण्ड मछरेहटा की अधिकतम ग्राम पंचायतों में सरकारी महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में कागजों पर मजदूरी दिखाकर लाखों रुपये का गबन किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, संबंधित अधिकारियों व ग्राम प्रधानों , पंचायत सचिव की मिलीभगत से फर्जी मस्टररोल तैयार किए जाते है। इन मस्टररोल में ऐसे लोगों के नाम शामिल हैं, जिन्होंने न तो कोई काम किया और न ही उन्हें जानकारी है कि उनके नाम पर भुगतान भी हुआ है।

प्रशासन या तो अनजान बना हुआ है या जानबूझकर आँख बन्द करके बैठा हुआ है ।मनरेगा जैसी योजना, जो गरीबों की रीढ़ होनी चाहिए थी, आज ग्राम पंचायत प्रधानों , पंचायत सचिव व ब्लाक स्तर पर बैठेअधिकारियों की कमाई का जरिया बन गई है। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मधवापुर में फोटो को बार - बार अपलोड कर 100 हाजरी दर्शाई जा रही है, जिसमे देखा जा सकता है कि कम उम्र जो कि 18 साल से नीचे है, उनकी भी फोटो अपलोड की जा रही है दर्शाए गए 100 मजदूरो में से नाम मात्र मजदूरो से ही कार्य करवाया जा रहा है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या ब्लॉक स्तर पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी जो फोटो वेरीफाई करते है। क्या ध्यान नही देते है या कमीशन बाजी के चक्कर मे जानबूझ कर किया जा रहा है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह खेल विकास कार्यों की साख को पूरी तरह से खत्म कर देगा। देखना यह है कि क्या कोई कार्यवाही की जाती है या ऐसा ही चलता रहेगा , प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक की कमाई का जरिया बना रहेगा ।

# रायबरेली में आलू व्यापारी से लूट का खुलासा दो बदमाश गिरफ्तार, माल बरामद

**पकड़े गये बदमाश लखनऊ में किराया का मकान लेकर रहते थे**

**फर्जी पुलिस बनकर वारदात को देते थे अंजाम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड असनी चौराहे के पास बीते 16 जून 2025 को सुबह करीब 5 बजे पिकअप गाड़ी से कानपुर मंडी जा रहे महराजगंज कस्बे के रहने वाले मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद नसीम आलू व्यापारी से चार पहिया काली गाड़ी सवार बदमाशों द्वारा करी गई लूट के मामले में गुरुवार को पुलिस कप्तान डॉ यशवीर सिंह ने सनसनी खेज खुलासा करते हुए पकड़े गए दोनों आरोपियों को उनके कब्जे से रुपया बरामद करते हुए जेल भेज दिया है। इस लूट की वारदात के खुलासे से जहां पुलिस की साख पर चार चांद लगे हैं तो वहीं व्यक्तिगत तौर पर एसपी डॉ यशवीर सिंह के नेतृत्व की लोग भूरि-भूरि सराहना कर रहे हैं। आपको बता दें कि, यूपी के रायबरेली में महराजगंज थाना क्षेत्र के बछरावां रोड पर असनी चौराहे के पास 16 जून 2025 को एक आलू व्यवसायी से काली कार सवार बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। प्राप्त सूचना पर पुलिस अधिकारियों द्वारा मय फोर्स तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, तथा पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया और टीमें गठित कर घटना अनावरण हेतु प्रयास किया जा रहा था। आपको बता दें कि, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अंतर्गत आज गुरुवार 19 जून को कोतवाली महराजगंज व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान महराजगंज थाने में दर्ज मुकदमे से संबंधित आरोपियों रुद्र प्रताप सिंह उर्फ मोटू पुत्र राजेश कुमार सिंह निवासी पुखरदहा थाना कादीपुर जनपद सुलतानपुर और आदर्श सिंह उर्फ गोलू पुत्र राम बहादुर निवासी मुकुंदपुर थाना पैकुलिया जनपद बस्ती को नेवाजगंज नहर पुल के पास से धर दबोचा।

### लूट का पैसा बरामद

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 20 हजार 500 रुपए नगद, एक अदद एयरगन व एक अदद कार घटना में प्रयुक्त, तथा तीन अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

### पार्टी और शराब पीने की लत ने बनाया लुटेरा

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि, वह लोग लखनऊ में अच्छी सोसाइटी में मकान किराए पर लेकर रहते हैं। उन्हें प्रतिदिन पार्टी व शराब पीने की लत है, परंतु उन्हें घर से इतने पैसे खर्च के लिए नहीं मिलते, जिससे उनके खर्च चल सके। इसी कारण वह लोग योजना बनाकर एक गाड़ी की व्यवस्था करके उसकी नंबर प्लेट निकाल लेते हैं और सुनसान जगह से आने जाने वाले वाहनों को चिन्हित कर संबंधित थाने का पुलिस अधिकारी बनकर वाहन चेकिंग के नाम पर रूकवाते हैं और उनको विभिन्न तरीके से डराकर उनकी जामा तलाशी लेते हैं तथा जो पैसे व मोबाइल मिलता है उसे लेकर डराते हुए भगा देते हैं। आरोपियों ने बताया कि लुटे हुए मोबाइल को किसी सुनसान जगह पर फेंक देते हैं, ताकि पीड़ित घटना की सूचना किसी को ना दे सके। घटना पारित करने के बाद टोल से बचते बचते अपने चिन्हित स्थान पर पहुंच जाते हैं। वह लोग छोटी-छोटी घटनाओं को अंजाम देते हैं जिससे उनके खर्चे चलते रहें।

### पुलिस अधीक्षक ने बताया

पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि, बीते 16 जून को महराजगंज थाना क्षेत्र में एक व्यापारी से हुई लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उनके कब्जे से लूट के 20500 रुपए, एक कार, एक एयर गन और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं दोनों आरोपियों पर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

## इस्कफ़ के तत्वावधान मे गोष्ठीः साहिर–मजरूह के नाम रही यह अदबी शाम



नानपारा, बहराइच। अदब की दुनिया के चमकते सितारे शारिक रब्बानी के नानपारा स्थित आवास पर एक भव्य साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन हुआ, जो प्रख्यात शायर साहिर लुधियानवी और मजरूह सुल्तानपुरी की याद को समर्पित थी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि साहित्यकार हुस्न तबस्सुम निहां, शकील भारती पत्रकार व एडवोकेट ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव रहे और संचालन शायर ज़मीर नानपारवी ने किया। इस मौके पर स्थानीय एवं जनपद के कवि, शायर और साहित्यप्रेमियों ने अपने विचार रखे साथ ही सफीर नानपारवी, उमर नानपारवी, आसिफ नानपारवी तथा ज़मीर नानपारवी आदि शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम के दौरान गंगा जमुनी तहजीब की खुशबू लिए रचनाएं पेश की गई और दोनों दिवंगत शायरों के साहित्यिक योगदान को याद किया गया। यह आयोजन साहित्य और संवेदना का एक ऐसा संगम बना, जिसने मौजूद लोगों को अदबी जुनून से भर दिया। इस अवसर पर आए कवियों और शायरों ने अपनी ग़ज़लों, नज़्मों और कविताओं से महफिल को रौशन किया। शायर व साहित्यकार शारिक रब्बानी की हिंदी, उर्दू, नेपाली एवं मराठी सहित कई भाषाओं में पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है, उनके काव्य और ग़ज़लों का केंद्रीय भाव भारतीय एकता, सांझी संस्कृति और गंगा जमुनी तहजीब पर आधारित होता है। भोपाल और नानपारा दोनों को अपना घर मानने वाले शारिक रब्बानी केवल एक शायर नहीं, बल्कि हिंदुस्तानी तहज़ीब के प्रवक्ता हैं। वे भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मंत्री संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भी हैं और दशकों से कई भाषाओं में अपने साहित्यिक अवदान से दिलों को जोड़ रहे हैं। उनकी रचनाओं में गंगा-जमुनी संस्कृति की मिठास और सांप्रदायिक सौहार्द की गूंज स्पष्ट सुनाई देती है।नेपाल और भारत में उन्हें अब तक कई दर्जन राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। उनकी शायरी सिर्फ शब्दों का खेल नहीं, बल्कि जज़्बातों की तर्जुमानी है। भोपाल, जो आज उनकी रचनात्मकता की नई कर्मभूमि बन चुका है, वहीं नानपारा उनके अदबी सफर की जड़ें संजोए हुए है।इस आयोजन ने यह साबित किया कि शारिक रब्बानी का नाम आज साहित्यिक हल्कों में महज़ एक शख्सियत नहीं, बल्कि एक मजहब-ए-साहित्य बन चुका है, जो सरहदें नहीं, दिल जोड़ता है। कार्यक्रम का समापन साहिर और मजरूह की याद में पेश की गई एक विशेष श्रृंखला और श्री रब्बानी की एक ताज़ा ग़ज़ल के साथ हुआ।

### आशा बहुओं के सहारे चल रहे हैं चौरीचौरा क्षेत्र में अवैध हास्पिटल

गोरखपुर । चौरीचौरा थाना क्षेत्र में तमाम जगहों पर अवैध हास्पिटल संचालित हो रहे हैं। क्षेत्र के अधिकतर हास्पिटल पर अनुभवी डाक्टरों का अभाव है। तथा हास्पिटल के मानक को भी पूरा नहीं किया गया है।ये हास्पिटल आशा बहुओं के सहयोग से चल रहा है।हास्पिटल संचालक द्वारा आशा बहुओं को प्रति मरीज़ पहुंचाने पर मोटा कमीशन दिया जाता है। इसलिए अधिकतर आशा बहुएं मरीजों को सरकारी हास्पिटल पर न पहुंचा कर मरीजों को भ्रमित कर इन अवैध अस्पतालों पर पहुंचाने का कार्य करती है। चौरीचौरा क्षेत्र स्थित गोरखपुर देवरिया राजमार्ग पर बड़े बड़े आकर्षक बोर्ड लगाकर शहर के नामचीन अस्पताल की चौरीचौरा में खोली गई एक शाखा पर एम्बुलेंस से भी मोटी रकम के सहारे मरीज खरीदने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। बताते चलें कि चौरीचौरा थाना क्षेत्र में अवैध अस्पतालों का भरमार हो गया है। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चौरीचौरा के अवैध हास्पिटलों पर आशा बहुएं मरीजों को पहुंचा कर मोटी कमीशन प्राप्त करती हैं। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने शहर के एक नामचीन अस्पताल की एक चौरीचौरा स्थित शाखा पर एम्बुलेंस से कमीशन पर मरीज खरीदने का आरोप लगाया है।जबकि चौरीचौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव से संबंधित अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं। फिर भी आशा बहुएं कमीशन के चक्कर में वहां न भेजकर प्राइवेट अस्पतालों से मोटी रकम कमाने के चक्कर में जच्चा बच्चा दोनों को ख़तरे में पहुंचा देती हैं। लोगों ने जांच कर कार्रवाई की मांग किया है। *उक्त के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर सर्वजीत प्रसाद ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पुश्तैनी जमीन पर बनी दीवार को दबंगों पर जबरन गिराने का आरोप

**पहल्का लेखपाल पर भी गंभीर आरोप प्रकरण में एसडीएम से शिकायत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। पुश्तैनी जमीन पर बनी दीवार को दबंगों द्वारा गिरा दिए जाने का प्रकरण सामने आया है, मामले में पीड़ित पक्ष ने हल्का लेखपाल पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं, पीड़ित पक्ष का कहना की लेखपाल आबादी से जुड़े प्रकरण में मनमानी कर रहे हैं, और विपक्षियों से उनकी सांठ गांठ है, पूरे मामले की शिकायत पीड़ित ने एसडीएम सचिन यादव से की है, जिस एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।मामला महराजगंज ब्लाक क्षेत्र के गांव ज्योना से जुड़ा है, जहां हल्का लेखपाल राजेन्द्र भारती की खाऊ कमाऊ नीति के चलते आए दिन जमीनी प्रकरणों में वाद विवाद और लड़ाई झगड़ा हो रहें हैं, लेखपाल मामलों के निस्तारण के बजाय निजी हित साधने के चक्कर में उन्हें उलझा दे रहे हैं, जिसका खामियाजा आम लोगों को आर्थिक और मानसिक रूप से झेलना पड़ रहा है।ताजा मामला आलिम गंज मजरे ज्योना का है, जहा? के रहने वाले अमरेंद्र पुत्र सुखई और हरीराम पुत्र उदयराज ने एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनकी दीवाल पुश्तैनी आबादी की जमीन पर बनी हुई है, विपक्षी गण उसी तरफ की जबरन रास्ता बनाना चाहते हैं, और उसी नियत से गुरुवार की सुबह फावड़े व खतें? से विपक्षियों ने दीवाल खोदकर गिरा? दिया गया पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हल्का लेखपाल का दबंगों को वरदहस्त है, इसलिए मनबढ़ दबंग लड़ाई झगड़ा मारपीट तक पर आमादा है वहीं दीवाल को जबरन खोदकर गिराते हुए दबंगों का विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है, मामले में पीड़ित पक्ष ने एसडीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई है।एसडीएम सचिन यादव ने बताया कि मामले की जांच राजस्व निरीक्षक को सौंपी गई है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## विवाहिता के तहरीर पर पति, जेठ एवं जेठानियों के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

'सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक बिवाहिता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि मेरे शादी के कुछ दिन पश्चात ही मेरे पति जेठ एवं जेठानियो द्वारा मायके से दो लाख लाने का दबाव बनाया जाने लगा नही लाने पर मेरा शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया गया बिवाहिता के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की धारा 85 / 115 (2) / 352 / 351 (3) 89 एवं 3/4 डी पी एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानिय थाना क्षेत्र के जं0 नकहा न0 2 कोइलहवा निवासी बिजय कुमार की पुत्री बबिता ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि मेरे पिता द्वारा 11 / 3 / 23 को झगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा .राजी जगदीशपुर निवासी पारस नाथ पुत्र स्व0 सुकई के साथ अपने सामर्थ के अनुसार दान दहेज एवं आवश्यक सामान देकर बिवाह किया गया था ससुराल जाने के पश्चात कुछ दिनो तक स्थिती सामान्य रही उसके बाद मेरे पति पारस नाथ भसुर बिजय कुमार , परशुराम व जेठानी सोमारी, गुड़िया द्वारा मायके से दो लाख रुपये लाने का दवाव बनाया जाने लगा जिसके लिए मेरे उपर शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना शुरू कर दिये 19 / 5 / 25 को रात लगभग नौ बजे सभी लोग मारपीट कर घर से निकालने लगे जिसकी सूचना हमने 112 न0 पर डायल कर पुलिस एवं अपने पिता को फोन कर घटना से अवगत कराया गया दूसरे दिन मेरे पिता एवं भाई मेरे पास पहुच झगहा थाना ले गए पुलिस के दबाव बनाने पर फिर कभी एसा न करने का वादा कर मुझे वापस ससुराल ले गये मगर कुछ दिन शान्त रहने के पश्चात सभी लोग फिर पैसे की माँग कर प्रताड़ित करने लगे मै इसको सहन करती रही मेरे पति द्वारा 14 /6/25 को मुझे मारपीट कर मुझे मायके के बगल में छोड़ कर चले गये पुलिस मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है

## अपराध, कानून व्यवस्था अभियोजन कार्यों की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न

**जिलाधिकारी ने लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ और अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा की सयुक्त अध्यक्षता में बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अपराध,कानून व्यवस्था,अभियोजन कार्यों की अप्रैल-मई को को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई।बैठक में निस्तारित वादों और लंबित केसों की कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही मिशन शक्ति में महिलाओं से संबंधित केसों में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। अधिकारी द्वय ने आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, साइबर अपराध, विवेचना निस्तारण, भूमि विवाद निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडाएक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा की तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पॉस्को, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए कहा। जघन्य अपराधियों में कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जनसमस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतें लंबित ना रखी जाए। शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उन्होंने जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। बैठक में अभियोजन अधिकारियों सहित शासकीय अधिवक्ता व अभियोजन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## क्या अस्पताल की अनियमिताओं का निराकरण कर पाएंगी नवागंतुक अधीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बछरावा,रायबरेली। स्थानीय कस्बे में स्थित उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीते एक लंबे समय से अनियमितताओं का लगातार का शिकार होता रहा है।पूर्व मेडिकल ऑफिसर अनिल कुमार जैसल इन अनियमितताओं पर अंकुश लगाने में पूर्णतया विफल साबित होते रहे हैं। आलम यह था कि अस्पताल में तैनात अनेकों चिकित्सक लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहते थे। महिला चिकित्सालय में आज तक कोई भी महिला चिकित्सक रात्रि में नहीं रुकती थी। अस्पताल परिसर के अंदर गंदगी का अंबार लगा रहता था। बीते दिनों उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा इन अनियमितताओं को संज्ञान में लेते हुए पांच चिकित्सकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया और अधीक्षक ए के जैसल को गैर जनपद बलिया स्थानांतरित कर दिया गया। पहले तो ए के जैसल कई दिनों तक अपना जुगाड़ भिड़ाते रहे परंतु जब कोई बस नहीं चला तो अंततः उन्होंने आदेश अनुसार वरिष्ठ महिला चिकित्सक अर्पिता श्रीवास्तव को अपना पदभार सौंप दिया नई अधीक्षक द्वारा उस कुर्सी को सुशोभित किया जाने लगा जिस पर ए के जैसल बैठा करते थे। परंतु इसी के साथ ही कुछ ऐसे प्रश्न भी उत्पन्न हो गए, जिनका जवाब देना नई अधीक्षक अर्पिता श्रीवास्तव के लिए टेढ़ी खीर बनते हुए नजर आ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि इस अस्पताल के अंदर स्थित महिला चिकित्सालय में दो ही महिला चिकित्सा अधिकारी है। जिसमें अर्पिता श्रीवास्तव भी एक थी। सबसे अहम प्रश्न यह है कि क्या अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के पश्चात वह पूर्व की भांति मरीजों को देखेंगी या उनका अधिकांश समय अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने में ही चला जाएगा। क्योंकि अभी तक यह देखा गया है की पूर्व अधीक्षक महोदय केवल अस्पताल की व्यवस्थाओं में ही लगे रहते थे। दूसरा प्रश्न यह खड़ा होता है कि अब जब वह स्वयं महिला है तो क्या महिला अस्पताल के अंदर रात्रिकालीन महिला डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। इसी के साथ ही एक प्रश्न यह भी खड़ा होता है की पूर्व मे चिकित्सालय के अंदर मरीजों की संख्या को देखते हुए क्या अतिरिक्त चिकित्सकों की मांग वह सरकार से कर पाएंगी या एक अटैच चिकित्सक सहित तीन चिकित्सकों की बदौलत ही पुरुष चिकित्सालय संचालित होगा। क्या महिला अधीक्षक अस्पताल में व्याप्त गंदगी झाड़ झनकार आदि की सफाई कर प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन योजना को सफल बना पाएंगी। क्षेत्र में तैनात आशा बहुओ के द्वारा निजी अस्पतालों के लिए किए जा रहे कार्य पर रोक लगा पाएंगे। सबसे अहम प्रश्न आम जनता के दिमाग में यह गूंज रहा है की महिला अस्पताल में रात्रि व्यवस्था सुनिश्चित हो जाए तो इस क्षेत्र का बहुत बड़ा कल्याण हो सकता है। देखना यह है की नई अधीक्षक महोदय कुछ नया कर दिखाने का जज्बा रखती हैं या पुराने रास्ते पर ही चल निकलेगी।

## प्रदेश सरकार किसी दुर्घटना में मृत्यु होने पर कृषक के परिवार को दे रही 5 लाख की आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। हमारे देश का किसान अपनी फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक बड़ी जीतोड़ मेहनत करता है। चाहे गर्मी का मौसम हो, सर्दी का मौसम हो या बरसात का मौसम हो हमारे देश का किसान हर मौसम से लड़ते हुए बहुत मेहनत से फसल को घर तक ले आता है। इस दौरान ठंड गर्मी या आकाशीय बिजली गिरने, किसी दुर्घटना से कभी-कभी किसानों की मौत भी हो सकती है। इस तरह परिवार के कमाऊ सदस्य की असामयिक मौत या दुर्घटना हो जाने से किसान परिवार के ऊपर दुखों का पहाड टूट पड़ता है।

इसी समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 'उप्र मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की शुरूआत की है। यदि किसी किसान की असामयिक मृत्यु/दिव्यांगता होती है तो उसके परिवार को 5 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु उप्र मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी और इस योजना का संचालन जिले के जिलाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जो किसान 14 सितंबर 2019 के बाद से किसी दुर्घटना में मृत्यु होने पर इस योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है।किसानों की आजीविका का एकमात्र साधन कृषि ही होता है, अगर किसी परिवार के कमाऊ सदस्य किसान की दुर्घटनावश मृत्यु हो जाती है, या वह शारीरिक रूप से अक्षम हो जाता है, जिसके कारण वह कृषि करने के लायक नहीं रह जाता तो उसके परिवार की जीविका चलाने के लिए कोई साधन नहीं बचता है। इसी समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार ने इस योजना को शुरू करने का निर्णय लिया है। उ0प्र0 मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत किसी किसान की दुर्घटनावश असामयिक मृत्यु हो जाती है तो उसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रु0 05 लाख तक का मुआवजा प्रदान किया जाता है और यदि किसान की मृत्यु नहीं होती है फिर भी वह विकलांग होता है तो उसे आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत राज्य के सभी किसानों को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत्यु/गंभीर घायलोंको लाभ प्राप्त होता है, जिनमें सांप अथवा अन्य जीव-जंतु व जानवर के काटने, मारने व आक्रमण की स्थिति में, आग लगने, बाढ़, बिजली गिरने, करंट लगने से होने वाली दुर्घटना की स्थिति मे, हत्या, आतंकवादी हमला, लूट, डकैती, मारपीट में हुई दुर्घटना में, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर व कुएं में डूबने से, रेल, सड़क और हवाई यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटना, आंधी-तूफान, वृक्ष गिरने, दबने व मकान गिरने से होने वाली क्षति के कारण, आकाश से बिजली गिरने, आग लगने, बाढ़ आदि में होने वाली दुर्घटना की स्थिति में और सीवर चैम्बर में गिरने से होने वाली दुर्घटना की स्थिति में किसान / संबंधित परिवार को लाभान्वित किया जाता है।मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभ उन्ही किसानों को दिया जायेगा जो उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हैं। जिनकी आयु 18 से 70 वर्ष के मध्य हो। भूलेख निर्गत खतौनी में दर्ज खातेदार/सह खातेदार, भूमिहीन व्यक्ति जो पट्टे से प्राप्त कृषि भूमि के पट्टाधारक हो या बटाईदार जो कृषि का कार्य करते हो उनकी दुर्घटनावश मृत्यु अथवा विकलांगता के शिकार हुए हों उनके माता-पिता, पत्नी, पुत्र-पुत्री, पुत्रवधू, पौत्र-पौत्री जिनकी आय का जरिया खातेदार / सहखातेदार में दर्ज कृषिभूमि से चलता हो, इस योजना के लिए पात्र होंगें। ऐसे किसान जिनके पास खुद की जमीन नहीं है किन्तु वह बटाई अथवा पट्टे की भूमि लेकर खेती करतें हैं उन्हें अथवा उनके आश्रितों को भी योजना का लाभ दिया जाता है।

## हिमाचल से 15 माह पूर्व गायब हुआ लड़का बहराइच में मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के वजीरगंज में गुमसुम हालत में मिला 20 वर्षीय राहुल। फखरपुर पुलिस तथा कुशीनगर पुलिस के सहयोग से 15 माह से पिछड़ा हुआ राहुल अपने परिवार से मिला। बड़े पापा चंद्रमा, चाचा रविन्द्र चौहान, ने बताया के राहुल दिमागी रूप से कमजोर है।और हम लोग मूल रूप से कुशीनगर के थाना क्षेत्र तमकुही के गौरी नरोत्तम गांव के निवासी हैं। लगभग 30 वर्षों से हिमाचल प्रदेश में रह कर कबाड़ी का कार्य करते हैं। राहुल भी हम लोग के साथ रहता था अचानक 15 माह पहले राहुल घर से लापता हो गया जिसकी शिकायत हिमाचल प्रदेश के थाना नालागढ़ में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने यह भी बताया कि काफी तलाश की गई अखबार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म गुमशुदगी की तस्वीर भी लगवाई गई लेकिन कुछ अता-पता नहीं चल सका। बीती रात फखरपुर पुलिस तथा पत्रकार अबू सहमा व क्षेत्राधिकारी कुशीनगर के सहयोग से हमारा बिछडा हुआ बेटा 15 माह बाद हम लोगों को मिल गया। क्षेत्राधिकार कुशीनगर राकेश कुमार थाना तमकुही राज प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शर्मा द्वारा ग्राम गौरी नरोत्तम गांव में पुलिस द्वारा परिवार के लोगों से राहुल की फोटो से पहचान कराई। और राहुल की पहचान होगाई। तत्काल इसकी सूचना हिमाचल प्रदेश में रह रहे राहुल के पिता व चाचा को फोन के माध्यम से दी। सूचना मिलते ही तत्काल बहराइच के लिए रवाना हुआ राहुल का परिवार। राहुल के पिता रमाकांत ने बताया अपने बेटे को पठान कोट,पंजाब, दिल्ली, बैंगलोर सहित तमाम जगह तलाश किया मगर कहीं कुछ पता नहीं चला।बात करते समय पिता और चाचू के आंखों में आंसू थे ये आंसू ख़ुशी के थे चाचा ने बताया कि 102 साल की बूढी दादी अपने पोते के इंतजार में रोती बीलखती रहती थी, वही मां का भी बुरा हाल था आज हम सभी पुलिस अधिकारीयों तथा फखरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मिथलेश कुमार राय,एस आई राज नारायण त्रिपाठी,और पत्रकार अबू शहमा जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह सभी लोग हमेशा खुश रहे। फखरपुर पुलिस व पत्रकार के इस सराहनीय कार्य के लोगों ने खूब प्रशंसा कर रहे हैं ।

# महालूट: ब्लॉक कटरा बजार मनरेगा योजना में लाखो का हो रहा बंदरबांट

**कटुवानाला,कोटिया मदार,और उर्दी गोण्डा में दौड़ रही मनरेगा भ्रष्टाचार एक्सप्रेस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण मनरेगा योजना भ्रष्टाचार से सराबोर नजर आ रही है कार्यवाही के नाम पर महज क्या दिखाया ही हो रहा है ब्लॉक कटरा बाजार के खंड विकास अधिकारी व एपीओग्रामीणों को बताएं बताएं कि आखिर कब थमेगाकटुआ नाला,कोटिया मदार और उर्दी गोण्डा ग्राम पंचायत में मनरेगा भ्रष्टाचार जो चर्चाओं में है।

बताते चलें कि ग्राम पंचायत बिकरवा को मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है।ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा में इस्लाम के खेत से पीडब्लू रोड तक चकमार्ग पटाई तीन कार्य पर पर मास्टर रोल 131श्रमि क दिखाए गए।लेकिन जो फोटो अपलोड की गई है उसमें बड़ा खेल हुआ है और सच्चाई से पर्दा उठा है। कटरा बजार की ग्राम पंचायत कटुवा नाला भी कुछ इसी तरीके से दो कार्य के लिए 115 श्रमि कों का मास्टर रोल चल रहा है लेकिन गाँव में मनरे गा भ्रष्टाचार की सिसकियां लेते हुए दिखाई दिया।मनरेगा पोर्टल पर अपलोड मास्टर रोल पर अपलो ड की गई फोटो तो सभी में एक जैसे चित्र प्रतीत हुए,जिससे यह खुलासा हो रहा है की डबल रोल का खेल ब्लॉक कटरा बजार में बेखौफ जारी है।वही फिलहाल जिस तरीके से मनरेगा में भ्रष्टाचार ब्लॉक कटरा बजार की ग्राम पंचायतो में चल रहा है यह खेद का विषय है।वही ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण इसके लिए खंड विकास अधिकारी को ज्यादा जिम्मेदार बता रहे हैं। जिले के कटरा बाजार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में लूट मची हुई है।यहां की ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा, कटुवा नाला,और कोटिया मदार में तो प्रधान के रसूख और पद के नशे के चलते केंद्र सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना का बंटाधार किया जा रहा है।

सूत्र बताते हैं प्रधान खुद को बीजेपी विधायक और ब्लॉक प्रमुख का करीबी बताता है, जिससे वह सत्ता की छत्रछाया में अपना दबदबा प्रदर्शित कर क्षेत्र के लोगों के साथ ही अधिकारियों पर भी दबाव बनाने का काम करता है।यही वजह है कि उक्त ग्राम पंचायत में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदाई व ना ला सफाई,चक मार्ग पर मिट्टी पटाई का कार्य दि खाकर धन की बंदरबांट की जा रही है।हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 115 तो कहीं 106 तो कही 131 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है,जबकि सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं।इस कारनामे को अंजा म में सिर्फ प्रधान और एपीओ ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर,ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी बताई जाती है,जो कमीशन के चक्कर में अपना ईमान तक बेच देते हैं।फर्जी मस्टर रोल भरकर सर कारी धन की जमकर लूट की जा रही है।प्रधान ने गांव में कागजों में विकास की गंगा बहा दी है। बेरो जगारों को रोजगार देने के लिए कटुवानाला,कोटि या मदार,और उर्दी गोण्डा के प्रधान ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे साहब भी गच्चा खा गए।गांव वालों का आरोप है कि ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है।ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचा री भी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर इस लूट में शामिल बताए जाते हैं।इससे स्पष्ट है कि अधि कारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके हेरा.फ़ेरी की जा रही है।साथ ही एनएमएमएस ऐप जो पारदर्शिता के लिए बनाया गया था,अब भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया गया है।पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं, जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं,जो प्रश्नचिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं।इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

## एसएसपी से मिलकर पीड़ित ने लगाई कार्यवाही की गुहार

गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के बिलारी निवासी तथा भारतीय सेना में हवलदार के पद पर लेह लद्दाख में कार्यरत दिनेश यादव पुत्र स्व0 राजेन्द्र यादव पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से गुरुवार को चौरीचौरा पुलिस के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पिता के हत्यारों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिये गए शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से दिनेश यादव ने बताया कि गांव के लोगों द्वारा 16 जून की रात लगभग एक बजे मेरे पिता राजेंद्र यादव की हत्या कर दी गई। मेरे छोटे भाई धर्मेंद्र की तहरीर पर स्थानीय पुलिस चौरीचौरा ने मुकदमा अपराध संख्या 337 धारा 103 (1)/ 191(2)/191(3)/190/352/351( 2) तथा 351(3) के तहत आकाश यादव , राजकुमार राहुल चौथी यादव,रमावती बहादुर पुरुषोत्तम बबिता,रामसजन व विरेन्द्र यादव तथा चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर चौरीचौरा पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। तथा अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# आज से मिलेगा अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को फ्री राशन

अंत्योदय कार्डधारकों के लिए चीनी पर भी विशेष व्यवस्था
डीएम नेहा शर्मा की निगरानी में पारदर्शी वितरण व्यवस्था,घटतौली पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 20 13 के अंतर्गत जुलाई माह में निःशुल्क राशन वित रण कार्यक्रम का शुभारंभ आज होने जा रहा है।यह वितरण कार्यक्रम दस जुलाई 2025 तक चले गा,जिसमें अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क आवश्यक वस्तुओं का वितरण सुनि श्चित किया जाएगा।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नि र्देशन में इस व्यवस्था को प्रभावी,पारदर्शी और सु गम बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता तैया रियाँ की गई हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार अंत्यो दय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम चावल कुल 35 किलोग्राम का वितरण निःशुल्क किया जाएगा।वहीं पात्र गृहस्थी कार्डों से जुड़ी प्रति यूनिट को दो किलो गेहूं एवं ती न किलो चावल उपलब्ध कराया जाएगा।इसके सा थ ही अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमासिक अप्रैल, मई व जून 2025 के लिए प्रति कार्ड तीन किलो ग्राम चीनी 18 रूपये प्रति किलो की दर से 54 रू पये में उपलब्ध कराई जाएगी।हालांकि चीनी की आपूर्ति केवल लाभार्थी की मूल राशन दुकान से ही की जाएगी तथा इस पर पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी।राशन वितरण को सुगमता से संपन्न कराने के लिए सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक वितरण की व्यवस्था की गई है।साथ ही प्रत्ये क उचित दर विक्रेता की दुकान पर संबंधित विभा गों के नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो अपनी उपस्थिति में वितरण कार्य संपन्न करा एंगे।निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रत्येक आठ से दस दुकानों पर ब्लॉक,तहसील एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को भ्रमणशील नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी,घटतौली अथवा अनियमित ता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यदि किसी उप भोक्ता को कोई शिकायत हो तो वह जिला पूर्ति कार्यालय अथवा संबंधित तहसील के उपजिलाधि कारी कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकता है। दोषी पाए जाने पर संबंधित उचित दर विक्रेता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण सड़क हादसे में व्यापारी के बेटे समेत चार की मौत,तीन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के चार लोगों की सड़क दुर्घटना में एम पी में मौत हो गईं है व्यापारी का परिवार सूरत जा रहा था,ड्राइवर को झपकी आने से कार डिवाइडर से टकरा गईं है।मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में गुरु वार सुबह सड़क हादसे में गोंडा के व्यपारी के बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई।हादसे में चार लो ग घायल हो गए।परिवार शादी में शामिल होने के लिए सूरत से गोंडा आया था।शादी में शामिल होने के बाद सूरत वापस जा रहा था।रास्ते में ड्राइवर को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइ डर से टकरा गई।मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोगों की भीड़ जुट गईं है।अहमदाबाद जा रहे एक एम्बुलेंस चालक और ट्रक ड्राइवरों ने मिलकर कार का दरवाजा तोड़ा।शवों और घायलों को कार से बाहर निकाला।पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई थी सभी घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचा या गया।यहां से उन्हें शाजापुर जिला अस्पताल भे ज दिया गया।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।सूचना पर परिवार वाले शव लेने के लिए गों डा से मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गए हैं।

### पंद्रह सालों से सूरत में रहता है परिवार

धानेपुर थाना क्षेत्र के दुबे पुरवा निवासी भोलानाथ दुबे 15 सालों से सूरत में रहकर पार्सल पैकिंग का काम करते थे।वे अपने भतीजे अतुल दुबे की शादी में शामिल होने के लिए 13 मई को सूरत से अपने परिवार के साथ गोंडा आए थे।उनके साथ उनकी पत्नी पुस्तम देवी 46 वर्ष बेटी अंशिका 13 और बेटा अनमोल उर्फ आयुष दुबे 16 भी शामिल थे।बुद्धवार की शाम सूरत के लिए रवाना हुए थे परि जन शादी समारोह संपन्न होने के बाद भोलानाथ दुबे अपने पूरे परिवार के साथ बुधवार शाम को सूरत के लिए रवाना हुए।उनके साथ परिवार के तरबगंज के शिशौ भवानीपुरवा निवासी प्रियांशु 11 उनकी मां प्रमिला देवी 35 बुआ शिवदेवी 40 और रामबाबू दुबे 50 भी जा रहे थे।बताया जा रहा है कि रास्ते में वाहन के चालक भोलानाथ दुबे को नींद लग गई।मध्यप्रदेश के जिले राजगढ़ जिले में एनएच-52 पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइड से टकरा गई।हादसे में अनमोल दुबे,प्रियां शु,शिवदेवी और प्रमिला देवी की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं,अंशिका,पुस्तम देवी,भोलानाथ दुबे औ र रामबाबू दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों को मध्यप्रदेश के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अनमोल दुबे सूरत में रहकर पढ़ाई करता था और कक्षा 9 का छात्र था।वह भी अपने चाचा की शादी में शामिल होने के लिए सूरत से आया थाएक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद प्रियांशु के चाचा वीरेंद्र उर्फ डॉक्टर का रो-रो कर बुरा हाल है।वे बार-बार बेहोश हो जा रहे हैं।घायलों के परिजन आयुष दुबे ने बताया, हमने बुधवार को अयोध्या दर्शन किए।शाम को यूपी के गोंडा जिले के दुबेपुरवा भवानीपुर से दो कारों में सूरत के लिए निकले थे।रास्ते में हम सभी ने ढाबे पर चाय पी। इसके एक घंटे बाद ही एक कार का एक्सीडेंट हो गया।अहमदाबाद जा रहे एम्बुलेंस चालक यग्नेश भाई रावल ने बताया, हाईवे पर कार से धुआं उठता देखा।इसके बाद ट्रक चालकों की मदद से कार से सभी को बाहर निकाला।

# रूपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह को क्षेत्र के लोगों ने दी भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। रूपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह का तबादला हो गया है। उन्होंने लगभग सात माह तक अल्प समय के लिए थाना प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अल्प कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए। थाने पर आने वाले सभी फरियादियों की बात सुनकर उसका निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता में था। बृहस्पतिवार को थाना प्रांगण में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं पत्रकारगणों सहित थाने के समस्त कर्मचारियों ने प्रभारी को माला पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। आए हुए सभी आगंतुकों का थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुझे यहां से बहुत प्यार और आशीर्वाद मिला है, मैं आप लोगों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। स्थानीय नागरिकों और पुलिसकर्मियों ने पूर्व थाना प्रभारी दद्दन सिंह के कार्यकाल की सराहना की। दद्दन सिंह के स्थान पर थाना कोतवाली देहात से स्थानांतरित होकर आए रमेश रावत को रूपईडीहा का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। थाना क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव को लेकर आमजन में नई उम्मीदें जगी हैं। अब देखना होगा कि नए थाना प्रभारी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर क्या नई रणनीति अपनाते हैं। वहीं रुपईडीहा कोतवाल दद्दन सिंह के विदाई समारोह में पत्रकार व आमजन के साथ ही आदर्श समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें नवीन कार्य क्षेत्र की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, सचिव शेरसिंह कसौधन व जिला अध्यक्ष विनोद गिरि सहित पत्रकार मनीराम शर्मा, संजय वर्मा, रुद्रप्रताप मिश्रा, सुरेंद्र मद्धेशिया, महबूब अहमद, इरशाद हुसैन, रईस खान, नीरज बरनवाल आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# ई-केवाईसी नहीं, तो न मानदेय मिलेगा, न पोषाहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर। पोषण ट्रैकर ऐप पर ई-केवाईसी और चेहरा प्रमाणीकरण (एफआरएस) फीडिंग में लापरवाही भारी पड़ सकती है। जिले की 803 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभी तक यह प्रक्रिया शुरू ही नहीं की है, जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने नाराज़गी जताई है।उन्होंने साफ कहा कि 25 जून तक फीडिंग कार्य शुरू नहीं करने पर मानदेय रोक दिया जाएगा और संबंधित कार्यकर्ताओं के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद की 2668 में से 803 कार्यकर्ताओं ने पोषण ट्रैकर पर फीडिंग की शुरुआत तक नहीं की है। इसके चलते लाभार्थियों को जुलाई माह में पोषाहार नहीं मिल सकेगा। जनपद के 1,66,114 लाभार्थियों में से केवल 44,000 ने ही फ़ेस ऑथेंटिफिकेशन कराया है। बाकी यदि समय पर ई-केवाईसी और एफआरएस नहीं कराते हैं, तो मातृ वंदना योजना का लाभ भी रुक सकता है।

# झूठी गवाही देने से इनकार करने पर पत्नी को पति ने को पीटकर घर से निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। झूठे मुकदमे में गवाही देने से इनकार करना महिला को इतना महंगा पड़ गया कि उसे न केवल ससुरालियों के अत्याचारों का सामना करना पड़ा, बल्कि उसे मारपीट कर घर से बाहर भी निकाल दि या गया।यह चौंकाने वाली घटना थाना कौड़िया क्षे त्र के ग्राम पंचायत कोटिया मदारा की है,जहां की निवासी गुड्डी देवी ने अपने पति,चचेरा ससुर और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी,घरेलू हिंसा और फर्जी केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जयसवाल को शिकायती पत्र सौंपा है।दिए गए प्रार्थना पत्र में गुड्डी देवी ने बताया कि उनके ससु राल वालों और गांव के ही पड़ोसी लाल बहादुर के बीच खेत की मेढ़ को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है।14 मई 2025 को इस विवाद ने तब तूल पकड़ा जब दोनों पक्षों की महिलाओं से मामूली कहासुनी हो गई।इसके बाद चचेरा ससुर हरिराम ने कथित रूप से अपने ही हाथ पर ब्लेड मारकर खुद को घायल कर लिया और घटना को बड़ा रूप देकर थाना कौड़िया में एक फर्जी एफ आईआर दर्ज करवा दी।ससुराल पक्ष ने पड़ोसी लाल बहादुर,अवधेश कुमार,अनूप कुमार,व विजय कुमार यादव को आरोपी बनाते हुए उन पर हमला करने का झूठा आरोप लगाया।लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि इस केस को मजबूत बनाने के लिए गुड्डी देवी से झूठी गवाही देने को मजबूर किया गया।गुड्डी देवी ने कहा कि जब उसने झूठा बयान देने से इनकार कर दिया,तो ससुराल पक्ष ने उस पर मानसिक और शारीरिक रूप से अत्याचार करना शुरू कर दिया।महिला ने बताया कि मेरे प ति कृष्ण कुमार चचेरा ससुर हरिराम,जेठ फूलचंद, जेठानी अनीता, बच्ची देवी और क्रांति देवी सभी लोग एक राय होकर पड़ोसियों के खिलाफ मुझ पर झूठी गवाही देने का दबाव बना रहे थे।और मेरे चचेरे ससुर हरिराम यादव कहने लगे की कौड़िया पुलिस के सामने झूठी गवाही दे दो की पड़ोसियों ने तलवार से मेरे चचेरे ससुर हरिराम के ऊपर हम ला किया है।तब मैंने झूठी गवाही देने से मना कर दिया तो मुझे गालियां दी गईं,और डन्डो से पीटा ग या व जान से मारने की धमकी दी गई है और घर से बाहर निकाल दिया गया।पीड़िता फिलहाल अप ने सात साल की बेटी के साथ मायके में शरण लेक र किसी तरह गुजर-बसर कर रही है।उन्होंने बताया कि ससुराल के लोग लगातार उन्हें धमकाते रहते हैं और उनका पति उन्हें तलाक देकर दूसरी शादी क रने की धमकी भी देता रहता है व कहता है कि मु झसे दो लाख रुपये ले लो और तलाक दे दो। पीड़ि ता ने बताया कि मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।महिला डरी-सहमी है और अब मेरा ससुराल जाना भी मुश्किल हो गया है।गुड्डी देवी ने गोंडा पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच करा ई जाए और ससुराल वालों के खिलाफ कड़ी कानू नी कार्रवाई की जाए।साथ ही,उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि वह बिना डर के न्याय की लड़ाई लड़ सकें।यह मामला न सिर्फ घरेलू हिंसा और स्त्री प्रताड़ना का जीता-जागता उदाहरण है,बल्कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार झूठे मुकदमों में निर्दोषों को फंसाने के लिए महिलाओं पर दबाव बनाया जा सकता है।जब कोई महिला इस अन्याय के खिला फ खड़ी होती है,तो उसे ही समाज में जगह-जगह अपमान और हिंसा का सामना करना पड़ता है। अब देखना है कि क्या गोंडा पुलिस प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेगा.....?....क्या गुड्डी देवी को न्याय मिलेगा...? यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा। लेकिन यह मामला समाज को जरूर यह सोचने पर मजबूर करता है कि आज भी महिलाओं को अपने ही घर में इंसाफ के लिए कितनी लंबी लड़ाई लड़नी पड़ती है।

## मीरजापुर-औराई मार्ग पर हुआ हादसा, बस-बाइक की टक्कर में दो घायल, ट्रामा सेंटर रेफर



मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र के मुजेहराकला गांव के पास गुरुवार की शाम एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। जबकि स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मीरजापुर भेजा गया।दरअसल, मुजेहराकला गांव निवासी प्रमोद कुमार (30) पुत्र प्रेमचंद और धुल्लुर (28) पुत्र उमेश कुमार अपनी बाइक से खेत देखने जा रहे थे। इसी दौरान औराई से मीरजापुर की ओर जा रही एक बस ने सामने से आकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक दूर जाकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस के इंतजार में न रुकते हुए निजी वाहन से मंडलीय चिकित्सालय पहुंचाया। टेढ़वा चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और कहा कि बस चालक बस लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बस व चालक की तलाश शुरू कर दी है।ग्रामीणों ने मीरजापुर-औराई मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और अव्यवस्थित यातायात को लेकर नाराजगी जताई है और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जगह-जगह स्पीड ब्रेकर और पुलिस निगरानी की मांग की है।

# पतंजलि की जन्मस्थली कोडर में होगा योग का भव्य आयोजन

**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गोंडा बनेगा योग जाग रूकता का केंद्र,सभी वर्गों की होगी भागीदारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोंडा जनपद इस बार एक ऐतिहासिक और प्रेरणास्पद आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है।विकासखंड वजीरगंज स्थित ग्राम कोडर,जो कि योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली माना जाता है,वहां पतंजलि आश्रम के निकट कम्पोजिट विद्यालय परिसर में योग दिवस का आयोजन 21 जून को प्रातः 6:30 बजे से किया जाएगा। इस विशेष अव सर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री दारा सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**योग जागरूकता को बना रहे हैं जनांदोलन :** इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन,आयुष विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से कई जागरूकता गतिविधियाँ प्रारंभ की गई हैं।योग दिवस के सफल आयोजन के लिए जनपद में रंगोली प्रतियोगिता,नुक्कड़ नाटक,निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं,जिनके माध्यम से समाज के सभी वर्गों विशेषकर बच्चों और युवाओं को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य' थीम पर योग अभियान:** इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के अनुरूप गांव-गांव, नगर-नगर के प्रमुख स्थलों व पार्कों में योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं।एक जून से जनपद के सभी 16 विकासखं डों और सभी तहसीलों में योग प्रशिक्षण निरंतर जा री है।हर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत अभ्यास करा या जा रहा है।

**वंचित वर्गों तक पहुँच रहा योग:** एक विशेष पहल के अंतर्गत सरयू किनारे बसे गां वों में रहने वाले मल्लाह,बुनकर,दिहाड़ी मजदूरों के बच्चों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन उनके घर जाक र योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक आदर्श मिश्र ने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं,बल्कि मानसिक,सामाजिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम है।यह पहल ग्रामीण अंचलों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को सकारात्मक जीवन की दिशा में प्रेरित कर रही है।

**प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी:** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में इस आयो जन की भव्यता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रशा सनिक व्यवस्थाएँ की गई हैं।मंच,टेंट,साउंड, स्वाग त द्वार,चिकित्सा कैम्प, जलपान, परिवहन, सफाई, सुरक्षा आदि के लिए 18 प्रकार की जिम्मेदारियाँ विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंप दी गई हैं।अपर जिलाधिकारी,गोंडा इस आयोजन के ओव रऑल इंचार्ज होंगे,और वे समस्त व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे।

## बैटरी रिक्शा हुआ सड़क हादसे का शिकार, नाबालिग गंभीर रूप से घायल

महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज कस्बे से भाड़ा लोड करके रायबरेली त्रिपुला जा रहा एक बैटरी रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, उस पर बैठा एक 16 वर्षीय युवक रोड हादसे का शिकार हो गया। गंभीर दशा में घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार होता न देख, बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, जानकारी के मुताबिक जिहवा गांव के रहने वाले समी उल्ला के पास उनका खुद का बैटरी रिक्शा है। आज गुरुवार की सुबह लगभग 11:00 बजे उन्होंने महराजगंज कस्बे से एक अलमारी भाड़े पर लोड करी, उसे रायबरेली के त्रिपुला अपने बैटरी रिक्शा से छोड़ने जा रहा था, बैटरी रिक्शा पर ही उनका 16 वर्षीय बेटा ऐस मोहम्मद भी बैठा हुआ था। जैसे ही बैटरी रिक्शा श्यानपुर सोथी के पास पहुंचा, अनियंत्रित होकर पलट गया। बैटरी रिक्शा पर सवार उनका बेटा ऐस मोहम्मद हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया।

# पीलीभीत को स्मार्ट नगर पालिका बनाने को चेयरमैन ने लखनऊ में पेश की प्रस्तुतीकरण

## टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए शहर में बनाए जाएं दार्शनिक स्थल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका परिषद को स्मार्ट सिटी में शामिल करने के संबंध में पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने नगर विकास निदेशालय में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात के समक्ष हुई बैठक में कार्य योजना पर प्रजेंटेशन दिया।इस प्रेजेंटेशन में पालिका अध्यक्ष ने स्मार्ट पालिका बनाए जाने के अंतर्गत क्या-क्या कार्य किया जा सकते हैं इसके सुझाव रखे।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ में हुई बैठक में जो स्मार्ट पालिका के प्रस्ताव उन्होंने रखे हैं। उसमें मुख्य रूप से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के शहर से कुछ किलोमीटर की दूरी होने पर शहर में ऐसे पॉइंट बनाए जाने पर जोर दिया जिससे कि टूरिज्म को बढ़ावा मिले। दार्शनिक स्थल बनाए जाने से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। टूरिज्म बढ़ने से लोगों का रोजगार भी बढ़ेगा और टाइगर रिजर्व की तरह पीलीभीत शहर भी विश्व मानचित्र पर अपनी विशेष जगह बन पाएगा। पालिका अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था और इसकी मॉनिटरिंग किया जाना,यातायात व्यवस्था में शहर में भीड़भाड़ वाले इलाकों में वन वे और निर्धारित समय के लिए भारी वाहनों की नो एंट्री की रूपरेखा तैयार करने संबंधी सुझाव रखे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक में सामूहिक योग का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता







पीलीभीत।करे योग रहे निरोग 11 वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष में आयोजित योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा इसके अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम ब्लॉक ललौरीखेड़ा परिसर में सामूहिक योग का आयोजन संपन्न हुआ।इस आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, एपीओ आदर्श वर्मा, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ब्लॉक के समस्त सचिव स्टाफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे हैं।आयोजित योग कार्यक्रम में सामुहिक योगा अभ्यास में प्रार्थना चालन क्रिया,योगासन ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, वीरासन, अर्धउष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन मरीच्यासन,वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन शलभासन,सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन पवनमुक्तासन शवासन, कपालभाति-प्राणायाम, नाड़ीशोधन या अनुलोम विलोम प्राणायाम,शीतली प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान,संकल्प आदि आसन किए गए है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है। बाराबंकी जिले के देवा थाना अंतर्गत सरसौदी निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र राम शंकर की सड़क दुर्घटना में बुधवार की रात मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अपाचे बाइक से से लखनऊ से मऊ की ओर जा रहे थे। घटना हलियापुर थाना क्षेत्र के 82/600 पर हुई है। सत्येंद्र की बाइक आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर के बाद वह गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

इसी दौरान कैंट थाना नई दिल्ली निवासी शोभनाथ पुत्र तुलसीराम अपनी पत्नी अनीता के साथ ईको स्पोर्ट कार में वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने मृतक को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी कार ख्रउएउ से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। दंपती अपनी गाड़ी छोड़कर दूसरे साधन से वहां से चले गए। मौके पर यूपीडा का गश्ती दल और एंबुलेंस व पीआरबी ने पहुंच कर राहत व बचाव कार्य करते हुए घटना की सूचना हलियापुर थाने को दी।

# डीएम ने पीओ नेडा को दिए रैंकिंग सुधार का अल्टीमेटम, डीआईओएस के खिलाफ नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक व प्रशिक्षु आई.ए.एस. रिदम आनन्द की उपस्थिति में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों व 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विभागवार संचालित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि की उपस्थिति में की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान पीएम सूर्य घर योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति कम होने तथा रैंक प्रभावित होने पर पीओ नेडा को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाते हुए सुधार लाये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान 74वीं रैंक होने पर सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए फीडिंग सही कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि अगले माह की समीक्षा बैठक से पहले रैंक में सुधार लाये, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। डीएम द्वारा आवास विकास की समीक्षा बैठक के दौरान जनपद की रैंक में गिरावट आने पर सम्बन्धित को निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों में प्रभावी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें, जिससे रैंक में सुधार हो सके। जिलाधिकारी महोदय द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपकरण रखरखाव में रैंक खराब होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत समीक्षा के दौरान एक्सईएन जल जीवन मिशन को प्रदेश में 53वीं रैंक होने पर उन्हें निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराकर रैंक में और बेहतर सुधार लायें। इसी प्रकार जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग की सीएम डैशबोर्ड पर रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बेसिक शिक्षा, पर्यटन, जल जीवन मिशन, सेतु निर्माण, लोक निर्माण विभाग, ओ0डी0ओ0पी0, कन्या सुमंगला योजना, पंचायती राज विभाग आदि विभागों की सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रगति समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागाध्यक्षों/कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन विभागों की रैंक इस माह में घटी है वे पुनः सुधार लाएं तथा जिन विभागों की रैंक सीएम डैशबोर्ड पर शीर्ष पर हैं वे उसे बनायें रखें। निराश्रित महिला पेंशन, कृत्रिम गर्भाधान, अंडा उत्पादन में जनपद की रैंक प्रथम है। जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी विभागाध्यक्ष व्हाट्सएप ग्रुप से अवश्य जुड़ जायें। माह के अन्तिम सप्ताह में ग्रुप पर दैनिक/मासिक प्रगति शेयर की जाती है उसका अवलोकन कर ससमय फीडिंग आदि की आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारित कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस अस्पताल को मिले दो डाक्टर

सुल्तानपुर। बीते 12 जून को समाचार पत्र ने पुलिस अस्पताल में डाक्टर होते हुए भी उपलब्धता शून्य होने का प्रकरण प्राथमिकता से प्रकाशित किया था,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भारत भूषण द्वारा पुलिस अस्पताल को अतिशीघ्र डाक्टर उपलब्ध कराने की बात कही थी,जिसके सापेक्ष 18जून को सीएमओ डॉ.भारत भूषण द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था में डॉ.पवन कुमार गुप्ता व डॉ.सौरभ राव को तीन-तीन दिन की ओपीडी के लिए पुलिस अस्पताल अटैच किया है,हांलाकि अभी भी यह संबद्धता नियमानुसार नही है,पुलिस अस्पताल में लेबल-3 या4 से कम लेबल के चिकित्सको को संबद्ध नही किया जा सकता।बहरहाल अभी भी पुलिस अस्पताल को एक वरिष्ठ परामर्शदाता की आवश्यकता है,देखना होगा पुलिस और उनके परिजनों की सेहत का सही ढंग से स्वास्थ विभाग कब फिक्रमंद होगा।

## पुलिस ने प्राणघातक हमले के आरोपी को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना संग्रामपुर में वांछित अजय कुमार वर्मा पुत्र हरिकेश वर्मा निवासी ग्राम आमपोखर मजरे गोरखापुर थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि कुछ दिन पहले मैं और मेरे गांव के अमृतलाल साथ में चण्डीगढ़ में नौकारी करते थे।अमृतलाल ने मेरी झूठी शिकायत कम्पनी मालिक से करके मुझे नौकरी से निकलवा दिया था उसी बात को लेकर मैं अमृतलाल से बदला लेना चाहता था बीती अठारह जून को अमृतलाल को कैथोला भैरोपुर पानी टंकी के पास मारने के लिये खड़ा था तभी अमृतलाल और संजीव कुमार मोटर साइकिल से आ रहे थे तो मैनें इसी तमंचे से अमृतलाल को जान से मारने के नीयत से गोली मारी थी लेकिन वह बच गया और गोली संजीव कुमार को जाकर लग गयी मैं फिर से अमृतलाल को मारना चाहा परन्तु गोली नाल में फस गयी तो मैं वहां से भाग गया। थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ोत्तरी करते हुये अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए प्री-टास नाईट ब्लड सर्वे प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय सभागार में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह की अध्यक्षता में जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए प्री-टास नाईट ब्लड सर्वे हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि नाईट ब्लड सर्वे जनपद के चिन्हित ग्यारह ब्लाकों में तीन-तीन साइट पर बीस जून से तीस जून तक रात्रि में किया जायेगा तथा उक्त सर्वे में बीस वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का ब्लड सैम्पल लिया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ/सहायक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता/पर्यवेक्षक, बीसीपीएम को राज्य मुख्यालय से आये हुए डॉ नित्यानन्द डब्लूएच0ओ व प्रज्ञा (पॉथ) द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रशिक्षण अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एन के मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रसाद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के उपाध्याय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाई चौपाल

बीसलपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । केन्द्र सरकार में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के शानदार 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बीसलपुर विधानसभा के खरगपुर कलां शक्ति केंद्र पर आयोजित ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया हैं। मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष गौतम शर्मा उपस्थित रहे है।चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गौरव शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार लगातार पूरे भारतवर्ष में जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर प्रत्येक लाभार्थी को सीधे लाभ दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश प्रगति की ओर अग्रसर है।पूरी दुनिया में भारतवर्ष का नाम बड़े ही शान से लिया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं विधानसभा संयोजक शरद पाल सिंह,मण्डल महामंत्री रजनीश गंगवार, बूथ अध्यक्ष, रजनीश शर्मा, भाजपा नेता राजेन्द्र कुमार, ग्राम प्रधान महेंद्र पाल, भाजपा नेता महिपाल वर्मा, बूथ अध्यक्ष अखिलेश कुमार सहित तमाम पदाधिकारी, कर्माचारी एवं ग्राम वासीगण मौजूद रहे है।

## हरसिंहपुर गुरुद्वारा में हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया उत्सव

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरसिंहपुर में स्थित गुरुद्वारा में बाबा केसर सिंह की बरसी पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ उत्सव मनाया गया। सिख समुदाय के लोग इस गुरुद्वारा के प्रति बड़ी आस्था रखते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है। कि गुरुद्वारा में सच्चे मन से जो माथा टेकर मांगते हैं, उसकी मनोकामना पूरी हो जाती है। उत्सव में काफी संख्या में सिख समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## तहसील परिसर में पान पुड़िया खाने वालों से अधिकारी परेशान प्रशासन ने जारी किया फरमान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील परिसर को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जगह जगह तहसील की दीवारों पर नोटिस चस्पा किया गया है। जिसमें लिखा है।कि तहसील परिसर में पान पुड़िया खाकर थूकने पर 500 रुपए का जुर्माना बसूला जाएगा। दरअसल तहसील परिसर में जगह जगह पान पुड़िया खाकर लोग थूक देते हैं और उच्च अधिकारियों के निरीक्षण पर संबंधित अधिकारी की फटकार लगाई जाती हैं। इसी को लेकर गुरुवार दो बजे तहसील परिसर में जगह जगह नोटिस चस्पा कर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

## बधाई लेने को लेकर किन्नरों में विवाद, अपहरण मारपीट व लूटपाट का लगाया आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका जा के रहने वाले मनोज उर्फ महेक किन्नर ने गुरुवार एक बजे पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया। कि तीन दिन पूर्व ढका जा में एक शादी समारोह में धोखे से दूसरे किन्नर के क्षेत्र में बधाई ले ली थी। इस बात से नाराज होकर 18-06-2025 को दीपक किन्नर,सौरभ किन्नर,सोनम किन्नर, राखी किन्नर निवासी हाथी खाना पीलीभीत ईको गाड़ी से आए। आरोप है कि उक्त लोग गाड़ी में जबरदस्ती बिठाकर कोतवाली लाने की बात कहकर पीलीभीत ले जाकर कमरे में बंद कर गाली गलौज कर मारपीट की रुपए व सोने की अंगूठी, टप्स पायल सहित आदि सामान छीन लिया। पीड़ित किन्नर ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## बरसात मे नहर किनारे सेल्फी न लेने की लिए किया जागरूक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता नेकी की दीवार सामाजिक सस्था के संस्थापक गुरमेल सिंह ने एक जागरूक अभियान के तहत जागरूक बोर्ड नदी और नहरों किराने लगवाये अक्सर लोग सेल्फी लेते वक्त या लेने के चक्कर मे नदियों मे डूब जाते है ऐसी घटना को रोकने की कोशिश के लिये एक अच्छा कदम उठाया नेकी की दीवार की टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से हरदोई ब्रांच नहर के कुछ सेल्फी पॉइंटो पर जागरूक बोर्ड लगवाये अचानक सेल्फी लेने के दौरान कई लोगों की डूबने से मौते हो चुकी है इस सराहनीय कार्य से युवाओं और पर्यटकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी

# परिषदीय विद्यालय में मनाया गया योग सप्ताह

कैनविज टाइम्स संवाददाता









पूरनपुर। बेसिक स्कूल में गर्मियों के अवकाश के बाद स्कूल खुल गए हैं। ऐसे में बच्चों की छुट्टी चल रहीं हैं। और विद्यालय स्टाफ के द्वारा दिनांक 16 जून से 21 जून तक विद्यालय में शासन के आदेश अनुसार योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में पूरनपुर ब्लॉक के गड़ाकला स्कूल में योग सप्ताह मनाया गया है।जिसमें योगाचार्य आशीष कुमार योग केंद्र सेहरा मऊ उत्तरी द्वारा योग सिखाया गया है ल।जिसमें विभिन्न तरह-तरह के योग और कैसे करें और उनसे होने बाले लाभ बताए गए हैं।योग कक्षा में मंजू रानी इंचार्ज,अध्यापक हुकुम सिंह सोहन, ममता दे,वी ग्राम प्रधान राम मूर्ति एवं ग्राम गड़ा कला के बच्चो के माता-पिता भी योग कक्षा मे उपस्थित हुए हैं।नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि हमारे पूर्वज भी योग करते थे। और निरोग रहते थे। योग करने से शरीर निरोग रहता और हम स्वस्थ रहते है। इसलिए योग सभी सुबह सुबह जरूर करें।जिससे शरीर स्वस्थ रहे।

# शुकुल बाजार में पिकअप और बाइक की टक्कर में ग्राम पंचायत सदस्य की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप वाहन भागने में सफल रहा**

शुकुल,बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार कस्बा के अम्बेडकर तिराहे पर गुरुवार की सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक गम्भीर रुप से घायल हो गया है जिसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप मौके से भागने में सफल रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के अम्बेडकर तिराहे पर गुरुवार की सुबह मुर्गा लेकर जा रही अज्ञात पिकअप ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राम नेवाज उम्र पैंतालिस वर्ष निवासी ग्राम पूरे भीखम शाह मजरे गड़ेहरी थाना मोहनगंज की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार ले जाते समय मौत हो गई है जबकि राम श्री निवासी ग्राम गडेहरी, थाना मोहनगंज गंभीर रूप से घायल हो गये जिनका इलाज एक प्राइवेट अस्पताल मे चल रहा है। बताते चलें कि मृतक राम नेवाज ग्राम पंचायत गड़ेहरी से ग्राम पंचायत सदस्य था।इस सड़क हादसे की खबर मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अभिनेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है सीसीटीवी की मदद से गाड़ी की तलाश की जा रही है।

# ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जनपद स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम**

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण के कार्यक्रम भी होंगे आयोजित**

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में इक्कीस जून को ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम जनपद स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में आयोजित किया जायेगा, जिसमें करीब पांच छह सौ लोग प्रतिभाग कर सामूहिक रूप से योगाभ्यास करेंगे, कार्यक्रम प्रातः छह बजे से आठ तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जनपद की सभी तहसीलों, नगर निकायों, विकासखंडों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, विद्यालयों, पंचायत भवनों, अमृत सरोवर, स्टेडियम आदि जगहों पर भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की योग दिवस को लेकर सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी-अपनी तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर लें साथ ही सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा शुक्रवार भी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि योग दिवस वाले दिन योगाभ्यास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण के कार्यक्रम में भी चलाया जाय तथा सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि योग के प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित होने वाले योगाभ्यास के कार्यक्रम को लेकर समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाय कहीं कोई अव्यवस्था न हो। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई दुरुस्त किया जाए, शौंचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉक्टरों, आवश्यक दवाओं के साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के फोटो/वीडियो आयुष कवच ऐप पर अपलोड किए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनुपम सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

# रडार पर पाक


आखिरकार भारत की चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाकिस्तान को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, हकीकत बनती नजर आ रही है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। अब वैश्विक वित्तीय कार्रवाई कार्य बल यानी एफएटीएफ, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण गतिविधियों के लिए वैश्विक निगरानी संस्था है, ने अंततः 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आतंकवाद के लिए फंडिग के रिकॉर्ड की निगरानी करने वाली इस संस्था ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा। उल्लेखनीय है कि पाक को वर्ष 2022 में इस सूची से हटा दिया गया था। दरअसल, पाकिस्तान गढ़े हुए तर्कों के आधार पर इस निगरानी संगठन को मनाने में सफल रहा था कि वह धन शोधन और आतंकवाद वित्तपोषण से निपटने के लिये अपने सिस्टम में सुधार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रबल विरोध के बावजूद इस्लामाबाद ने अंतर्राष्ट्रीय मद्रा कोष यानी आईएमएफ से एक अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में कामयाबी हासिल कर ली थी। हालांकि, इस बेलआउट पैकेज के साथ कई कड़ी शर्तों का सामना भी पाकिस्तान को करना पड़ेगा। यह विडंबना ही कि पश्चिमी देश अपने स्वार्थों के लिये आतंकवाद पोषण की परिभाषा ही बदल देते हैं। उन्हें मानवता के प्रति अपराध करने वाले देश अपने निहित स्वार्थों के चलते पाक-साफ नजर आने लगते हैं। भारत समेत अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी तब हैरान हुई जब आईएमएफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये संतोषजनक प्रगति की है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने बेनकाब किया। भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। पाकिस्तान का मकसद था कि इससे दुनिया को आतंकवाद के प्रशिक्षण केंद्रों का पता नहीं चलेगा और वह वैश्विक संगठनों की सजा से बच जाएगा। दरअसल, पाकिस्तानी हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं। भारत ने इस खतरे का हवाला देते हुए विश्व जनमत को हकीकत से अवगत कराने का प्रयास किया है। अब यह एफएटीएफ के कर्ता-धर्ताओं के विवेक पर निर्भर करता है कि वे पाक के खतरनाक मंसूबों को कितनी जल्दी भांपने में कामयाब हो सकते हैं। एक ओर पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का हवाला देकर अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहा है, तो दूसरी ओर उसने अपनी रक्षा मद पर बीस प्रतिशत व्यय बढ़ा दिया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान इस रक्षा बजट वृद्धि का सारा पैसा राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च नहीं करेगा। धन के किसी भी दुरुपयोग का पता लगाने के लिये उसके नियमित खर्च की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को करनी चाहिए। भारत को निगरानी करने वाली वैश्विक संस्था को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वह आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क को खत्म करने के पाकिस्तान के दावे की हकीकत पता लगाए। अब वित्तीय कार्रवाई कार्य बल यानी एफएटीएफ को इस बात पर जोर देना चाहिए कि पाकिस्तान की कार्रवाई में पारदर्शिता सुनिश्चित हो ताकि पाकिस्तान एक बार फिर से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम न दे सके।

# जीवित रहें पुस्तकालय

**मनुष्य के विकास का इतिहास मूलतः ज्ञान और जानकारी की खोज का इतिहास है। सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य ने जानकारी को संरक्षित करने और साझा करने के विविध प्रयास किए हैं गुफाओं की चित्रकला से लेकर 'डिजिटल आर्काइव' तक। इस संदर्भ में पुस्तकालयों की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण रही है। पुस्तकालय ज्ञान के भंडार से बढ़कर मानवता की सामूहिक स्मृति और विकास की धुरी हैं। संयुक्त राष्ट्र के सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा-पत्र के अनुच्छेद 19 में कहा गया है कि 'प्रत्येक व्यक्ति को राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है; इस अधिकार में सूचना और विचारों को बिना किसी सीमाओं के प्राप्त करने, ग्रहण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता भी सम्मिलित है।' यह अधिकार तभी सार्थक होता है, जब समाज में ऐसे संस्थान हों जो सबको समान रूप से ज्ञान तक पहुंच प्रदान करें। सार्वजनिक पुस्तकालय इस अधिकार की भौतिक अभिव्यक्ति हैं। जब हम सार्वजनिक पुस्तकालयों की बात करते हैं, तो हम उस अधिकार की भी बात कर रहे होते हैं जो हर मनुष्य को सूचना, शिक्षा और आत्मविकास के लिए प्राप्त होना चाहिए । पुस्तकालय विचारों की खान होते हैं, जहां हर आयु, जाति, वर्ग और पृष्ठभूमि का व्यक्ति प्रवेश कर सकता है और अपने बौद्धिक क्षितिज का विस्तार कर सकता है। सार्वजनिक पुस्तकालय लोकतंत्र के उन मौन स्तंभों में से एक हैं, जहां सूचना की समता संभव होती है।**

किसी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता का पैमाना केवल उसकी भौतिक प्रगति से नहीं, बल्कि उसकी बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना से भी मापा जाता है। यह चेतना कहां विकसित होती है ? क्या केवल विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में? या फिर केवल घर की चारदीवारी में? नहीं, यह चेतना उस सार्वजनिक स्थान पर भी आकार लेती है, जहां विचार स्वतंत्र होते हैं, जिज्ञासाएं पूरित होती हैं और ज्ञान की कोई कीमत नहीं होती । वह स्थान है सार्वजनिक पुस्तकालय ।

मनुष्य के विकास का इतिहास मूलतः ज्ञान और जानकारी की खोज का इतिहास है। सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य ने जानकारी को संरक्षित करने और साझा करने के विविध प्रयास किए हैं गुफाओं की चित्रकला से लेकर 'डिजिटल आर्काइव' तक। इस संदर्भ में पुस्तकालयों की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण रही है। पुस्तकालय ज्ञान के भंडार से बढ़कर मानवता की सामूहिक स्मृति और विकास की धुरी हैं। संयुक्त राष्ट्र के सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा-पत्र के अनुच्छेद 19 में कहा गया है कि 'प्रत्येक व्यक्ति को राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है; इस अधिकार में सूचना और विचारों को बिना किसी सीमाओं के प्राप्त करने, ग्रहण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता भी सम्मिलित है।' यह अधिकार तभी सार्थक होता है, जब समाज में ऐसे संस्थान हों जो सबको समान रूप से ज्ञान तक पहुंच प्रदान करें। सार्वजनिक पुस्तकालय इस अधिकार की भौतिक अभिव्यक्ति हैं। जब हम सार्वजनिक पुस्तकालयों की बात करते हैं, तो हम उस अधिकार की भी बात कर रहे होते हैं जो हर मनुष्य को सूचना, शिक्षा और आत्मविकास के लिए प्राप्त होना चाहिए । पुस्तकालय विचारों की खान होते हैं, जहां हर आयु, जाति, वर्ग और पृष्ठभूमि का व्यक्ति प्रवेश कर सकता है और अपने बौद्धिक क्षितिज का विस्तार कर सकता है। सार्वजनिक पुस्तकालय लोकतंत्र के उन मौन स्तंभों में से एक हैं, जहां सूचना की समता संभव होती है। अमीर हो या गरीब, पढ़ा-लिखा हो या ज्ञान की शुरुआत करने वाला हर व्यक्ति पुस्तकालय में समान अधिकार के साथ प्रवेश करता है। यही समानता किसी समाज को भीतर से मजबूत करती है। जब समाज में शिक्षा की पहुंच बढ़ती है, तो उसे पोषण देने के लिए ऐसे मंचों की आवश्यकता होती है जो औपचारिक शिक्षा से आगे जाकर जिज्ञासा को जीवित रखें। पुस्तकालय वही मंच है, जहां पाठ्यक्रम की सीमाएं टूटती हैं और पाठक अपनी गति और रुचि के अनुसार सीखने लगता है। वहां कोई परीक्षा नहीं होती, कोई अंक नहीं दिए जाते, फिर भी सीखने की प्रक्रिया अधिक सजीव और आत्मीय होती है। यह आत्म- प्रेरित अध्ययन किसी भी राष्ट्र की सृजनात्मक क्षमता को बढ़ावा देता है। सार्वजनिक पुस्तकालयों का एक और महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि वे सामाजिक एकता के प्रतीक होते हैं। वे विचारों की बहुलता को स्वीकार करते हैं और विभिन्न मतों को एक ही छत के नीचे सह-अस्तित्व प्रदान करते हैं। जहां समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है, वहां पुस्तकालय जैसे स्थान एक शांतिपूर्ण संवाद की संभावना रखते हैं। अलमारी के एक ही खाने में गांधी और मार्क्स की किताबें मिल सकती हैं, तुलसी और कबीर साथ- साथ मिल सकते हैं और यही विविधता हमें सहिष्णुता सिखाती है। तकनीक के इस युग में यह तर्क दिया जा सकता है कि जब सारी जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध है, तो पुस्तकालय की क्या आवश्यकता है ! यह भूलना नहीं चाहिए कि इंटरनेट जानकारी तो देता है, पर संदर्भ और विवेक के साथ ज्ञान नहीं देता। पुस्तकालय एक संरचित और विश्वसनीय ज्ञान का भंडार है, जहां किताबों की उपस्थिति और उनका चयन एक विचारशील प्रक्रिया का परिणाम होता है। इसके अलावा, डिजिटल पहुंच आज भी अनेक लोगों के लिए एक विशेषाधिकार है, जबकि पुस्तकालय सार्वजनिक और समावेशी होते हैं। पुस्तकालयों का महत्त्व केवल बौद्धिक नहीं, भावनात्मक और सांस्कृतिक स्तर पर भी है। कितने ही लोगों के लिए पुस्तकालय जीवन की कठिनाइयों में एक आश्रय बनता है। वहां की शांति, किताबों की गंध और पढ़ते हुए समय के रुक जाने का अहसास - यह सब एक मानसिक सुकून देता है जो शायद किसी और स्थान पर नहीं मिलता। किसी किशोर के लिए जो घर में पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण नहीं पा सकता, पुस्तकालय एक नई दुनिया खोल देता है। किसी वृद्ध के लिए, जो अकेलापन महसूस करता है, वहां का माहौल जीवंतता का अनुभव कराता है । आज जब हम शहरीकरण और डिजिटल विकास के नाम पर जगह-जगह माल और सिनेमाघर बना रहे हैं, तब यह आवश्यक है कि हम पुस्तकालयों को भी उतना ही महत्त्व दें। यह केवल भवनों की बात नहीं है, यह सोच की बात है। सार्वजनिक पुस्तकालयों में निवेश करना एक दीर्घकालिक निवेश है। ऐसा निवेश जो आने वाली पीढ़ियों को सोचने समझने और बेहतर समाज गढ़ने की शक्ति देता है। यह एक ऐसी विरासत है जिसे बनाए रखना, बढ़ाना और प्रसारित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक पुस्तकालयों को केवल एक परंपरागत संस्था समझने की भूल न की जाए। वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे. शायद और भी अधिक । समाज की आत्मा को अगर कभी पढ़ना हो, तो वह उसके पुस्तकालयों की अलमारियों में छिपी पड़ी होती है। वहां मौजूद किताबें मनुष्यता के सबसे सुंदर स्वप्नों, विचारों और अनुभवों की अभिव्यक्ति होती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने सार्वजनिक पुस्तकालयों को न केवल संरक्षित करें, बल्कि उन्हें जीवंत, समृद्ध और समावेशी बनाएं. क्योंकि जहां पुस्तकालय फलते-फूलते हैं, वहीं समाज भी विचारशील, उदार और प्रगतिगामी बनता है। **–विजय गर्ग**



# चेतना के दो रूप हैं कैलाश और केदार

**कैलाशी पीयूष शर्मा**

हर साल जून का महीना उत्तराखंड त्रासदी के जख्म हरे कर जाता है। 16 जून 2013-यह एक ऐसा कालखंड है, जिसे स्मरण करते ही हिमालय की शांत घाटियां सिसकियां भरती प्रतीत होती हैं और पवित्र नदियां अपने प्रवाह में एक गहरी वेदना लेकर बहती हैं। उत्तराखंड की इस त्रासदी ने हजारों श्रद्धालुओं, यात्रियों, ग्रामीणों और जीवन से भरे घाटियों को चिर शांति में लीन कर दिया। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं थी, यह उस चेतावनी का रूप थी जिसे प्रकृति ने हमें चेतने के लिए भेजा था। मैं स्वयं उस समय कैलाश मानसरोवर यात्रा पर था। यह यात्रा उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल से होकर निकलती है-अल्मोड़ा, धारचूला, नारायण स्वामी आश्रम से होते हुए भारत-नेपाल की सीमा रेखा काली नदी के किनारे-किनारे चलते हुए यात्री लिपुलेख दर्रे को पार कर तिब्बत (अब चीन-शासित क्षेत्र) की ओर बढ़ते हैं, जहां श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के पावन धाम कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन के साथ परिक्रमा लगाते हैं फिर ब्रह्मा जी के मानस से निर्मित पवित्र मानसरोवर झील में स्नान कर हवन-पूजन कर अपने आप को धन्य अनुभव करते है। किंतु उसी समय 15 जून की रात्रि से ही गढ़वाल मंडल की केदार घाटी में भीषण त्रासदी प्रकट हो रही थी। मूसलधार बारिश, बादल फटने और भूस्खलनों ने वहां का पूरा जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। हजारों श्रद्धालु असमय काल के ग्रास बने। असंख्य परिवार उजड़ गए। और उस तीर्थभूमि ने रक्त और आंसू का ऐसा संगम देखा, जिसे कोई शब्द पूर्णतः व्यक्त नहीं कर सकता। हमारा जत्था हिमालय की ऊंचाइयों में था। मौसम की मार से रास्ते बंद हो गए थे। संपर्क कट चुका था और आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति भी बाधित हो चुकी थी। बाद में वायुसेना के वीरों ने हमें हेलीकॉप्टरों से सुरक्षित निकाला। लेकिन उस संकट की घड़ी में, पूज्य गुरुजी की एक सीख गूंजती रही-''पहाड़ पर पहाड़ जैसे रहना, जैसा वह रखे वैसा रहना।'' इसने हमें संयम, श्रद्धा और संकल्प के साथ परिस्थिति को स्वीकारने और आनंद के साथ जीने की शक्ति दी। कैलाश यात्रा अपने आप में केवल एक तीर्थयात्रा नहीं है-यह आत्मा की यात्रा है। यह रोमांच से अधिक आत्मसमर्पण की यात्रा है। जहां सांसें थम जाती हैं, वहीं ध्यान जागता है। हिमालय की गोद में शिव स्वयं उपस्थित हैं-वटवृक्ष नहीं, ऊंचे पर्वत ही उनके आसन हैं। यहां मनुष्य को अपने सबसे सूक्ष्म रूप में अपने आप से साक्षात्कार होता है। उत्तराखंड की संस्कृति हिमालय जितनी ही ऊंची और नदियों जितनी ही गहराई लिए होती है। यहां के गांवों में लोकगीतों में शिव बसते हैं, और यहां की स्त्रियां दुर्गा की तरह श्रमशील और शक्तिशाली होती हैं। यहां के बच्चे भी गाय-भेड़ें चराते हुए नंदा देवी की कहानी सुनाते हैं। यह केवल भौगोलिक भूमि नहीं, यह देवभूमि है-जहां प्रकृति और परमात्मा दोनों का साक्षात्कार होता है। 2013 की आपदा ने हमें यह सिखाया कि प्रकृति के साथ संतुलन ही उत्तर है। यदि हमने अपने पहाड़ों को, नदियों को, और पर्वतीय जीवनशैली को नहीं समझा, तो यह सौंदर्य विनाश का कारण बन सकता है। आज हम उन सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जो केदार घाटी की त्रासदी में कालवश हो गए। वे तीर्थ यात्री नहीं, हमारे सनातन विश्वास के वीर सैनिक थे, जिन्होंने परम पथ की ओर यात्रा करते हुए देह का त्याग किया। और साथ ही, यह भी प्रण लें कि हिमालय की गोद में बसे इस प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखें। विकास के नाम पर विनाश की राह न चुनें। यात्राओं को श्रद्धा और संयम से करें। पर्यावरण के नियमों और स्थानीय संस्कृति के साथ समन्वय बनाकर आगे बढ़ें। कैलाश और केदार दोनों एक ही चेतना के दो रूप हैं। एक मौन तपस्या है, दूसरा प्रकट करुणा। और दोनों हमें यही सिखाते हैं-जो गया है, वह भी शिव में लीन हुआ है। और जो बचा है, वह भी शिव की इच्छा से ही बचा है। ? नमः शिवाय। ? शांति! शांति!! शांति!!! दुर्भाग्य से केदारनाथ त्रासदी में मारे गए लोगों की पहचान 12 साल बाद भी रहस्य बनी हुई है। बड़ा रहस्य उन 702 लोगों की पहचान का है, जिनके डीएनए नमूनों की रिपोर्ट पुलिस के पास है। आपदा में लापता हुए अपनों की पहचान के लिए 6000 से अधिक लोगों ने अपने डीएनए नमूने लैब को दिए थे। इनमें से भी इन 702 लोगों की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में अब इन डीएनए नमूनों का अपनों के लिए इंतजार बढ़ता जा रहा है। भारत में सदी की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक 2013 केदारनाथ त्रासदी में देश के हजारों परिवारों ने अपनों को खोया था। पुलिस ने कई हजार लोगों को बचाया भी था, लेकिन केदार घाटी और आसपास के इलाकों में वर्षों तक शव और उनके हिस्से पुलिस को मिलते रहे हैं। सैकड़ों शवों और कंकालों का पुलिस ने ही अंतिम संस्कार कराया था।आज भी कहीं-कहीं कंकाल और अवशेष मिलते रहते हैं।

## सेहत मंत्र

# आंतों की नियमित सफाई के लिए हरड़ का करें सेवन

हरड़ या हरीतकी का वृक्ष 60 से 80 फुट ऊंचा होता है। प्रधानतः यह निचले हिमालय क्षेत्र में रावी तट से बंगाल आसाम तक लगभग पांच हजार फुट की ऊंचाई तक पाया जाता है। इसकी छाल गहरे भूरे रंग की होती है तथा पत्तों का आकार वासा के पत्तों जैसा होता है। सर्दियों में इसमें फल आते हैं जिनका भंडारण जनवरी से अप्रैल के बीच किया जाता है। मौटे तौर पर हरड़ के दो प्रकार हैं? बड़ी हरड़ और छोटी हरड़। बड़ी हरड़ में सख्त गुठली होती है जबकि छोटी हरड़ में कोई गुठली नहीं होती। वास्तव में वे फल जो गुठली पैदा होने से पहले ही तोड़कर सुखा लिए जाते हैं उन्हें ही छोटी हरड़ की श्रेणी में रखा जाता है। आयुर्वेद के अनुसार छोटी हरड़ का प्रयोग निरापद होता है क्योंकि आंतों पर इसका प्रभाव सौम्य होता है। वनस्पति शास्त्र के अनुसार हरड़ के तीन अन्य भेद हो सकते हैं। पक्वफल, अर्धपक्व फल तथा पीली हरड़। छोटी हरड़ को ही अधिपक्व फल कहते हैं जबकि बड़ी हरड़ को पक्वफल कहते हैं। पीली हरड़ का गूदा काफी मोटा तथा स्वाद कसैला होता है। फलों के स्वरूप, उत्तत्ति स्थान तथा प्रयोग के आधार पर हरड़ के कई अन्य भेद भी किए जा सकते हैं। नाम कोई भी हो चिकित्सकीय प्रयोगों के लिए डेढ़ तोले से अधिक भार वाली, बिना छेद वाली छोटी गुठली तथा बड़े खोल वाली हरड़ ही प्रयोग की जाती है। टेनिक अम्ल, गलिक अम्ल, चेबूलीनिक अम्ल जैसे ऐस्ट्रिन्जेन्ट पदार्थ तथा एन्थ्राक्वीनिन जैसे रोचक पदार्थ हरड़ के रासायनिक संगठन का बड़ा हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त इसमें जल तथा अन्य अघुलनशील पदार्थ भी होते हैं। इसमें 18 प्रकार के अमीनो अम्ल मुक्तावस्था में पाए जाते हैं। बवासीर, सभी उदर रोगों, संग्रहणी आदि रोगों में हरड़ बहुत लाभकारी होती है। आंतों की नियमित सफाई के लिए नियमित रूप से हरड़ का प्रयोग लाभकारी है। लंबे समय से चली आ रही पेचिश तथा दस्त आदि से छुटकारा पाने के लिए हरड़ का प्रयोग किया जाता है। सभी प्रकार के उदरस्थ कृमियों को नष्ट करने में भी हरड़ बहुत प्रभावकारी होती है। अतिसार में हरड़ विशेष रूप से लाभकारी है। यह आंतों को संकुचित कर रक्तस्राव को कम करती हैं वास्तव में यही रक्तस्राव अतिसार के रोगी को कमजोर बना देता है।

## धर्म मंत्र

# श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृश्णाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥ दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। ॐ नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः। तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते-फिरते उठते-बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम-राम हरे-हरे। कृष्ण मंत्रों का महत्व-उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

पर्यटन



# दार्जिलिंग की वादियां जितनी हसीन हैं उससे भी ज्यादा हैं दिलकश

कंचनजंगा की बर्फ से ढकी विशाल चोटियों के बीच बसे पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग शहर की वादियां जितनी हसीन हैं, उससे भी ज्यादा दिलकश है वहां तक पहुंचने का रास्ता। गर्मियों में कूल एहसास के लिए चलते हैं इस बेमिसाल शहर के सफर पर.. दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल का एक बड़ा शहर है। यह हमेशा से ब्रिटिश हुकूमत की आंखों का तारा रहा और उन्हीं के राज में यहां चाय की खेती फली-फूली। आज दार्जिलिंग टी पूरी दुनिया में मशहूर है। समुद्र तल से 6,710 फीट की ऊंचाई पर बसा यह शहर आज भी अपनी इमारतों में ब्रिटिश राज के उस दौर को जिंदा रखे हुए है। दार्जिलिंग की वादियां जितनी हसीन और दिलकश हैं, उससे भी ज्यादा दिलफरेब वहां तक पहुंचने का रास्ता है। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे हिमालयन रेलवे की छोटी लाइन पर चलने वाली खिलौना रेलगाड़ी जिसे 'टॉय ट्रेन' भी कहते हैं, न्यू जलपाईगुड़ी से दार्जिलिंग पहुंचने का बहुत पुराना और सैलानियों का पसंदीदा तरीका है। मात्र दो फीट के नैरो गेज पर छुक-छुक करके दौड़ने वाली इस हिमालयन रेल को यूनेस्को ने विश्र्व धरोहर का दर्जा दिया है। हिमालय का गेट कहे जाने वाले शहर न्यू जलपाईगुडी से चलकर यह ट्रेन सड़क मार्ग के साथ आंख मिचौली खेलती हुई सड़क के बराबर-बराबर चलती है और बीच में चुपके से जंगल में गायब भी हो जाती है। न्यू जलपाईगुडी से दार्जिलिंग तक 88 किमी. की दूरी तय करते हुए चाय के बागानों के बीच से गुजरती हुई यह ट्रेन आपको प्रकृति के इतने नजदीक ले जाती है कि आप सब कुछ भूल कर उस रमणीकता का हिस्सा बन जाते हैं। कितने ही लूप और ट्रैक बदलती हुई यह ट्रेन पहाड़ी गांवों और कस्बों से मिलती-मिलाती किसी पहाड़ी बुजुर्ग की तरह 6-7 घंटों में धीरे-धीरे सुस्ताती हुई दार्जिलिंग पहुंचती है। इस रास्ते पर पडऩे वाले स्टेशन भी अंग्रेजों के जमाने की याद ताजा कराते हैं।

# समुद्र पार संघर्ष बाराबंकी के किंतूर गांव में बढ़ी हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## किंतूर का ईरान के कद्दावर से गहरा रिश्ता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।इजराइल और ईरान के बीच घमासान के दरम्यान बाराबंकी जनपद के किन्तूर गांव में हलचल बढ गई है।ईरान के सर्वोच्च नेता और पूर्वजों का बाराबंकी के किंटूर से नाता से की खबरों ने मीडिया जगत की दिलचस्पी बढ गई है। बड़े-बड़े मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि यहां लगातार पहुंच रहे हैं और काजमी परिवार से मिल भेंट रहे हैं । यहां के कासमी परिवार ईरान के सर्वोच्च नेता के पूर्वज सैयद अहमद मूसवी हिंदी को अपना पूर्वज बताते है।काजमी परिवार के मुखिया सैयद निहाल अहमद काजमी ने बताया कि आयतुल्लाह सैय्यद रुहल्लाह मूसवी ख़ुमैनी साहब के दादा सैय्यद अहमद मूसवी हिंदी का संबन्ध किन्तूर गांव से रहा है। वह 1830 में यहां से नवाबों के साथ जियारत के लिए इराक गए थे वहां से ईरान पहुंचे । वहीं के एक गांव खोमैन में बस गए। ईरान इजरायल के युद्ध के संबंध में उन्होंने कहा कि कोई भी इंसानियत पसन्द इंसान युद्ध को जायज नहीं ठहरा सकता है।वही सैयद निहाल अहमद काजमी के पुत्र सय्यद आदिल काजमी ने बताया कि ईरान के मौजूदा सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनई का किन्तूर गांव से कोई सीधा सम्बंध नहीं है।आयतुल्लाह सैयद रुहल्लाह मूसवी ख़ुमैनी के दादा सैयद अहमद मूसवी हिंदी का संबंध हमारे यहां किंतूर से था । मौजूदा ईरान के सर्वोच्च नेता अली ख़ामेनई ख़ुमैनी साहब के छात्र थे आज भी उन्ही के बताएं रास्तों पर चल रहे हैं। उन्होंने ईरान और इजरायल युद्ध के संबंध में बताते हुए कहा कि इसराइल हिंसक देश है जिसने गाजा और फलीस्तीन में तमाम मासूमों को शहीद किया है ईरान अमन पसंद देश है इंसानियत का साथ देने वाला देश है।

बताते चलें सैयद अहमद मूसवी हिंदी का जन्म बाराबंकी जनपद की तहसील सिरौली गौसपुर के किन्तूर गांव में हुआ था जो बाराबंकी जनपद मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर मौजूद है।यहां पर महाभारत कालीन माता कुंती द्वारा स्थापित शिवलिंग विराजमान है। जो कुंतेश्वर धाम के नाम से जाना जाता है।

## विश्व हिन्दू परिषद ने लगाया सरकारी धन के दुरुप्रयोग का आरोप लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

पूरनपुर।विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री रूम सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र मे कहा पूरनपुर से कलीनगर रोड़ की सफाई के कई वर्षों से जिला स्तर व तहसील स्तर पर पत्र दिये थे कोई कार्यवाही न होने के कारण आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से अवगत कराया था। जिस पर उक्त रोड़ पर सफाई का कार्य जेसेबी से फर्जी तरीके से किया जा रहा हैं। सफाई के दौरान न तो गन्दगी हटाई जा रही है और न तो झाड़ियों की सफाई हो पा रही हैं। ठेकेदार व पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा खानापूरी का सरकारी धन का दूरपयोग कर घन का बन्दरबाट किया जा रहा हैं जेई से फोन पर सम्पर्क किया गया तो जेई आग बबूला हो गये। रूम सिंह यादव ने सरकारी धन का दुरुप्रयोग कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया

# पोल, स्टे में विद्युत प्रवाह ग्रामीण की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड की ग्राम पंचायत मोहसंड के पुत्तनखेड़ा में दर्दनाक हादसा ने पूरे गांव को झकझोर दिया। बिजली के खंभे के स्टे में विद्युत प्रवाह का वृद्ध शिकार हुआ। जानकारी मुताबिक पुत्तन खेड़ा निवासी लल्लू उम्र करीब 65 वर्ष पुत्र बृजलाल विजली खंभे के पास से गुजरा तभी यह हादसा हुआ। करंट लगने से वह वहीं स्टे में लिपटकर गिर गया। ग्रामीणों ने उसे गिरता देखा और सबसे पहले विद्युत विभाग को फोन मिलाया।

**नहीं उठा विद्युत विभाग का फोन –**

ग्रामीणों के अनुसार हादसा घटित होते देख उन्होंने तुरंत विद्युत विभाग को फोन मिलाया परंतु फोन नहीं उठा,लोगो की माने तो अगर विद्युत विभाग का फोन उठ जाता तो हो सकता है आज एक जान बच जाती। मजबूरन ग्रामीणों ने पास लगे ट्रांसफार्मर में बांस के सहारे तार को हटाकर विद्युत आपूर्ति बाधित की।

स्थानीय लोगों ने डायल 100 पर सूचना दी। पुलिस अधेड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर ले गई जहां डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

### सतर्क होता महकमा तो बच जाती जान

**विद्युत विभाग की लापरवाही –**

यह घटना विद्युत विभाग की लापरवाही का परिणाम है, क्योंकि खंभे के स्टे में करंट उतरने की घटना सामान्य नहीं है।

गांव का हर व्यक्ति आज गमगीन हो गया क्योंकि जिनकी मृत्यु हुई है वह पति पत्नी ही थे उनके बच्चे नहीं थे एक दूसरे का सहारा थे पति की अचानक मृत्यु से पत्नी पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

**बिना सुरक्षा उपकरण काम करता विद्युत कर्मी –**

घटना के बाद ट्रांसफार्मर के पोल पर चढ़ा विद्युत कर्मी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के कार्य कर रहा है जबकि अभी कुछ दिन पूर्व ही विद्युत उपकेंद्र कुर्सी के उपखंड अधिकारी सर्वेश कुमार द्वारा विद्युत कर्मियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए है।

# रामसनेहीघाट में अलग–अलग सड़क हादसों में एक की मौत, छह घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। गुरुवार का दिन तहसील क्षेत्र के लिए हादसों से भरा रहा। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई तीन सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शोभापुर सनौली निवासी अनवर पुत्र बेचू बाइक से थोरथिया जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदपुर-सिद्धौर मार्ग पर थोरथिया के निकट एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। हादसे में अनवर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कोटवा सड़क के सनौली मोड़ के समीप हुई, जहां एक बुलेट मोटरसाइकिल और बोलेरो वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में बुलेट सवार तीन लोग–रामकुमार (65), कल्लू (45) तथा चांद बाबू (30) निवासी ईश्वरीगंज घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी रामसनेहीघाट लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रामकुमार व कल्लू को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि चांद बाबू का उपचार सीएचसी में जारी है। चांद बाबू ने बताया कि वे तीनों कोटवा सड़क से अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सीएचसी रामसनेहीघाट के चिकित्सक डॉ. रईश खान ने बताया कि तीनों घायलों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। तीसरी सड़क दुर्घटना अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नारायणपुर मोड़ के पास हुई, जहां एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान मंजीत (25) निवासी साहनी गांव थाना भेलसर, तथा अजय (21) व सूरज (18) निवासी शेखाना मोहल्ला, रूदौली के रूप में हुई है। तीनों युवक कोतवाली रामसनेहीघाट के भिटरिया क्षेत्र से वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।घायल सूरज ने बताया कि वे भिटरिया गए थे और लौटते समय नारायणपुर मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उन्हें भी सीएचसी रामसनेहीघाट में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है।

**सीएचसी प्रभारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति स्थिर है और उपचार जारी है।**

# जिला जज, डीएम व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। गुरुवार को जनपद न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय? तथा सीजेएम श्रीमती सुधा सिंह? ने संयुक्त रुप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, सीजेएम द्वारा जिलाकारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम, महिला बैरक, किशोर सदन जिसमें 18 से 21आयु के किशोर रखे जाते है, आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही कारागार परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना गया। जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों तथा बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जे.पी. तिवारी सहित कारागार कर्मी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एडीओ पंचायत ने किया पंचायत भवनों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी ।सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने क्षेत्र के विभिन्न पंचायत भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई अनियमितताएं सामने आईं। पीठापुर पंचायत भवन अनुपयोगी स्थल पर होने के कारण सचिवालय का कार्य विद्यालय में चल रहा है। धुसड़िया, ददरौली भवानीपुर और पजरौली के पंचायत भवन बंद पाए गए। मौलाबाद में कार्य चल रहा था। भरथीपुर में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड कैंप देखा जहां पंचायत भवन की लाइट खराब मिली। ददरौली भवानीपुर में सामुदायिक शौचालय और आरसी सेंटर निष्क्रिय पाए गए। इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए केयर टेकर और सचिव का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने बताया कि फैमिली आईडी और आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य पंचायत भवनों में चल रहा है।जिसका निरीक्षण किया गया है।इस दौरान ग्राम पंचायत में व्यय बाउचर प्रणाली का भी निरीक्षण किया गया।

उन्होंने ने कहा कि सभी पंचायत सचिवों को कार्य में तेजी लाने के साथ ही पंचायत कार्यालय को समय से खोलने और उचित रखरखाव के निर्देश दिए गए हैं।

# कुर्सी में अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह के आदेश पर गुरुवार को ग्राम व परगना कुर्सी गाटा संख्या 1310 ख0 मि0/6.965 अवैध अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाया गया। राजस्व टीम द्वारा भू माफियाओं एवं अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कस्बा कुर्सी में अवैध अतिक्रमण पर यह बड़ी कार्यवाही की ग?ई है । कुर्सी थाना अंतर्गत अमरुन फैक्ट्री व भठ्ठे के आस पास सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग एवं कब्जेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की ग?ई । कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार अभिनव सिंह सहित दर्जनों लेखपालों की टीम ने नापी करके सरकारी जमीन को भू माफियाओं से मुक्त कराया। इस मौके पर कुर्सी थाना प्रभारी अनिल सिंह, बड्डुपुर थाना, घूंघटेर थाना राजस्व विभाग से लेखपाल सर्वेश यादव, प्रिंस शर्मा, अरविंद वर्मा, कपिलदेव,मोहित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### स्टांप विक्रेताओं की अनियमितता को लेकर तहसीलदार ने नहीं की जांच

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील परिसर में स्टांप विक्रेताओं द्वारा की जा रही अनियमितता को लेकर तहसीलदार से की गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिवक्ताओं ने हुए कहा कि 12 जून को स्टांप विक्रेताओं के द्वारा की जा रही अनियमितता को लेकर न्यू अवध बार एसोसिएशन बल्दीराय ने एक पत्र तहसीलदार को दिया गया था जिसमें उन्होंने जांच करने का आश्वासन दिया था लेकिन एक सप्ताह बाद भी उक्त संबंध में कोई भी जांच नहीं की गई अधिवक्ताओं ने कहा कि सोमवार को एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी बल्दीराय को दिया जाएगा।

### नवागत शिक्षा अधिकारी का स्वागत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय प्राथमिक विद्यालय प्रथम में नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा का स्वागत शिक्षकों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।फिजा मिर्ज़ा ने शिक्षकों से परिचय प्राप्त करने के बाद महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिवाजी मिश्र, ब्लॉक महामंत्री आशुतोष वर्मा, प्रहलाद कुमार विमल, सौरभ वर्मा, सचिन वर्मा, अमरदीप, आकाश वर्मा, शिवम श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शुक्ला, कृष्ण चंद्र बाजपेई और कई अन्य शिक्षक शामिल थे। महिला शिक्षिकाओं में निधि राज, शिखा गुप्ता, कुसुम लता, रुचि गुप्ता और सारिका कन्नौजिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सहित विधायक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी की लोकप्रियता मे आये दिन इजाफा होता नजर आ रहा है। सीएम योगी से मिलने को लेकर जनप्रतिनिधियों का व उनके परिजनों का सैलाब उमड़ा नजर आ रहा है। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा विधायक बाबूराम ब उनके बेटे राजमणि पासवान,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुकुमार गाइन, राजेश कठेरिया,विवेक कुमार सिंह सहित अन्य भाजपा नेता मुलाकात के दौरान शामिल रहे हैं।

### गौशालाएं सुधरेंगी, आंवला में लगेंगी फैक्ट्रियां: पशुधन मंत्री ने बरेली में दिए सख्त निर्देश

बरेली । सर्किट हाउस में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने जिले के अधिकारियों को साफ निर्देश दिए—गौशालाओं की दशा सुधारो, चारागाह की जमीन कब्जा मुक्त कराओ और युवाओं के लिए आंवला में फैक्ट्रियों की राह खोलो।

# डीएम शशांक ने किया वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## रात्रि दृष्टि क्षमता युक्त सीसीटीवी लगाने के निर्देश

बाराबंकी।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककरहिया स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उसके परिवहन, डंपिंग प्रक्रिया तथा कचरे के वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्लांट की क्षमता, कार्य पद्धति और कार्यदायी संस्था द्वारा अपनाई जा रही तकनीक को बारीकी से देखा। जिलाधिकारी ने कूड़े के प्रसंस्करण के बाद निकलने वाली ईंधन योग्य अपशिष्ट सामग्री (आर.डी.एफ) निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट तथा अन्य पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों की गुणवत्ता व उपयोगिता का भी गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्लांट परिसर की सुरक्षा एवं सतत निगरानी के लिए रात्रि दृष्टि क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। साथ ही, कूड़ा लेकर आने वाले वाहनों का आगमन व प्रस्थान का विवरण पंजिका में नियमित रूप से दर्ज किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यह वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसकी सफलता नगरीय क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्लांट की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न बरती जाए और इसकी निरंतर निगरानी की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज संजय शुक्ला तथा संबंधित अभियंता उपस्थित रहे।

# कुंतेश्वर तीर्थ विकास का धन डकार गया गठबंधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता







## सवालों में विकास कार्य

सिरौली गौसपुर बाराबंकी?। अभी बहुत समय नहीं बीता, जब लोग लोग भगवान से डरा करते थे। धार्मिक कार्यों और देवस्थान आज के निर्माण में कमीशन खोरी या फिर घटिया निर्माण सागर सामग्री लगाने से लोग यह कह कर बचते थे कि भगवानों के काम मा दलाली करैंगे। वर्तमान परिवेश में देखा जाए तो धर्म और धार्मिक कार्यों का कोई मायने ही नहीं रहा। समाज से भी प्रेम नारायण वर्मा कहते हैं कि अब लोक परलोक की सोच से इंसान परे है। नेता और सरकारी कर्मियों किसान घाट व्यवस्था कर से द्रवित श्री वर्मा कहते हैं कि धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के जीर्णोद्धार निमित्त दी जाने वाली निधि भ्रष्टाचार के दलदल से मुक्त नहीं रही। जिले के सुप्रसिद्ध और द्वापर कालीन तीर्थ कुंतीश्वर महादेव व लोधेश्वर महादेवा मैं बनाए गए तीर्थ यात्रियों श्रद्धालुओं के निमित्त बनाए गए रेंन बसेरा व शौचालय भ्रष्टाचारण की मिसाल है।

समाजसेवी श्री वर्मा कहते हैं कि धर्मार्थ कार्य में कुंतेश्वर महादेव मंदिर को विकसित करने के नाम पर बहुत बड़ा घोटाला किया गया। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश्‌ दर्शन योजना के आध्यात्मिक परिचय अंतर्गत जनपद बाराबंकी के तहसील सिरौलीगौसपुर में कुंतेश्वर महादेव मंदिर पर हुए विकास कार्य शौचालय, बाउन्ड्रीवाल, सोलर तथा यहां पर आने वाले श्रद्धालु के लिए शुद्ध पानी पीने के लिए स्थापित आरओ प्लांट जिसका उद्घाटन सांसद प्रियंका सिंह रावत के कर कमलों द्वारा 10 मार्च 2019 को संपन्न हुआ और बोर्ड भी लग गया किंतु उस पर कही भी लागत नहीं लिखी गई यहां पर कुल कितना धन खर्च किया गया जिसकी प्रदर्शित करना शायद तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों को उचित नहीं लगा होगा इसलिए यहां पर यह नहीं लिखा गया की कितनी लागत से बना है जबकि यहां के लोगों का साफ कहना है कि आरओ प्लांट का एक बूंद पानी भी किसी को रिसीव नहीं हुआ। रही बात शौचालय की तो तो वह बुनियादी काल से अब तक तालो में ही कैद है।

**शौचालयों में भी ताला बंद रहता है और जितने भी कार्य हुए हैं सब घटिया और मानक विहीन।**

इस संबंध में यहां सेवा देने वाली कुंतेश्वर महादेव उत्थान समिति के अध्यक्ष जयचंद यादव, महामंत्री मेढीलाल मौर्या बताते हैं कि आज 7 वर्ष पूर्व यहां पर जो भी कार्य किया गया है उसमें काफी भ्रष्टाचार किया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर 31 लाख 60000 रुपया खर्च दिखाया गया है जबकि सारे कार्य मिलाकर ज्यादा से ज्यादा 10 लाख रुपए का खर्च हुआ। बाकी सारा पैसा नेताओं अधिकारियों और ठेकेदारों ने मिलकर डकार लिया। श्री यादव कहते हैं कि इस संबंध में कई बार शिकायत भी किया गया।उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक किसी के द्वारा इसे हैंड ओवर नहीं किया गया है। वहीं सूत्रों की माने तो स्वयंसेवी संस्था जो अपने को मंदिर का कर्ताधर्ता बताती है द्वारा हैंडओवर की कार्पूर्ति की गई है।

**बड़े पैमाने पर धन का घोटाला**

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के आध्यात्मिक परिचय अंतर्गत जनपद बाराबंकी के तहसील सिरौलीगौसपुर में श्री कुंतीश्वर महादेव मंदिर पक्ष में हुए विकास कार्य शौचालय, बाउन्ड्रीवाल, सोलर लाइट तथा यहां पर आने वाले श्रद्धालु के लिए शुद्ध पानी पीने के लिए आर.ओ प्लांट लगाए । जिसका उद्घाटन सांसद प्रियंका सिंह रावत द्वारा 10 मार्च 2019 को हुआ और बोर्ड भी लग गया किंतु कही भी व्यय लागत नहीं लिखी गई। मानक विहीन कार्य हुए हैं जिसे एक कार्यदायी

संस्था-टेलीकम्यूनिकशस कंसर्टेंट लि.(शेड्यूल -ए,संचार मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा संपन्न कराया गया ।इस संबंध में यहां कमेटी अध्यक्ष जयचंद यादव, महामंत्री मेढीलाल मौर्या ने यह बताया कि आज सात वर्ष पूर्व यहां पर जो भी कार्य हुए उसमें काफी भ्रष्टाचार किया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर 31 लाख 60000 खर्च दिखाया गया है जबकि सारे कार्य पर 10 लाख से अधिक खर्च नहीं हुआ होगा।





# इंग्लैंड में होगी नई शुरुआत, गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार

एजेंसी




लीड्स। नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जब भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे यह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता।

# करुण नायर की टेस्ट टीम में वापसी पर बोले केएल राहुल- 'उसकी वापसी वाकई काबिल-ए-तारीफ है'

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुक्रवार से शुरू होने जा रही है। इस सीरीज में इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलने वाले बल्लेबाज केएल राहुल और करुण नायर एक बार फिर भारत की टेस्ट जर्सी में नजर आएंगे। उनके साथ स्पिनर कुलदीप यादव भी इस विदेशी दौरे पर टीम का हिस्सा होंगे। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले केएल राहुल ने अपने पुराने साथी करुण नायर की टीम में वापसी को लेकर खुशी जताई है। करुण नायर पूरे आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में लौटे हैं और राहुल ने उनके संघर्ष व मेहनत की सराहना की। उन्होंने एक बयान में कहा, हमने 11 साल की उम्र में साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से यह सफर साथ चला है। दोनों के करियर में उतार-चढ़ाव आए। करुण को मौका मिला, उन्होंने तिहरा शतक जड़ा, लेकिन इसके बाद उन्हें कई वजहों से मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पर जो बात सबसे ज्यादा प्रेरणादायक रही, वो यह है कि पिछले 2-3 सालों में उन्होंने जिस तरह से प्रदर्शन किया है, वह काबिल-ए-तारीफ है। राहुल ने आगे कहा, उन्हें वापस बुनियादी चीजों पर लौटते देखना अच्छा लगा। हमने इंग्लैंड में उनके काउंटी क्रिकेट खेलने और वहां के अनुभवों पर बात की है वो चुनौतियां, वो संघर्ष। इन सबके बावजूद भारतीय टीम में वापसी की चाह बनाए रखना, अपने आप में सराहनीय है। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारत के लिए खेल पाएंगे। अपनी व्यक्तिगत तैयारी को लेकर केएल राहुल ने बताया, आईपीएल खत्म होते ही मैंने इंग्लैंड सीरीज की तैयारी शुरू कर दी थी। मैंने अपने कोच से भी बात की ताकि इस चुनौती के लिए खुद को तैयार कर सकूं। इंग्लैंड जाना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है, खासकर जब वे अपने घर में खेलते हैं। हमारी टीम काफी युवा है, ऐसे में यह सीरीज हम सबके लिए परीक्षा की तरह होगी। विराट कोहली और रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल ने कहा, विराट और रोहित पिछले एक दशक से भारतीय क्रिकेट की नींव रहे हैं। उनका न होना बड़ा खालीपन छोड़ता है। मेरे अब तक के करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैं ऐसी टीम में गया हूं जहां विराट या रोहित न हों। मैंने जो 50 के करीब टेस्ट खेले हैं, उनमें से लगभग हर बार उनमें से कोई एक या दोनों मौजूद रहे हैं। ड्रेसिंग रूम में उनके बिना जाना थोड़ा अजीब लगता है लेकिन उनके फैसले का सम्मान करना चाहिए।

# ब्रिसबेन हीट ने जेमिमा रोड्रिग्स को डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट में 'रिटेन' किया

एजेंसी

मेलबर्न। महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) ड्राफ्ट के दौरान आठ फ्रेंचाइजी ने कुल 23 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है जिसमें ब्रिसबेन हीट ने भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को 'रिटेन' किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने विज्ञप्ति में कहा कि मध्यक्रम की बल्लेबाज रोड्रिग्स ब्रिसबेन में प्रशंसकों की पसंदीदा हैं जिससे ब्रिसबेन हीट फ्रेंचाइजी ने उन्हें वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क के साथ 'रिटेन' (बरकरार रखा) किया है। भारत की कुल 15 महिला खिलाड़ियों ने डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के 10वें सत्र से पहले खुद को पंजीकृत किया था। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल और इंग्लैंड की पूर्व कप्तान हीथर नाइट को सिडनी थंडर ने चुना है। इंग्लैंड की सोफिया डंकले और मैडी विलियर्स की जोड़ी के साथ न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर को सिडनी सिक्सर्स ने शामिल किया है जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स ने इंग्लिश स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और विकेटकीपर-बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट के साथ दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को चुना। मेलबर्न स्टार्स ने इंग्लैंड की दो और खिलाड़ी विकेटकीपर-बल्लेबाज एमी जोन्स और डेनी गिब्सन को चुना। मेलबर्न स्टार्स ने भारत की रोड्रिग्स में भी दिलचस्पी दिखाई थी। फ्रेंचाइजी ने दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप को शामिल किया। न्यूजीलैंड की अनुभवी सोफी डिवाइन, इंग्लैंड की पैगे स्कोल्फील्ड और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायोन पर्थ स्कॉर्चर्स में शामिल हुईं। इंग्लैंड की कप्तान नटाली साइवर-ब्रंट, डैनी वाट और लिंसी स्मिथ को होबार्ट हरिकेंस ने जबकि मेलबर्न रेनेगेड्स ने वेस्टइंडीज की डायंड्रा डोटिन और इंग्लैंड की एलिस कैप्से को शामिल किया।

# भारतीय जूनियर तीरंदाज एशिया कप की पांच स्पर्धाओं के फाइनल में

एजेंसी

सिंगापुर। भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में पांच स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में वैष्णवी पवार और विष्णु चौधरी ने सिंगापुर की तबीथा एर्न लिन येओ और यू लोंग ली को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय



जोड़ी ने पहला सेट 37-35 से जीता और दूसरा सेट 37-37 से बराबर किया लेकिन तीसरा सेट 36-38 से हार गई जिससे स्कोर 3-3 से बराबर हो गया। पवार और चौधरी ने धैर्य बनाए रखा और अंतिम सेट में 38-34 से जीत दर्ज करके मैच अपने नाम कर लिया। भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा। शानमुखी और कुशाल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय मिश्रित जोड़ी ने भी इंडोनेशिया की नूरिसा डियान अशरीफा और प्राइमा विष्णु वर्धना को एक रोमांचक सेमीफाइनल में 155-154 से हराकर एक और पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान से होगा। वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा। भारतीय तीरंदाज चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भी शामिल हैं। महिलाओं का कंपाउंड फाइनल भारत की दो खिलाड़ियों शानमुखी और तेजल के बीच खेला जाएगा। इस तरह से इस मुकाबले में भारत का स्वर्ण पदक जीतना तय है। पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में भारत स्वर्ण और कांस्य पदक दोनों के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। कुशाल का सामना स्वर्ण पदक के लिए ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ महोन से जबकि सचिन चेची का सामना कांस्य पदक के लिए बांग्लादेश के हिमू बछार से होगा।

# एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी के लिए हॉकी इंडिया और तमिलनाडु सरकार के बीच समझौता

चेन्नई। हॉकी इंडिया ने इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की सह मेजबानी के लिए बृहस्पतिवार को तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौते पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टूर्नामेंट की घोषणा कार्यक्रम के दौरान यहां आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। इस चरण में पहली बार दुनिया भर से 24 टीमें भाग लेंगी जिससे यह अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी चरण होगा। तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन ने कहा, ''यह केवल हमारे राज्य के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। इस तरह के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करना सभी स्तरों पर खेल का समर्थन करने और खेल का विकास करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में 15 प्रतिशत की कटौती की, मध्य जुलाई तक जारी रहेगी कटौती

एजेंसी



नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली कंपनी एयर इंडिया ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 15 प्रतिशत की कटौती करने का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करने का ये फैसला 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद शुरू हुई सुरक्षा जांच, ईरानी एयर स्पेस के बंद होने और अन्य तकनीकी कारणों की वजह से लिया गया है। अंतराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में की गई ये कटौती कम से कम जुलाई के पहले पखवाड़े तक जारी रहेगी। एयर इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में कहा गया है कि एयर इंडिया के सामने उत्पन्न कठिन स्थितियों को देखते हुए एयरलाइन के ऑपरेशन की स्थिरता और बेहतर दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए तथा मुसाफिरों की असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइन ने अगले कुछ सप्ताह तक अंतरराष्ट्रीय विमान की उड़ानों की संख्या में 15 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है। एयरलाइन के अनुसार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में कटौती शुक्रवार 20 जून से लागू की जाएगी, जो कम से कम मध्य जुलाई तक जारी रहेगी। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा गया है कि मिडिल ईस्ट में जारी जियो पॉलिटिकल टेंशन, यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों में जारी नाइट कर्फ्यू और एयरलाइन की सुरक्षा जांच की वजह से अंतराष्ट्रीय उड़ानों में अस्थिरता आ रही है। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद से ही एयर इंडिया को संचालन व्यवधान (ऑपरेशन हर्डल्स) का सामना करना पड़ा है, जिसकी वजह से पिछले 6 दिनों में एयरलाइन की 80 से अधिक अंतराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में की गई कटौती से प्रभावित होने वाले मुसाफिरों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। एयर इंडिया की ओर से कहा गया है कि जिन यात्रियों की उड़ानें प्रभावित हुई हैं, उन सभी को समय रहते सूचित किया जाएगा और उनके लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था करने की पूरी कोशिश की जाएगी। प्रभावित होने वाले मुसाफिर अपने सफर को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के री शेड्यूल कर सकते हैं या रिफंड हासिल कर सकते हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि एयरलाइन बोइंग 777 के लिए सुरक्षा जांच का दायरा बढ़ाएगी।

# श्रीपद येसो नाइक ने उद्योग व वैश्विक कंपनियों से हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में निवेश का किया आग्रह

नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने बृहस्पतिवार को कहा कि हरित हाइड्रोजन में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता है। उन्होंने उद्योग जगत के लोगों से इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश करने का आह्वान किया। हरित हाइड्रोजन पर 'सीआईआई अंतरराष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन' के उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री ने हरित हाइड्रोजन में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की क्षमता होने का उल्लेख किया। मंत्री ने कहा, '' मैं वैश्विक कंपनियों, सरकारों और वित्तीय संस्थानों को हरित हाइड्रोजन अनुसंधान, नवाचार एवं व्यापार में हमारे साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने भारत के उद्योग जगत से अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने, विनिर्माण के पैमाने को बढ़ाने, बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और मानव पूंजी विकसित करने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि हरित हाइड्रोजन सिर्फ एक ईंधन नहीं है यह ग्रह, भावी पीढ़ियों और सतत समृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि भारत में इसके मजबूत सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) आधार और विविध औद्योगिक समूहों के साथ, वितरित मॉडल स्थानीय मांग को खोल सकते हैं और नीचे से ऊपर की ओर वृद्धि को बढ़ावा दे सकते हैं। नाइक ने कहा कि ये मॉडल न केवल घरेलू हाइड्रोजन खपत को मजबूत करेंगे बल्कि हरित ईंधन को अधिक सुलभ एवं क्षेत्रीय रूप से संतुलित भी बनाएंगे। उन्होंने कहा, '' इसके साथ ही, हम पूरे देश में हरित हाइड्रोजन गलियारे के विकास को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरित हाइड्रोजन में बदलाव के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप (एसआईजीएचटी) कार्यक्रम के तहत रिफाइनरियों के लिए प्रति वर्ष 42,000 मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन और उर्वरकों के लिए 7.2 लाख मीट्रिक टन से अधिक हरित अमोनिया के लिए निविदाएं पहले ही जारी की जा चुकी हैं।

# भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार : पीयूष गोयल



कहा- मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के रिश्ते होंगे और मजबूत

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। भारतीय यूके जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम इस अनिश्चित विश्व में जो अस्थिरता, अनिश्चितता, चुनौतियों और संकटों से भरा हुआ है, ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकते हैं। इस समय दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जो अपनी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाने जाते हैं। इंडिया ग्लोबल फोरम में बोलते हुए गोयल ने यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहना अनुचित है। भारतीय लोग जब यहां आते हैं तो वे यूके की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। एफटीए के लागू होने की समयसीमा के बारे में उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि ब्रिटेन की संसद द्वारा उनकी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद बहुत जल्द इसे एक लागू करने योग्य समझौते का रूप दे दिया जाएगा। भारत में हमारी प्रक्रिया तुलनात्मक रूप से काफी तेज है, इसलिए जैसे ही कानूनी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और दस्तावेज तैयार हो जाएगा, हम (इसे लागू करने के लिए) तैयार होंगे। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक सार्थक वार्ता बैठक आयोजित की। बैठक में दोनों देशों की महत्वाकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने वाले व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने के हमारे साझा लक्ष्य को दोहराया। इससे पहले पीयूष गोयल ने बुधवार को ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लिसा नंदी से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि गोयल यूके और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं।

# स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब इस्पात उद्योग के लिए विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है: कुमारस्वामी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आयोजित 'बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए की। मंत्री ने इस कार्यक्रम को बुधवार को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। कुमारस्वामी ने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। कुमारस्वामी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं। मंत्री ने इस मौके पर उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा के आधार पर उत्पादों को 'स्टार रेटिंग' देने के लिए हरित इस्पात का वर्गीकरण खाका भी जारी किया।

# सर्राफा बाजार में 3 दिन की गिरावट के बाद चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के कीमत में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 660 रुपये से लेकर 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में तेजी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,060 रुपये से लेकर 1,01,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,650 रुपये से लेकर 92,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।



दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,01,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# राममोहन नायडू ने विमान सुरक्षा, एयरलाइनों के कामकाज की समीक्षा की

एजेंसी

नयी दिल्ली। अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान की हालिया दुर्घटना के मद्देनजर नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को जमीनी स्तर की तैयारियों का आकलन करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए देशभर के हवाई अड्डा निदेशकों के साथ वीडियो लिंक से एक विस्तृत बैठक की।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि समीक्षा बैठक में उड़ान पुनर्निर्धारण के बीच बेहतर समन्वय और संचार सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो वर्तमान में दुर्घटना के बाद की सुरक्षा जांच, प्रतिकूल मौसम की स्थिति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण कुछ हवाई क्षेत्रों को अस्थायी रूप से बंद करने सहित कई कारणों से प्रभावित हो रहा है। इसके



अलावा मंत्री ने एयर इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।

चर्चाओं में परिचालन निरंतरता बनाए रखने, जनता और यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के साथ पारदर्शी और जवाबदेह संचार का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान यह नोट किया गया कि पश्चिमी एशिया में बदलती परिस्थिति, बढ़ी हुई सुरक्षा जांच और यूरोप में रात में उड़ान भरने पर प्रतिबंध के कारण एयर इंडिया को विमानों की उपलब्धता में कमी का सामना करना पड़ रहा है। नतीजतन, एयरलाइनों को अस्थायी रूप से संचालन को कम करना और उड़ानों का पुनर्गठन करना पड़ेगा तथा मीडिया के माध्यम से परिवर्तनों की घोषणा करेंगे। प्रभावित यात्रियों को फिर से बुकिंग करने का अनुरोध किया जाएगा या उन्हें पूर्ण रिफंड की पेशकश की जाएगी।

एयर इंडिया से हवाई अड्डों पर अपने जमीनी स्तर के समन्वय को मजबूत करने, रद्द होने या देरी के संबंध में यात्रियों के साथ सूचना प्रवाह में सुधार करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया था कि ग्राहक सेवा दल सहानुभूति और स्पष्टता के साथ यात्रियों की बढ़ती चिंताओं को संभालने के लिए संवेदनशील और सुसज्जित हों। नागर विमानन मंत्री ने बेड़े के प्रदर्शन, सुरक्षा निरीक्षण, यात्रियों के अनुभव और सुविधा और एयरलाइन संचार रणनीति की भी समीक्षा की। बुधवार और गुरुवार को स्पाइस जेट, इंडिगो और अकासा के वरिष्ठ प्रबंधनों के साथ भी बैठकें हुईं। यह भी निर्णय लिया गया कि परिचालन संबंधी मामलों पर एयरलाइनों के साथ आवधिक समीक्षा की प्रथा को बेहतर निगरानी और समन्वय के लिए संस्थागत बनाया जाएगा। इस बीच, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून को अहमदाबाद के पास एयर इंडिया की उड़ान दुर्घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

# कर्नाटक में 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त, विरोध करने वालों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सख्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार द्वारा दायर हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा,ल्लराज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि यह (फिल्म के प्रदर्शन को लेकर) विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है, जिन्होंने उच्च न्यायालय के समक्ष वचन दिया है कि यदि समस्या (धमकी) का समाधान नहीं होता है तो वे फिल्म को राज्य में प्रदर्शित नहीं करेंगे। केएफसीसी की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि अभिनेता के कथित विवादित बयान के बाद उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। इस पर पीठ ने अधिवक्ता से पूछा कि क्या उनके मुवक्किल ने इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज कराई है या फिर पुलिस ने दबाव में आकर ऐसा (धमकी देने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की) नहीं किया। पीठ ने केएफसीसी के अधिवक्ता के इस बयान को दर्ज किया कि वे फिल्म के प्रदर्शन पर आपत्ति नहीं करेंगे। सुनवाई के दौरान नादोजा महेश जोशी के नेतृत्व वाले हस्तक्षेपकर्ता कन्नड़ साहित्य परिषद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद संजय एम नूली ने कहा कि भाषा भावनात्मक मुद्दा है। अभिनेता का बयान प्रचार का हथकंडा और स्टंट है। उन्होंने कहा कि अभिनेता की टिप्पणी की वजह से लोगों की भावनाएं आहत हुयी हैं। उन्हें अधिक जिम्मेदार होना चाहिए था। परिषद किसी भी तरह की हिंसा का समर्थन नहीं करती । इस पर पीठ ने फिर पूछा, क्या किसी राय के कारण फिल्म रोक दी जानी चाहिए? क्या स्टैंड-अप कॉमेडी रोक दी जानी चाहिए? क्या कविता पाठ को रोक दिया जाना चाहिए?

# अमेरिकी वीजा विशेष सुविधा है, अधिकार नहीं, जारी होने के बाद भी जांच बंद नहीं होती: दूतावास

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय अमेरिकी दूतावास ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी वीजा 'एक विशेष सुविधा है, अधिकार नहीं', वीजा जारी होने के बाद (भी) इसकी जांच बंद नहीं होती और अगर कोई कानून तोड़ता है तो अधिकारी इसे (वीजा को) रद्द कर सकते हैं।

अमेरिकी दूतावास ने एक संक्षिप्त बयान में यह भी कहा कि छात्र या आगंतुक वीजा पर रहते हुए अवैध मादक पदार्थों का इस्तेमाल या किसी भी अमेरिकी कानून का उल्लंघन किया जाना संबंधित व्यक्ति को भविष्य में भी अमेरिकी वीजा हासिल करने से वंचित कर सकता है। यह बयान दूतावास के 'एक्स' हैंडल पर साझा किया गया। यह बयान हाल ही में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में ट्रंप प्रशासन की ओर से की गयी आव्रजन कार्रवाई की पृष्ठभूमि में आया है। इसमें कहा गया है, ''छात्र/आगंतुक वीजा पर रहते हुए अवैध मादक पदार्थों का इस्तेमाल करना या किसी भी अमेरिकी कानून को तोड़ना आपको भविष्य में भी अमेरिकी वीजा के लिए अयोग्य बना सकता है। अमेरिकी वीजा एक विशेष सुविधा है, अधिकार नहीं।

वीजा जारी होने के बाद अमेरिकी वीजा 'स्क्रीनिंग' बंद नहीं होती है- और यदि आप कानून तोड़ते हैं तो हम आपका वीजा रद्द कर सकते हैं।'' यह इस महीने भारत में अमेरिकी दूतावास की ओर से जारी किया गया तीसरा ऐसा बयान है, जिसमें उसने रेखांकित किया है कि अमेरिका में वैध रूप से यात्रा करने वाले लोगों का स्वागत है, लेकिन अवैध प्रवेश या वीजा का दुरुपयोग देश (अमेरिका) कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इससे पहले 16 जून को स्थानीय अमेरिकी दूतावास ने कहा था कि अमेरिका उन लोगों को कतई 'बर्दाश्त नहीं करेगा', जो अमेरिका में अवैध और सामूहिक आव्रजन की सुविधा प्रदान करते हैं। अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में यह भी कहा था कि अमेरिका ने विदेशी सरकारी अधिकारियों और ऐसा करने वाले अन्य लोगों को लक्षित करते हुए ''नये वीज़ा प्रतिबंध स्थापित किए हैं। दूतावास ने 10 जून को भी एक बयान जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करना जारी रखेगा, लेकिन वह अवैध प्रवेश और वीजा के दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को ''बर्दाश्त नहीं करेगा।

# पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के चार राज्यों गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। शाम पांच बजे केरल के नीलाम्बुर सीट पर सबसे अधिक 70.76 प्रतिशत और पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार गुजरात विधानसभा की दो तथा केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। अभी तक मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है। आयोग के अनुसार गुजरात की विसावादार सीट पर पांच बजे तक 54.61 प्रतिशत और कडी सीट पर 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76 प्रतिशत, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर 49.07 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर 69.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।




गुजरात विधानसभा चुनाव के समय विसावादार सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली थी। विधायक के पाला बदलने तथा इस्तीफा देने के कारण यह सीट रिक्त हुई थी। भारतीय जनता पार्टी ने उपचुनाव में इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंकी हुई है। कडी सीट भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के बाद खाली थी। पार्टी ने इस सीट पर राजेंद्र चावड़ा को उतारा है, जबकि कांग्रेस ने रमेश चावड़ा और आम आदमी पार्टी (आप) ने जगदीश चावड़ा को मैदान में उतारा है। पश्चिम बंगाल में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। राज्य की कालीगंज सीट पर उपचुनाव में सत्तारूढ तृणमूल कंग्रेस, मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस-वाम गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। तृणमूल कंग्रेस उम्मीदवार अलीफा अहमद, भाजपा के आशीष घोष और कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख अपना भाग्य आजमा रहे हैं। कालीगंज विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व अलीफा के पिता ने एक दशक तक किया था। इस साल की शुरुआत में तृणमूल कंग्रेस के मौजूदा विधायक नसीरुद्दीन अहमद की मृत्यु के कारण यह सीट रिक्त पड़ी थी। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन से रिक्त हुयी थी। इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने उद्योगपति और राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जीवन गुप्ता और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को चुनाव मैदान में उतारा है। केरल की नीलम्बुर विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी है। दूरदराज और शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गयीं, जो मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत है। कुछ तकनीकी समस्याओं को छोड़कर चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी। इस सीट पर 10 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें यूडीएफ, एलडीएफ, भारतीय जनता पार्टी और एसडीपीआई के उम्मीदवार शामिल हैं। इस सीट पर पिछले चुनाव में निर्दलीय पी.वी. अनवर चुनाव जीते थे, लेकिन तृणमूल कंग्रेस में शामिल होने पर उन्होंने इस सीट से इस्तीफा दे दिया था। वह अब उपचुनाव में तृणमूल के उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमा रहे हैं। चार राज्यों की पांचों सीटों के उपचुनाव के नतीजे 23 जून को जारी किये जायेंगे।

## भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' फ्रांस में शुरू

**नयी दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच हर दो वर्ष में होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' बुधवार को फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कैवेलरी में शुरू हुआ। शक्ति के आठवें संस्करण में भारतीय सेना की टुकड़ी में 90 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। इस टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेनाओं के सैनिक कर रहे हैं। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 90 कर्मी शामिल हैं जिनका प्रतिनिधित्व 13वीं विदेशी सेना हाफ-ब्रिगेड (13 डीबीएलई) कर रही है। शक्ति अभ्यास भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच एक द्विपक्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन, परिचालन समन्वय और आपसी समझ को बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह में फ्रांस में भारत के सैन्य अताशे ब्रिगेडियर वीरेश थापर और भारतीय दल के कमांडर कर्नल एचवी कालिया सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। फ्रांसीसी पक्ष का प्रतिनिधित्व 13 डीबीएलई के कमांडर कर्नल बेंजामिन ब्रूनेट और डिप्टी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल कैस्टिलो ने किया। दोनों पक्षों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभ्यास भारत और फ्रांस के सशस्त्र बलों के बीच गहन सहयोग और आपसी सम्मान को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि यह अभ्यास न केवल दोनों सेनाओं की परिचालन तैयारियों को बढ़ाएगा बल्कि बढ़ती भारत-फ्रांस रक्षा साझेदारी में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## तीन देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की सफल यात्रा के बाद गुरूवार अपराह्न स्वदेश लौट आये। श्री मोदी पांच दिन की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर क्रोएशिया से राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। प्रधानमंत्री रविवार को यात्रा के पहले पड़ाव पर साइप्रस के लिए रवाना हुए थे। साइप्रस में उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने श्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस ' से सम्मानित किया। साइप्रस में दो दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को वह कनाड़ा पहुंचे जहां उन्होंने जी-7 देशों की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी की। श्री मोदी बुधवार को यात्रा के अंतिम पड़ाव पर क्रोएशिया पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली क्रोएशिया यात्रा थी।

## सोनिया गांधी को मिली अस्पताल से छुट्टी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। उन्हें पेट दर्द के कारण 15 जून को राष्ट्रीय राजधानी के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि श्रीमती गांधी के स्वास्थ्य में सुधार है और वह स्वस्थ हैं। वह अपने पुत्र और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ अस्पताल से अपने आवास के लिए रवाना हुई। अस्पताल के अनुसार 78 वर्षीय श्रीमती गांधी की हालत ठीक है। श्रीमती गांधी की पिछले सप्ताह भी अस्पताल में स्वास्थ्य जांच की गयी थी।

## अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गये 211 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान,189 शव परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने गुरुवार को कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गये 211 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान हो गया है। अब तक कुल 189 शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। डॉ. जोशी ने बताया कि जल्द ही आठ परिवार अपने रिश्तेदारों के पार्थिव शरीर लेने आयेंगे, दो परिवार कल तक पार्थिव शरीर लेने आयेंगे, 11 परिवार अन्य रिश्तेदार से डीएनए मिलान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 189 मृतकों के बचे शवों में से 142 भारतीय नागरिक, सात पुर्तगाली, 32 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई और सात गैर-यात्रियों के शामिल हैं। डॉ. जोशी ने सौंपे गये शवों का विवरण देते हुये कहा कि इनमें उदयपुर सात, वडोदरा 20, खेड़ा 10, अहमदाबाद 55, मेहसाणा छह, बोटाद एक, जोधपुर एक, अरावली दो, आणंद 16, भरूच पांच, सूरत 11, पाटण एक, गांधीनगर छह, महाराष्ट्र दो, दीव 14, जूनागढ़ एक, अमरेली दो, गिर सोमनाथ पांच, महिसागर एक, भावनगर एक, पटना एक, राजकोट तीन, मुंबई नौ, नाडियाड एक, जामनगर दो, द्वारका दो, साबरकांठा एक, लंदन दो और नागालैंड एक व्यक्ति के शव परिजनों को सौंपे गये। उन्होंने कहा कि चूंकि डीएनए सैंपल मिलान की प्रक्रिया बहुत संवेदनशील है और इसमें कानूनी मामले भी जुड़े हैं, इसलिए इस प्रक्रिया को बहुत गंभीरता और तेजी से पूरा किया जा रहा है। फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी और इससे जुड़े अन्य संस्थान, स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य और राज्य सरकार के अन्य विभाग और विभिन्न एजेंसियां, मृतकों के शवों को उनके परिजनों को सौंपने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

# भारतीय संविधान की 75 वर्षों की यात्रा सफलताओं की कहानी: गवई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने भारतीय संविधान के पिछले 75 वर्षों की यात्रा को महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी करार देते हुए कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में इस अवधि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उन्होंने इटली के प्रमुख शहर 'मिलान' में 'सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा, भूमि और कृषि सुधारों ने सामंती संरचनाओं को खत्म करने, जड़ जमाए पदानुक्रमों की जकड़न को तोड़ने और भूमि और आजीविका तक पहुंच को फिर से वितरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनगिनत भूमिहीन और हाशिए पर पड़े व्यक्तियों, विशेष रूप से उत्पीड़ित जातियों और समुदायों के लिए ये सुधार आर्थिक स्वतंत्रता और सम्मान हासिल करने का पहला वास्तविक अवसर था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं को संबोधित किए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, सामाजिक-आर्थिक न्याय दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर डोनाल्ड ट्रंप की खुली आंख, पहली बार नहीं लिया क्रेडिट, बोले

# दो नेताओं ने सैन्य संघर्ष रोकने का 'निर्णय' लिया

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो ''बहुत चतुर'' नेताओं ने एक ऐसा युद्ध जारी न रखने का ''निर्णय'' लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था।

पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने के लिए खुद श्रेय नहीं लिया है। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह मुनीर से मुलाकात कर ''सम्मानित'' महसूस कर रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या मुनीर के साथ हुई बैठक में ईरान पर चर्चा की गयी, ट्रंप ने कहा, ''खैर, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह, ज्यादातर लोगों से बेहतर जानते हैं और वे किसी भी चीज से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि इजराइल के साथ उनके खराब रिश्ते हैं। वे असल में दोनों को जानते हैं लेकिन शायद वे ईरान को बेहतर जानते हैं लेकिन वे देख रहे हैं कि क्या चल रहा है और उन्होंने मुझसे सहमति जतायी है। ट्रंप ने कहा, ''मैं उन्हें यहां इसलिए बुलाना चाहता था कि मैं युद्ध न करने, संघर्ष खत्म करने के लिए उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ समय पहले यहां से गए हैं और हम भारत के साथ एक व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं इसलिए भी मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। हम पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कनाडा के कनैनिस्किस में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात करने का कार्यक्रम था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति को इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण समय से पहले वाशिंगटन लौटना पड़ा, जिसके कारण उनकी मोदी से मुलाकात नहीं हो पायी।



हालांकि, दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की। ट्रंप ने कहा, ''वे दोनों (मोदी और मुनीर) यहां थे लेकिन कुछ सप्ताह पहले मैं मोदी के साथ था। मैं बहुत खुश हूं कि दो बहुत चतुर लोगों ने युद्ध आगे न बढ़ाने का फैसला किया। यह परमाणु युद्ध हो सकता था। वे दो परमाणु संपन्न देश, बहुत बड़ी परमाणु शक्तियां हैं और उन्होंने यह फैसला लिया। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रोकने का श्रेय नहीं लिया है। भारत और पाकिस्तान के 10 मई को सैन्य संघर्ष रोकने का फैसला लेने के बाद से ट्रंप कई मौकों पर यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने दोनों देशों के बीच तनाव ''रोकने में मदद की'' और उन्होंने दोनों परमाणु संपन्न दक्षिण एशियाई देशों से कहा था कि अगर वे संघर्ष रोकते हैं तो अमेरिका उनके साथ ''बहुत व्यापार'' करेगा। मोदी ने कनैनिस्किस से रवाना होने से पहले ट्रंप से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कनैनिस्किस से एक वीडियो संदेश में कहा था कि मोदी ने ट्रंप को बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई थी। मोदी ने कहा कि सैन्य कार्रवाई को रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर दोनों देशों की सेनाओं के मौजूदा संवाद चैनलों के माध्यम से हुई थी और इसकी पहल पाकिस्तान की ओर से की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा और इस मामले पर भारत में पूरी तरह से राजनीतिक सर्वसम्मति है। मिसरी ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद ट्रंप ने मोदी को फोन कर संवेदनाएं व्यक्त की थीं और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका समर्थन किया था। कनैनिस्किस में मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत अप्रैल के बाद से दोनों नेताओं के बीच ''पहली बातचीत'' है।

मिसरी ने बताया कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री की बातों को ध्यान से सुना और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति अपना समर्थन जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है।

# पेज एक का शेष

## जस्टिस वर्मा ...

सुप्रीम कोर्ट के 1997 के न्यायिक जीवन के मूल्य का जिक्र करते हुए कहा गया, कि न्यायाधीशों से बेहद उच्च नैतिक मानकों की अपेक्षा की जाती है। ईमानदारी और चरित्र न्यायपालिका की बुनियाद हैं। जनता का भरोसा ही न्यायिक पद की असली शक्ति होती है। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश के आधार पर पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की संवैधानिक प्रक्रिया की सिफारिश की है। यदि संसद इस सिफारिश को मंजूरी देती है, तो जस्टिस यशवंत वर्मा देश के उन गिने-चुने जजों में शामिल होंगे जिन पर इस तरह की संवैधानिक कार्रवाई हुई हो।

## यूपीएससी ने...

के बाद उनके नाम की अनुशंसा किसी पद के लिए नहीं की जाती है। यूपीएससी के अनुसार निजी संगठन भी आयोग के पोर्टल का उपयोग कर खुद से पंजीकरण कर सकते हैं। इस पहल के तहत, अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता और संपर्क नंबर व पता सहित उनका व्यक्तिगत विवरण भी उपलब्ध कराया जाएगा। यूपीएससी के अनुसार, उसके पास 10,000 से अधिक इच्छुक अभ्यर्थियों का डेटा बैंक है, जिन्होंने यूपीएससी परीक्षा के सभी चरणों को उत्तीर्ण कर लिया, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए। आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न सरकारी नौकरी भर्ती परीक्षाओं के लिए लाखों छात्र आवेदन करते हैं। पीडीएस योजना 20 अगस्त 2018 से लागू है। आयोग ने पहली बार इस योजना का उपयोग संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा 2017 के लिए उम्मीदवारों की सूची का खुलासा करने के लिए किया था। हालांकि, अब पीडीएस का नाम बदलकर यूपीएससी 'प्रतिभा सेतु' कर दिया गया है। यूपीएससी ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा के गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थी और भारतीय वन सेवा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), इंजीनियरिंग सेवा, संयुक्त भू-वैज्ञानिक, संयुक्त रक्षा सेवा, भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा और संयुक्त चिकित्सा सेवा की परीक्षाओं को इस योजना में शामिल किया गया है।

## देश में अंग्रेजी बोलने ...

में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

# मुख्यमंत्री धामी ने योग दिवस से पहले किया योगाभ्यास

■ बोले- योग को जीवन का नियमित हिस्सा बनाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) से पहले गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री आवास परिसर में योगाभ्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योग किया। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को संदेश देते हुए योग को जीवन का हिस्सा बनाने और नियमित रूप से योग करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने सदैव मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है और हमारी सनातन संस्कृति का मूल स्तंभ योग है। यही कारण है कि आज योग विश्व के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और भारतीय जीवन शैली को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित कर रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मबोध की एक प्रक्रिया है। यह हमारे मन को स्थिर कर चेतना की गहराइयों तक पहुंचाने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों ने समर्थन दिया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड योग और ऋषि मुनियों की भूमि है। ग्राम स्तर तक सभी लोग योग से जुड़े, सरकार की ओर से इस दिशा में प्रयास किए गए हैं। योग से रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। उत्तराखंड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए नई योग नीति लाई गई है।

# योग दिवस को भव्य तरीके से मनाएगी सरकार, योग साधना में दिल्ली के लोगों के साथ मुख्यमंत्री भी होंगी सहभागी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बहुत भव्य तरीके से मनाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा कि योग दिवस पर हम सब मिलकर राजधानी दिल्ली में एक नई परंपरा की शुरुआत करेंगे। दिल्ली के 11 प्रतिष्ठित स्थलों पर वे उनके कैबिनेट सहयोगी और दिल्ली के सांसद, विधायक दिल्ली के लोगों के साथ योग साधना में सहभागी बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह आयोजन केवल योग का उत्सव नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जनशक्ति का प्रतीक बनेगा, जहां सरकार और समाज मिलकर एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक दिल्ली के संकल्प को साकार करेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 21 जून को अपनी भागीदारी से इस योग महापर्व को ऐतिहासिक जन-उत्सव बनाएं और 'एक भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प को और मजबूत करें। इसके पहले 7 जून को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने एक बयान में कहा था कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वार्षिकी के अवसर पर सरकार दिल्ली में 11 स्थानों पर योग दिवस का आयोजन करने जा रही है। दिल्ली सरकार पहली बार भारत सरकार के साथ मिलकर आधिकारिक तौर पर दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कर रही है। दिल्ली के विभिन्न 11 प्रमुख स्टेडियम/ खेल परिसरों में ( त्यागराज स्टेडियम, ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स, झिलमिल कॉलोनी, बवाना, पहलादपुर, भारत नगर, यमुना बैंक, नजफगढ़ स्टेडियम, द्वारका सेक्टर-6, अशोक नगर हॉकी स्टेडियम आदि) आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस योग दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच योग के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में लगभग 20,000 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है, जिनमें दिल्ली सरकार के विद्यालयों के छात्र, शिक्षक, योग प्रशिक्षक, एनएसएस/एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स आदि शामिल होंगे। मुख्य आयोजन स्थल के रूप में छत्रसाल स्टेडियम का चयन किया गया है जहां लगभग 10,000 प्रतिभागी योगाभ्यास में भाग लेंगे। इसमें भारतीय योग संस्थान के 5,000 स्वयंसेवक होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य 10 स्थानों में प्रत्येक परिसर में 1,000 प्रतिभागी शामिल होंगे। योग आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों के लिए टी-शर्ट, पानी, जलपान तथा योग मैट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सभी योग परिसरों में मेडिकल सुविधा, एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, मोबाइल शौचालय, सफाई, फॉगिंग तथा बिजली और पानी आदि की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।

# 'सीएम दी योगशाला' कार्यक्रम में 21,000 से अधिक लोगों ने भाग लेकर बनाया नया रिकॉर्ड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जालंधर। पंजाब में जालंधर के पीएपी ग्राउंड में गुरुवार को आयोजित राज्य स्तरीय 'सीएम दी योगशाला' में 21,000 से अधिक लोगों ने भाग लेकर एक ही योग कार्यक्रम में उपस्थिति का नया रिकॉर्ड बनाया। पहले 17,000 योग मैट की व्यवस्था की गयी थी, लेकिन लोगों के उत्साह ने सभी उम्मीदों को पार कर दिया। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह ने गुरुवार को लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस मेगा कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के लोगों को उत्साहपूर्वक भाग लेते देखना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि 'सीएम दी योगशाला' एक स्वस्थ और अधिक जीवंत पंजाब के निर्माण की दिशा में एक कदम है। डॉ सिंह ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि हजारों पंजाबी इस नेक काम में राज्य सरकार से जुड़े हैं और कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब एक स्वस्थ और गतिशील राज्य के रूप में अपना पुराना गौरव फिर से हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि सीएम दी योगशाला के माध्यम से हजारों लोगों को सरकार के साथ जुड़ते हुए देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई। उन्होंने बताया कि इस पहल की शुरुआत दो साल पहले जालंधर से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में की गयी थी और वर्तमान में राज्य भर में प्रतिदिन लगभग 3,200 योग कक्षायें आयोजित की जाती हैं, जिससे लगभग एक लाख लोग लाभान्वित होते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि योग सिखाने के लिए प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गयी है और उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनायें, जिससे पंजाब को वास्तव में स्वस्थ राज्य बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने योग को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए वरदान बताया और कहा कि योगशालायें पंजाबियों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अच्छा स्वास्थ्य बनाये रखना और तनाव का प्रबंधन करना समय की मांग है, खासकर जब लोग अपने दैनिक जीवन में कई चुनौतियों का सामना करते हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि बढ़ता तनाव एक बड़ी चिंता का विषय है और योग इस मुद्दे से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीएम दी योगशाला एक नागरिक केंद्रित पहल है और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिमाग की उपज है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय राजधानी में काफी लोकप्रियता हासिल की है, जिससे आबादी के बड़े हिस्से को लाभ मिला है। इसकी सफलता से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने पंजाब के लोगों के लिए समान लाभ सुनिश्चित करने के लिए इस योजना को दोहराया।ढ स्वास्थ्य मंत्री ने दोहराया कि तंदुरुस्त शरीर और स्वस्थ दिमाग बनाये रखने के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान, मंत्री ने घोषणा की कि सीएम दी योगशाला कार्यक्रम को जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ाया जायेगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि श्री मान के गतिशील नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गयी पहल राज्य के नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशिया विरुद्ध' में प्रभावी साबित हुई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा, योग के माध्यम से मादक द्रव्यों के सेवन से जूझ रहे व्यक्तियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीएम दी योगशाला न केवल एक स्वास्थ्य पहल है, बल्कि एक स्वस्थ, नशा मुक्त पंजाब की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है।

# जेंडर बजट केवल आंकड़े नहीं, विकास का दृष्टिकोण: अन्नपूर्णा देवी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के 4.49 लाख करोड़ रुपये के जेंडर बजट और 273 से अधिक योजनाओं में महिला हितधारकों की प्राथमिकता–यह साबित करता है कि अब बजट केवल आंकड़े नहीं, विकास का दृष्टिकोण है। यह बदलाव महिलाओं को लाभार्थी से नेतृत्वकर्ता बना रहा है। जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मंत्रालयों, राज्यों, सहयोगी संस्थानों और विशेषज्ञों की सहभागिता ने महिला नेतृत्व में विकास के साझा संकल्प को सशक्त किया। यह संवाद, समावेशी नीति निर्माण की दिशा में अहम कदम रहा।

अन्नपूर्णा देवी गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मौजूद विशेषज्ञों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने ऐसे भविष्य की नींव रखी है जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं बल्कि- वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। भारत की महिलाओं ने अपने दृढ़-संकल्प से, विकसित भारत निर्माण में नित नए आयाम स्थापित किए हैं। वे चुनौतियों को अवसर में बदल रही हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मंत्रालय द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर, वुमन हेल्पलाइन ने उन्हें सुरक्षा का विश्वास दिया है द्य मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के लिए इस बार के बजट में 3150 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है द्य जिससे 3 करोड़ 66 लाख लाभार्थी महिलाओं को स्वस्थ व सुरक्षित शिशु जन्म व उसकी देखभाल में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की दो प्रमुख योजनाएं- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड अप इंडिया- इस परिवर्तन में एक निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत लगभग 68 प्रतिशत ऋण महिला उधमियों को प्रदान किए गए हैंद्य यह महिलाओं के नेतृत्व वाले बिजनेस महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमी को प्रोत्साहित करने में केंद्र सरकार की भूमिका को दर्शाता है। स्टैंड अप इंडिया योजना के अंतर्गत मार्च, 2025 तक लगभग 83 प्रतिशत ऋण, महिलाओं को स्वीकृत किए गए, जिसकी कुल राशि लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत, 10.05 करोड़ महिलाओं को 90.90 लाख स्वंय सहायता समूह में संगठित किया गया है। लखपति दीदी पहल एक गेम चेंजर के रूप में उभरी है।

# बीएसएफ जेसीपी अटारी में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनायेगा

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) 21 जून को सुबह 0600 बजे पंजाब में सभी इकाइयों और मुख्यालयों में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के तहत 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि विशेष समारोह संयुक्त चेक पोस्ट (जेसीपी), अटारी अमृतसर में आयोजित किया जायेगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के निवासियों, ऊर्जावान बच्चों, प्रख्यात खेल हस्तियों और पद्म पुरस्कार विजेताओं के साथ बीएसएफ सैनिकों को शक्ति, शांति और सद्भाव की भावना से जोड़ना है। इस पहल का उद्देश्य योग के समग्र लाभों को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य, एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना है। बीएसएफ, पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक अतुल फुलजेले इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे।

# मुख्यमंत्री ने पुलिस के उपयोग के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**कैनविज टाइम्स संवादाता**



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपने आवास से पुलिस के उपयोग हेतु 520 चार पहिया एवं 98 दो पहिया वाहनों का लोकार्पण किया और इस दौरान उन्होंने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्य क्षमता तथा दक्षता और बढ़ेगी। साथ ही विधि व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

# रूपनगर: 83 ग्राम नशीले पाउडर के साथ तीन गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रूपनगर। पंजाब में रूपनगर पुलिस ने नशा तस्करों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'युद्ध नशे विरुद्ध' के तहत एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 83 ग्राम से अधिक नशीला पाउडर बरामद किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुलनीत सिंह खुराना ने गुरुवार को बताया कि जिला पुलिस द्वारा 'युद्ध नशे विरुद्ध' मुहिम को जारी रखते हुए विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी व गश्त के माध्यम से नशा तस्करों और शरारती तत्वों की जांच की गयी। इसके दौरान नूरपुरबेदी थाना पुलिस ने नूरपुरबेदी थाना के गांव बसाली निवासी राजन सिंह उर्फ ??राजा को गिरफ्तार कर उसके पास से 47 ग्राम से अधिक नशीला पाउडर बरामद किया। श्री आनंदपुर साहिब थाना पुलिस ने श्री आनंदपुर साहिब के मोहल्ला कुराली के वार्ड नंबर-6 निवासी अमनदीप सिंह अमन को गिरफ्तार कर उसके पास से 21 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया तथा नंगल थाना पुलिस ने नंगल के जी ब्लॉक के निवासी शशि कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से 15 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया तथा उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट 'संपर्क' के तहत आम लोगों को नशे के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक करने तथा जनता और पुलिस के बीच तालमेल को और बढ़ाने के लिए गांवों में राजपत्रित अधिकारियों और पुलिस थानों के मुख्य अधिकारियों की बैठक की गई, जहां उन्हें पंजाब नशा विरोधी हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई और उनके सुझाव भी लिए गए।

# मोहल्ला चौपाल लगाकर मोदी सरकार के 11 वर्षों की योजनाओं की दी गई जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अररिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने और जन कल्याणकारी योजनाओं सहित विकसित भारत अमृत काल का संदेश को जन जन के बीच साझा करने के उद्देश्य से गुरुवार को फारबिसगंज के भगवती देवी गोयल शक्ति केंद्र पर मोहल्ला चौपाल लगाया गया।

भाजपा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद मिंटू की अध्यक्षता में आयोजित मोहल्ला चौपाल में बूथ संख्या 151 से लेकर155 के मतदाताओं के बीच 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में तन-मन-धन और कर्म से पूरी निष्ठा के साथ योगदान देने का शपथ दिलाया गया। मौके पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष रजत सिंह उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री संदीप कुमार ने किया,जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रसेनजीत चौधरी ने किया। चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष रजत सिंह नगर महामंत्री शिवानी सिंह, नगर उपाध्यक्ष आयुष कुमार, प्रमोद पासवान,भाजयुमो नगर अध्यक्ष किशन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के11 वर्ष के कार्यकाल में गरीबों का उत्थान हुआ है।भारत चौथी आर्थिक शक्ति बना है।मोदी सरकार के द्वारा सौ से ऊपर नीतियां बनाई गई है। जिससे 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आये है।

रेल से लेकर रोड तक,मेक इन इंडिया से लेकर डिजिटल इंडिया तक, महिला से लेकर किसान तक और पेयजल से लेकर स्वास्थ्य तक तथा शिक्षा से लेकर रोजगार और राष्ट्रीय सुरक्षा तक अभूतपूर्व कार्य हुए है। जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है।कहा कि 2014 से पहले हमारी ये सोच थी कि काम कैसे होगा, ये नही हो सकता।आज की सोच है ये होगा और जरूर होगा क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। मौके पर उपाध्यक्ष राधा देवी,नगर मंत्री शिवराम शर्मा बूथ अध्यक्ष राजेश्वर साह सहित ममता देवी दुर्गानंद देवी,गीता देवी,चुन्नी देवी, लक्ष्मी देवी,सरस्वती देवी,दुर्गी देवी सहित मातृ शक्ति मौजूद रही।

# होशियारपुर: अज्ञात हमलावरों ने की युवक की हत्या

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर जिले के शाहपुर घाटा गांव के पास बुधवार देर रात अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।

होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक (जांच) डॉ. मुकेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि मृतक आर्यन गढ़शंकर थाना क्षेत्र के सहवान गांव का निवासी था। वह (20) अपने रिश्तेदार नवीन कुमार (27) निवासी कोकोवाल मजारी गांव के साथ लुधियाना से लौट रहा था। उन्होंने बताया कि दोनों लोग अड्डा बीनेवाल स्थित अपनी दुकान के लिए कपड़े खरीदने के बाद स्विफ्ट कार में सवार होकर जा रहे थे। जब वे शाहपुर घाटा के पास पहुंचे, तो उन्होंने कार रोक दी और नवीन बाहर निकलकर सड़क किनारे उल्टी करने लगा। अचानक मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश लोग आए और कार के अंदर बैठे आर्यन पर गोलियां चला दीं, जिससे उसके सिर और सीने पर गोली लग गई।

डॉ. कुमार ने बताया कि आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर हमले के तुरंत बाद भाग गये। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल गढ़शंकर ले जाया गया। घटना के संबंध में गढ़शंकर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है तथा आगे की जांच जारी है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063